कार्तिक शुक्ल पक्ष दशमी 06:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 81, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ट्रंप ने सभी सात प्रमुख राज्यों में हैरिस को हराया 16

रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को दिया खास तोहफा 15


## किश्तवाड़ में एक जेसीओ शहीद, तीन जवान घायल

- तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़
- सेना ने की घेराबंदी, तीन-चार आतंकी होने की आशंका

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को हुई मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गए और तीन अन्य घायल हो गए। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर कहा कि नायब सूबेदार राकेश कुमार ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।

वे भारत रिज किश्तवाड़ के सामान्य क्षेत्र में शुरू किए गए संयुक्त ऑपरेशन का हिस्सा थे। इससे पहले सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार सैन्यकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि किश्तवाड़ के केशवान इलाके में शुरू किए गए घेराबंदी एवं तलाशी अभियान के दौरान सर्च पार्टी पर गोलीबारी की गई। जवाबी कार्रवाई पर मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने तीन से चार आतंकवादियों को घेर रखा है। पुलिस के मुताबिक यह आतंकियों का वही समूह है जिसने दो निर्दोष ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) को मार डाला था।

## जहां पलते दुर्दांत व दुष्कर्मी, उसके सीईओ अखिलेश और ट्रेनर शिवपाल

### मुख्यमंत्री ने कटेहरी, मझवा और फूलपुर की सभाओं में किए तीखे हमले, कहा-सपा का पीडीए मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी

- बोले-सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे अतीक अहमद मुख्तार व खान मुबारक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव प्रचार की रैलियों में रविवार को सपा नेतृत्व व नेताओं पर खूब तीखे हमले किए। कहा कि इनके पीडीए का मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी है।

हर दुर्दांत अपराधी माफिया, दुष्कर्मी जिस प्रोडक्शन हाउस से पैदा होते हैं, उसके सीईओ अखिलेश यादव व ट्रेनर शिवपाल यादव हैं। इसके जरिए सपा जनता को तबाह कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कटेहरी, मझवा व फूलपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनसभाएं कीं। तीखा हमला करते हुए कहा कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। यह लोग अपराध के साथ बिजनेस करते थे। गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय, रमेश पटेल, रमेश यादव समेत सात लोगों को माफिया ने भून डाला था। तब सपा सरकार



ने कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन माफिया मुख्तार अंसारी के मरने पर सपा मुखिया वहां फातिहा पढ़ने चले गए। योगी ने कहा कि सपा सरकार में अतीक अहमद के गुंडों ने प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल की निर्मम हत्या कर दी। जब डबल इंजन सरकार आई, तब इस परिवार को न्याय मिला। सरकार ने जब अपना वास्तविक रूप दिखाया तो इनका रामनाम सत्य होने में देर न लगी। योगी ने याद दिलाया कि पिछले साल भाजपा लौहपुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी तब सपा और उसके मुखिया भारत के विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की जयंती मना रहे थे। इन्हें जिन्ना प्यारा है। कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति पर सर्वाधिक अत्याचार सपा शासन के दौरान हुआ। 2015-16 में इन लोगों ने अनुसूचित जाति-जनजाति के बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, उसे भी हमने शुरू कराया। कई मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि जो सरकार गरीब, किसान, युवा की आवाज न सुनती हो, उसे डूब मरना चाहिए। योगी ने कहा कि भाजपा ने सुहेलदेव राजभर को सम्मान दिया, लेकिन सपा को भय है कि ऐसा करेगी तो मुस्लिम वोट खिसक जाएगा। उन्होंने इंडी गठबंधन को देश व समाज के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि इसलिए हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगी। उन्होंने कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवा से सुचिस्मिता मौर्य व फूलपुर से दीपक पटेल को जिताने की अपील की।

### बेटियों की इज्जत से खेलोगे तो पहुंचा देंगे जहन्नुम

कटेहरी में योगी ने कहा कि यह क्षेत्र प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की पावन भूमि है। एक समय जयप्रकाश, डॉ. लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, चंद्रशेखर, जनेश्वर जैसे लोग समाजवादी आंदोलन को नेतृत्व दे रहे थे। तब आदर्श आंदोलन माना जाता था। लेकिन आज देख सपाई, बिटिया घबराई। योगी ने अयोध्या में सपा नेता मोइद खान समेत कन्नौज, लखनऊ व हरदोई आदि की घटनाओं का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि बेटियों की इज्जत से खेलोगे तो जहन्नुम पहुंचा देंगे।

### एक नजर

#### यूपी नीट पीजी की पहली काउंसिलिंग 18 से

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए 18 नवंबर से ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होगी। 25 नवंबर तक अभ्यर्थियों को कालेजों की प्राथमिकता देनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को सीट आवंटन परिणाम घोषित होंगे। 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक दाखिला लेना होगा।

#### पिता-दो बच्चों ने टैंक में कूदकर की आत्महत्या

**सिद्दीपेट।** तेलंगाना के सिद्दीपेट में एक व्यक्ति और उसके दो मासूम बच्चों ने शनिवार को चितनाल टैंक में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान थेलु सत्यम मुधिराज (48), उनके बेटे अश्विन नंदन (07) और उनकी बेटी त्रिवर्णा (05) के रूप में हुई है। विवेकानंद कॉलोनी के निवासी सत्यम एक प्रिंटिंग प्रेस चलाते थे। वह कल शाम बच्चों के साथ घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे।

#### कांस्टेबल ने गोली मारकर की आत्महत्या

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले में रविवार को 27 वर्षीय कांस्टेबल ने सर्विस पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कांस्टेबल के परिवार के एक सदस्य के हवाले से बताया कि वह मानसिक समस्या से ग्रस्त था।

## रिटायरमेंट से 51 दिन पहले एसीएस पर्यावरण को हटाया

### आईएएस मनोज सिंह को शासन ने प्रतीक्षारत करते हुए अनिल कुमार तृतीय को सौंपा प्रभार

- पर्यावरण विभाग के दो और अधिकारियों पर गिरी अनियमितता बरतने के मामले में शासन की गाज
- मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस का हवाला देते हुए लापरवाही बरतने वालों दे चुके हैं कार्रवाई की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दस आईएएस अधिकारियों के कामकाज में परिवर्तन किया है। इस कड़ी में शनिवार की देर रात एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए शासन ने प्रभावशाली नौकरशाह के रूप में पहचान रखने वाले वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मनोज सिंह को रिटायरमेंट से डेढ़ महीने पहले उनके पद से हटा दिया। उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है। उनके विभाग की जिम्मेदारी श्रम एवं सेवायोजन व खनन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार तृतीय को दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार को लेकर समीक्षा बैठकों में निरंतर जीरो टॉलरेंस का हवाला देते हुए लापरवाही बरतने वाले विभागों के मुखिया पर कार्रवाई की चेतावनी देते रहे हैं।



मनोज सिंह

ऐसे में सेवानिवृत्ति से 51 दिन पहले मनोज सिंह से अचानक पदभार छीन लेने को लेकर नौकरशाही में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

मनोज सिंह को 3 जून 2021 को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में तैनाती दी गई थी। इधर, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी गंगा नदी में गंदगी को लेकर गंभीर टिप्पणी की है। ट्रिब्यूनल के अनुसार, गंगा का पानी आचमन के लायक भी नहीं है। एनजीटी ने मुख्य सचिव से चार सप्ताह में इससे निपटने और जल को दूषित होने से रोकने के लिए हलफनामा दाखिल करने को कहा है। उन्हें प्रतीक्षारत करने के पीछे एक कारण यह भी माना जा रहा है। मनोज सिंह वर्ष 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जबकि अनिल कुमार तृतीय 1998 बैच के हैं। नौकरशाही में चर्चा है कि विभाग में व्याप्त अनियमितता और शासकीय कार्यों में लापरवाही की रिपोर्ट निरंतर ऊपर तक पहुंच रही थी। लगभग 80 वन क्षेत्राधिकारियों के ट्रांसफर में बरती गई नियमितताओं को लेकर भी शासन ने बीते अक्टूबर माह में स्पष्टीकरण तलब किया था। इतना ही नहीं शामली की एक व्यावसायिक इकाई को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को बाईपास कर सीधे एनओसी जारी कर देने का प्रकरण भी चर्चा में है।

### स्लॉटर हाउस को एनओसी देने में हैं गड़बड़ियां

**लखनऊ।** इस बीच उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय और उन्नाव के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनिल माथुर को निलंबित कर दिया गया है। स्लॉटर हाउस को एनओसी देने में गड़बड़ी पर यह कार्रवाई की गई है। बताते हैं ये गड़बड़ियां उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष मनोज सिंह के कार्यकाल में हुई थी। उन्नाव और गाजियाबाद में स्थित स्लाटर हाउस को अनधिकृत रुप से अनापत्ति सार्टिफिकेट जारी करने के आरोप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दोनों को निलंबित किया गया है। विवेक राय को गोमतीनगर स्थित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। पहले भी विवेक राय भ्रष्टाचार व वित्तीय अनिमितताओं के आरोप में निलंबित किए जा चुके हैं। निरंतर अनिमितताओं की शिकायत मिलने के बाद मुख्य सचिव ने बोर्ड के चेयरमैन से रिपोर्ट तलब की थी। रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को बोर्ड में व्याप्त अनियमितताओं से अवगत कराया था। इसी के बाद निलंबन की यह कार्रवाई की गई है। माना जाता है कि ऐसे ही मामलों को लेकर भी विभाग के मुखिया को तलब किया गया था। जिसमें उन्होंने अपनी सफाई पेश की थी। अन्य कई अधिकारी भी जांच के घेरे में हैं।

## जाति जनगणना कराने और कई सुविधाएं देने का वादा

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एमवीए का घोषणा पत्र जारी

- लड़कियों को कैंसर के मुफ्त टीके, एक लाख सालाना
- महिलाओं को हर साल 500 की दर से छह रसोई गैस सिलेंडर

मुंबई, एजेंसी



मुंबई में एमवीए का घोषणा पत्र जारी करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले।

विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें नौ से 16 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्विकल कैंसर के मुफ्त टीके और मासिक धर्म के दौरान महिला कर्मचारियों के लिए दो वैकल्पिक अवकाश का वादा किया गया है। महाराष्ट्रनामा शीर्षक वाले घोषणापत्र में जाति आधारित जनगणना, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए अलग विभाग की स्थापना, बाल कल्याण के लिए मंत्रालय का गठन और महिलाओं को हर साल 500 रुपये की दर से छह रसोई गैस सिलेंडर देने का भी वादा किया गया है। गठबंधन ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए निर्भय महाराष्ट्र नीति बनाने और शक्ति कानून लागू करने का वादा भी किया। 18 वर्ष की आयु होने पर प्रत्येक लड़की को एक लाख रुपये देने का भी आश्वासन दिया।

मुंबई में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए एमवीए का घोषणापत्र जारी किया, जहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत भी मौजूद थे। एमवीए द्वारा घोषित लोकलुभावन योजनाओं पर सवालों का जवाब देते हुए खरगे ने कहा कि हमें सरकार दीजिए और हम आपको बजट देंगे। उन्होंने कहा कि अगर आप गरीबों की मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, तो आपको कोई न कोई रास्ता मिल ही जाएगा। सुले और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि अगर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में वृद्धि और भ्रष्टाचार को रोका जाए तो पर्याप्त धन उपलब्ध होगा। घोषणापत्र में युवाओं के कल्याण के लिए युवा आयोग की स्थापना, बेरोजगार शिक्षित स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को 4,000 रुपये प्रति माह भत्ता और राज्य सरकार में 2.5 लाख पदों पर भर्ती का आश्वासन भी दिया गया है। 300 यूनिट तक उपयोग पर मासिक 100 यूनिट तक बिजली बिल में छूट का आश्वासन भी दिया।

## खड़े कंटेनर से भिड़ी कार पिता और दो बेटों की मौत

- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह हुआ हादसा

संवाददाता, हसनगंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** गाजियाबाद से बिहार जाते समय पिता व उनके दो बेटों की तेज रफ्तार कार लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर खड़े कंटेनर में पीछे से घुस गई। घायल पिता व दोनों बेटों को यूपीडा कर्मियों ने रेस्क्यू कर लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल भेजा। जहां तीनों की मौत हो गई। बिहार के गया जिला निवासी संजय सिंह गाजियाबाद में व्यवसाय करते थे। शनिवार रात वह अपने बेटे गौरव (32) व सौरभ (30) के साथ गया जाने के लिए कार से निकले थे।

रविवार सुबह करीब सात बजे उन्नाव के हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मटरिया गांव के पास अचानक कार चला रहे गौरव को झपकी आ गई और तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कंटेनर आगे खिसक गया। इसमें कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे लोग उसी में फंसे रहे। यूपीडा कर्मियों ने पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकाला। सांसें चलती देख उन्हें लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तीनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को दी। हसनगंज कोतवाल ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू किया, हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ भेजा गया जहां उनकी मौत हुई है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त स्कार्पियो।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, 4 घायल

**लखनऊ।** काकोरी इलाके में आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात करीब दो बजे किनारे खड़े कंटेनर में कार टकरा गई। हादसे में आयुष (24) की मौत हो गई, 4 लोग घायल हो गए। पारा न्यू डॉक्टर खेड़ा निवासी महेंद्र नाथ हरदोई कृषि विभाग कटियार फार्म में मैनेजर हैं। रविवार को बेटी आकांक्षा उर्फ वर्षा की शादी थी। आयुष बहन की शादी की तैयारियों में लगा था। शनिवार देर रात आयुष मामा विवेक, रिश्तेदार गुलशन, रजनीश और राकेश के साथ मैगी खाने कार से आगरा एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा गया था। रात करीब दो बजे घर लौटते वक्त आयुष की कार माइल स्टोन 296 के पास सड़क किनारे खड़े कंटेनर में टकरा गई। घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

## हाथियों ने दो बच्चों को कुचलकर मार डाला

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में हाथियों ने दो बच्चों को कुचलकर मार डाला। शनिवार रात करीब एक बजे सोते समय हाथियों का दल झोपड़ी में घुस गया। पति-पत्नी और तीन बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन दो बच्चे नहीं निकल सके। जिन्हें हाथियों ने रौंद दिया। यह मामला सूरजपुर वनमंडल के प्रेमनगर के महेशपुर के आश्रित गांव चितखई का है जहां जंगल में परिवार झोपड़ी बनाकर रह रहा था। 11 हाथियों के दल ने झोपड़ी को भी तहस-नहस कर दिया। बताया जाता है कि, बिखू पंडो अपनी पत्नी और पांच बच्चे के साथ झोपड़ी में सो रहा था। हाथियों ने अचानक झोपड़ी पर हमला कर दिया।

## न्यायमूर्ति खन्ना आज लेंगे सीजेआई पद की शपथ

**नई दिल्ली।** चुनावी बॉण्ड योजना को खत्म करने और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने जैसे सुप्रीम कोर्ट के कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सोमवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति खन्ना, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे जो रविवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति खन्ना का कार्यकाल 13 मई 2025 तक रहेगा। केंद्र ने 16 अक्टूबर को प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की सिफारिश के बाद 24 अक्टूबर को न्यायमूर्ति खन्ना की नियुक्ति को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया।



- 51वें प्रधान न्यायाधीश होंगे

## जल्द पड़ने वाली है कड़ाके की सर्दी, 15 से मौसम में बदलाव

- माह के अंत तक पड़ने लगेगी सनसनाती सर्दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कड़ाके की सर्दी जल्द शुरू होने वाली है। 15 नवंबर के बाद विभिन्न जिलों का मौसम बदलेगा और माह के अंत तक सनसनाती सर्दी पड़ने लगेगी। हालांकि नवंबर के बावजूद इस साल उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी ठंड का असर अभी देखने को नहीं मिल रहा है। केवल रात में और सुबह ही लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है।

हर साल नवंबर महीने या दिवाली के बाद मौसम बदल जाता था और लोग गर्म कपड़े पहन लेते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल पश्चिमी विक्षोभ का असर काफी कम है। पहाड़ों पर बर्फबारी नहीं हो रही है जिससे मैदानी क्षेत्रों में ठंड का असर नहीं है। पहले के वर्षों में नवंबर तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाता था जिससे पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो जाती थी, मैदानों में भी बारिश होती थी। जिससे कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती थी। फिलहाल, दो-तीन दिन तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौसम इसी तरह सामान्य रहेगा। रात में ठंड, सुबह में कोहरा तथा दिन में धूप रहेगी। हालांकि 15 नवंबर से ठंड का एहसास होना शुरू हो जाएगा। मासांत तक सनसनाती सर्दी महसूस होने लगेगा।

## गैंगस्टर बबलू श्रीवास्तव की समयपूर्व रिहाई याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि उसने गैंगस्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव की समयपूर्व रिहाई की नवीनतम याचिका को खारिज कर दिया है, जो 1993 में अतिरिक्त सीमा शुल्क कलेक्टर की हत्या के लिए बरेली सेंट्रल जेल में उम्रकैद काट रहा है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ को अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने बताया कि श्रीवास्तव ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है और समयपूर्व रिहाई के लिए दायर याचिकाओं का खुलासा नहीं किया है। पीठ ने 8 नवंबर के आदेश में श्रीवास्तव के वकील से अब तक दायर याचिकाओं के आदेश और केस रिकॉर्ड दाखिल करने को कहा। श्रीवास्तव ने समयपूर्व रिहाई पर विचार के वास्ते सरकार को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।



- उप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

**आकर्षण** बाघ, हाथी और गैंडे ही नहीं, बस चुका है रंग-बिरंगे पक्षियों का सुंदर संसार, इन दिनों झादीताल, ककरहा ताल समेत कई जलाशयों में मेहमान पक्षियों का बसेरा

## दूर देशों के पक्षियों के कलरव से गूंज रहे दुधवा के जलाशय

रामचंद्र शुक्ल, पलिया कलां (खीरी)

**अमृत विचार :** दुधवा के जंगलों में सिर्फ बाघ, हाथी और गैंडे ही नहीं वास करते हैं बल्कि यहां के जंगल और जलाशय रंग-बिरंगे और दिलकश पक्षियों से भी भरे पड़े हैं। इन दिनों दुधवा टाइगर रिजर्व की किशनपुर सेंच्युरी का झादीताल और ककरहा तालाब मेहमान पक्षियों के कलरव से गुलजार होने लगा है। सर्दी की दस्तक के साथ ही ठंडे देशों से हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर आए मेहमान पक्षी आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।



दुधवा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाने वाली पक्षियों की लगभग 1250 प्रजातियों में से लगभग 450 प्रजातियां दुधवा टाइगर रिजर्व परिक्षेत्र में हर साल ठंड में आती हैं। इन पक्षियों का कलरव यहां के जलाशयों, नदी- नालों, नम भूमि वाले घास के मैदानों, गगनचुंबी साखू, शीशम, सागौन, जामुन आदि के पेड़ों व झाड़ियों के झुरमुट आदि में देखते ही बनता है। पक्षियों की चहचहाहट और किलोल सुनने के लिए सैलानियों का तांता लग जाता है। इनमें साइबेरिया, चीन, जापान, रूस, तिब्बत और नेपाल आदि देशों की गगनचुंबी बर्फीली पहाड़ियों से मेहमान बनकर आने वाले विविध आकर्षक प्रवासी पक्षी भी शामिल होते हैं। यह संयोग की ही बात है कि जब दुधवा टाइगर रिजर्व (जिसमें दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर वन्य जंतु बिहार एवं कतर्नियाघाट घाट वन्य जीव विहार शामिल हैं) देशी -विदेशी पर्यटकों के लिए खोला जाता है, उसी समय अत्यंत सुंदर एवं मनमोहक प्रवासी पक्षियों का आगमन भी शुरू हो चुका होता है। जिन्हें देखते ही पर्यटक मंत्रमुग्ध हो उठते हैं।

### सर्दियों में आते हैं ये प्रवासी पक्षी

प्रवासी पक्षियों की जो प्रजातियां यहां स्वत: उगे वृक्षों, जल एवं नम प्रान्त वाले भूभागों आदि में अपना आवास बनाकर शीत ऋतु के चार माह बिताती हैं। उनमें पिनटेल, कामनटील, पोचर्ड, स्पाट विल, बंगाल फ्लोरिकन, विजन, कूट, मेलार्ड, ग्रेनेज गूज, सुर्खाव, शावलर आदि प्रमुख हैं। चिंता की बात है कि दुधवा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जल भाग वाले भूखंडों पर तेजी से अतिक्रमण हो रहा है और यहां विभिन्न कारणों से फैल रहा प्रदूषण पक्षियों पर बुरा प्रभाव डाल रहा है।

> दुधवा न केवल जलचर, थलचर जीवों से समृद्ध है, बल्कि 450 प्रजातियों के परिंदे यहां की जैव विविधता बनाए हुए हैं। यहां पाए जाने वाले पक्षी यहां की मनोनुकूल जलवायु, बेहतर भौगोलिक परिस्थितियां, मनपसंद आहार, स्वादिष्ट जल व सुरक्षित शरण स्थल इत्यादि पाकर अपने जीवन के विविध रासरंग रच आने वाले सैलानियों को आह्लादित करते रहते हैं।
>
> **-ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा।

### दुधवा में हैं अद्भुत भारतीय पक्षी

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के विभिन्न क्षेत्रों में आठ प्रकार के बगुले, कई प्रकार के सारस, चार प्रकार के विटर्न्स, तीन प्रकार के जल कौवे, कई प्रकार के गिद्ध, चील, बाज, तोते सहित टिटहरी, बटेर, गौरैया, फाख्ता, धोबिन अंगिया, पतरंगा, बुलबुल, मुनिया, कठफोड़वा, सिलौटी, कबूतर, मोर, उल्लू चमगादड़, कोयल, पपीहा, खंजन, सारंग, धनवास, निकुही, तीतर, हरियल, कौवे, हुदहुद, धनेश आदि अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं।

## एक नजर

### अल्पसंख्यक होते जा रहे सवर्णों के लिए बने सवर्ण आयोग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सवर्ण मुखिया एवं कांग्रेस विचार विभाग के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे ने अल्पसंख्यक होते जा रहे सवर्णों के लिए सवर्ण आयोग बनाने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा, आज की महंगाई में सवर्ण की दशा दयनीय हो चुकी है। हिंदुओं में जितनी भी जातियां हैं उनमें भी सवर्णअल्पसंख्यक हो चुके हैं अतः उनको अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा जब कई जातियों और धर्म के आयोग बने फिर अब तक सवर्ण आयोग क्यों नहीं बनाया गया।

### वोट बनाने के लिए छुट्टी में खुले बूथ वाले स्कूल

**कन्नौज।** इन दिनों जनपद में विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। सभी 1522 बूथों पर रविवार को दूसरे दिन विशेष अभियान चला। इस दौरान वह परिषदीय स्कूल भी खुले जो मतदान केंद्र हैं। इसमें बीएलओ व पदाभिहित अधिकारी प्रपत्रों के साथ पहुंचे। नवंबर में चार विशेष अभियान हैं। इसमें वोट बनाने, नाम-पता संशोधन कराने व गलत नाम हटाने वाले फार्म के साथ बीएलओ, लेखपाल व पदाभिहित अधिकारी की मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। दो विशेष अभियान हो चुके हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया है कि दो दिन के अभियान में कितने आवेदन आए उसकी जानकारी सोमवार को होगी। फार्म छह, सात व आठ का प्रयोग जरूरतमंदों ने किया। जो युवक-युवतियां एक जनवरी 2025 को 18 या उससे अधिक उम्र पूरी कर रहे हैं वह अपने बीएलओ/ पदाभिहित अधिकारी से फार्म छह लेकर भर दें। इसके बाद नाम मतदाता सूची में आ जाएगा। अब 23 और 24 नवंबर को भी विशेष अभियान सभी 1522 बूथों पर चलेगा।

### झूला झूल रही किशोरी के बाल उलझकर उखड़े

**कन्नौज।** तालग्राम के ग्राम माधौनगर में लगे मेले में झूला झूलते समय किशोरी के बाल झूले के डंडे में लिपट गए। जब तक झूले को रोका जाता तब तक सिर के सभी बाल खाल समेत उखड़ गए। इससे किशोरी बुरी तरह से घायल हो गई। उसे लखनऊ स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया। बता दें कि माधौनगर में दो दिवसीय मेला लगा है। मेला परिसर में झूले लग गए हैं। शनिवार की शाम अनुराधा (14) पुत्री धर्मेंद्र कटेरिया झूला झूलने चली गई। झूलते समय उसके बाल बेलन में लिपट गए। जब तक झूला रोका गया किशोरी के बाल जड़ से उखड़ गए।

परिषदीय स्कूलों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट की तैयारियों को लेकर दिए गए निर्देश

# निपुण परीक्षा के बाद ओएमआर शीट उसी दिन की जाएगी स्कैन



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, सीडीओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यार्थियों के लिए 25 व 26 नवंबर को निपुण एसेसमेंट टेस्ट होगा। ओएमआर शीट पर होने वाली परीक्षा के लिए जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने बैठक कर अधिकारियों को कई निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालयवार सील प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट एक दिन पहले ही विद्यालयों में पहुंच जाएं। शिक्षक अच्छी तरह से परीक्षा कराएं। परीक्षा के बाद ओएमआर शीट की स्कैनिंग अनिवार्य रूप से उसी दिन मोबाइल में परख एप से करनी होगी। ओएमआर शीट को सील करके दो माह तक परिणाम जारी होने तक विद्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा। परीक्षा के दिन सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति होनी चाहिए। इसके लिए अभिभावकों के साथ पहले ही बैठक कर ली जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थियों को ओएमआर शीट भरने का अभ्यास कराया जाए। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, पीडी डीआरडीए रामऔतार, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, बीएसए संदीप कुमार रहे।

### चार दिसंबर को परख परीक्षा होगी

- एनसीईआरटी एवं सीबीएसई के सहयोग से चार दिसंबर को देश के 88,000 विद्यालयों में एक साथ परख राष्ट्रीय सर्वे (परीक्षा) 2024 किया जा रहा है। इस सर्वे में कक्षा तीन, छह व नौ के विद्यार्थी शामिल होंगे। यह सर्वे भी ओएमआर पर होगा। इसके लिए जनपद से कुल 122 केंद्र किसी भी बोर्ड के मान्यता प्राप्त विद्यालय में से होंगे। जिलाधिकारी ने सभी राजकीय, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त, संस्कृत, मदरसा, सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों को ओएमआर शीट प्रैक्टिस कराने को कहा।

### शिक्षक नहीं रहेंगे छुट्टी पर

- जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वे में विद्यार्थियों के अलावा संबंधित कक्षा के शिक्षक और प्रधानाध्यापक/ प्रधानाचार्य से भी कुछ सामान्य प्रश्नावली से उत्तर लिए जाएंगे। सर्वे वाले दिन सभी विद्यालय समय से तैयारी के साथ खुलेंगे। संबंधित कक्षा में पढ़ाने वाले कोई भी शिक्षक अवकाश पर नहीं रहेंगे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## एचटी लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ट्रैक्टर ट्राली से खेत में घूरा डालते समय किसान एचटी लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास मौजूद लोग उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना तालग्राम के ग्राम नरुइया निवासी सोनू यादव (26) पुत्र जगदीश यादव रविवार की दोपहर बाद लगभग 03 बजे खेत में ट्रैक्टर ट्राली से घूरा डाल रहा था। तभी ट्राली एचटी लाइन में छू गई और करंट की चपेट में आने से किसान झुलस गया। खेतों में काम कर रहे लोग दौड़ पड़े और झुलसे किसान को सराय प्रयाग स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची तालग्राम थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की है।

## सार-संक्षेप



पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को नमन करते लोग। अमृत विचार

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गोपाल नगर स्थित प्रतिष्ठान पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय दादा गोपाल गुप्ता की 58वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गोष्ठी व भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने कहा कि उनके दादा ने गांधी जी के साथ रहकर आजादी की लड़ाई में भाग लिया और देश को आजाद कराने में अपने जीवन का बलिदान दिया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, मंत्री असीम अरुण, विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय, नरेन्द्र राजपूत, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह, सन्दीप चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पूर्व चेयरमैन छिबरामऊ राजीव दुबे, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, हरीवख्श, राम वीर कठेरिया, जीतू तिवारी, राजीव ठाकुर, चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, संजू गुप्ता, शैलेन्द्र द्विवेदी, श्यामू राजपूत ,डा. सुभाष दूबे, उषा दुबे, शैलेंद्र सिंह, सौरभ गुप्ता, राजीव वर्मा, दीपक गुप्ता, विनय वर्मा, धर्मेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 408 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार को भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) के तत्वावधान में डॉ. अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। जिला प्रभारी संत कुमार निराला के निर्देशन में पी. वी. इण्टर कॉलेज प्रेमपुर, ओम प्रकाश कुमार के निर्देशन में श्याम काल खण्डेलवाल इं. कॉ. विशुनगढ़ व महेन्द्र कुमार भारती के द्वारा बृजमोहन सिंह विमला देवी इं. कॉ. में परीक्षा कराई गई। पंजीकृत 452 छात्र छात्राओं में से कुल 408 ने परीक्षा दी। भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) की कन्नौज इकाई के जिला अध्यक्ष सन्त कुमार निराला ने बताया कि प्रतियोगिता बच्चों के भाषा, गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान के साथ-साथ मुख्य समाज सुधारकों व महापुरुषों के जीवन व कार्यों से परिचय कराती है। पर्यवेक्षक अशोक कुमार, प्रभारी सन्दीप, माधव, आयोजक आशा राम के साथ किताब सिंह, कंचन सिंह, हरेन्द्र नाथ राम, रविन्द्र कुमार, राजीव कुमार, राम किशोर सिंह, राजीव कुमार व विजय लक्ष्मी आदि का विशेष योगदान रहा।

### कल ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर जाएंगे विद्यार्थी

**कन्नौज।** परिषदीय स्कूलों के करीब 200 छात्र-छात्राओं को 12 नवंबर को एक दिवसीय भ्रमण यात्रा पर ले जाया जाएगा। बीएसए संदीप कुमार के पत्र के मुताबिक कानपुर के ऐतिहासिक स्थल बिठूर, चिड़ियाघर एवं जेके मंदिर में विद्यार्थियों को घुमाकर वहां की जानकारी दी जाएगी। जनपद से 200 छात्र-छात्राओं का लक्ष्य दिया गया है उसके सापेक्ष 160 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई है। हर ब्लॉक क्षेत्र से 20-20 बच्चों का चयन किया गया गया। इनको बसों से भेजा जाएगा। साथ में दो-दो शिक्षकों को भी भेजा जाएगा। इसके अलावा बीईओ विपिन कुमार व जिला समन्वयक शैलेंद्र प्रताप सिंह भी जाएंगे। बीएसए ने अभिभावकों से सहमति पत्र जरूर लेने को कहा गया। ब्लॉक जलालाबाद, तालग्राम, सौरिख, कन्नौज, हसेरन, गुगरापुर, उमर्दा व छिबरामऊ की चयन सूची वायरल हो रही है।

# आंवला के पेड़ की पूजा कर मांगा अक्षय सुख

संवाददाता छिबरामऊ कन्नौज

**अमृत विचार।** कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अक्षय नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। आंवला के पेड़ की पूजा कर महिलाओं ने मनौती मांगी और अपने परिवार के लिए अक्षय सुख की कामना की। पूजा के बाद वहीं पर घर से लाया खाना खाया।

नगर में सौरिख रोड पर प्राचीन ककरारी तालाब के पास बगिया में आंवला के बरसों पुराने दो पेड़ हैं। महिलाओं की सबसे ज्यादा भीड़ यहीं पर जुटती है। रविवार को पेड़ की पूजा के बाद महिलाओं ने उस पर सूत लपेटते हुए परिक्रमा की और खील के दाने पीछे पेड़ की तरफ उछाले। तत्पश्चात आरती की और फिर घर से बना कर लाया भोजन वहीं बैठकर खाया। उधर असालत



आंवला के वृक्ष की पूजा करती सुहागिन महिलाएं। अमृत विचार

नगर स्थिति नारायण वाटिका मे भी आंवले के वृक्ष की पूजा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा हमारे सभी त्योहार सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी ने आंवला के पेड़ की पूजा व परिक्रमा की।

# 344 शिक्षकों के समायोजन पर बनी असमंजस की स्थिति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सरप्लस शिक्षकों से 11 नवंबर तक मांगे गए थे स्कूलों के विकल्प
- लखनऊ खंडपीठ के निर्णय के बाद विभागीय से अब तक नहीं आया कोई आदेश

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों के अंतः जनपदीय समायोजन की प्रक्रिया को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। तीन दिन पहले हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ ने जूनियर शिक्षकों के पक्ष में फैसला दिया है इस वजह से समायोजन का पेंच फिर से फंसता नजर आ रहा है। हालांकि इस बाबत अब तक बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से कोई पत्र नहीं आया है। जनपद के 344 शिक्षक-शिक्षिकाओं का नाम सूची में लॉक है।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने सात से 11 नवंबर तक सरप्लस शिक्षकों से विद्यालयों के विकल्प भरने का मौका दिया है। एक-एक शिक्षक को 25 विद्यालयों तक के नाम ऑनलाइन मांगे गए। जिले से पहले ही परीक्षण के बाद डाटा लॉक हुआ था।

तीन दिन पहले हाईकोर्ट की एकल पीठ का निर्णय जूनियर शिक्षकों के हित में आ गया। खास बात यह है कि समायोजन सूची में सभी जूनियर शिक्षकों के नाम ही शामिल हैं। इस बाबत बीएसए संदीप कुमार का कहना है कि कोर्ट का निर्णय आया है उसकी जानकारी खबरों से मिली है लेकिन अब तक विभागीय उच्चाधिकारी की ओर से कोई आदेश नहीं मिला है। समायोजन संबंधी नया निर्देश मिलने पर ही कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने बताया कि 344 शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची लॉक की गई है। उसके सापेक्ष 348 परिषदीय स्कूलों के विकल्प जारी किए गए हैं। इन स्कूलों में अध्यापकों की कमी है। उसकी अपेक्षा छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक हैं।

### 100 स्कूलों में प्रधानाध्यापक ही नहीं

जारी हुई स्कूलों की सूची में 100 से अधिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक ही नहीं हैं। उनके स्थान पर सहायक अध्यापक ही प्रभारी प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। चर्चा है कि फैसला एकल पीठ से आया है। सरकार आगे डबल पीठ में भी अपील कर सकती है।





कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार देते मुख्यअतिथि। अमृत विचार



समारोह में प्रस्तुतियां देते बच्चे।

# रंगमंच पर उतरा परीलोक, झिलमिलाये नन्हें सितारे

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

एस.एन. प्रधान फाउंडेशन के छात्रवृत्ति वितरण व विद्यालय के संस्थापक दिवस समारोह में नन्हें मुन्ने बच्चों ने सतरंगी रोशनी से नहाए रंगमंच पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से परीलोक साकार किया।

शनिवार की शाम सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी की खुबरियापुर शाखा में आयोजित इस समारोह का शुरुआत मुख्य अतिथि सीमेट्स यूनीवर्सिटी चेन्नई के पूर्व कुलपति डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को आधुनिक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अधिक से अधिक ज्ञानार्जन का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल आर्केस्ट्रा सिम्फैनी की संगीत प्रस्तुति में बच्चों ने जलवा बिखेरा। फील द पल्स में बच्चों ने एरोबिक्स, जुम्बा एवं योगा का प्रदर्शन किया। हिन्दी नाटक 'गंगाराम', भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक व भरतनाट्यम ने तालियां बटोरीं। संस्था के प्रबन्धक प्रदीप प्रधान ने बताया कि हम जनपद के मेधावियों को सम्मानित करते हैं। प्रशासिका सुधा प्रधान, प्रमुख शिक्षाविद् पूनम शर्मा व सीईओ. विश्वास प्रधान, कन्वीनर मधू प्रधान ने भी विचार व्यक्त किये। प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने स्वागत भाषण दिया। विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य शिक्षक, विद्यार्थी रहे।

### नकद पुरस्कार व ट्राफी पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के 26 विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं उपहारों से नवाजा गया। अंग्रेजी भाषा की लिखित परीक्षा के स्नातक वर्ग में नेहरु कॉलेज की छात्रा दिव्यांशी प्रथम, आंशी दीक्षित द्वितीय, प्रियंका यादव ने तृतीय स्थान पाया। इंटरमीडिएट वर्ग में सेंट पॉल्स स्कूल की अनुष्का प्रथम, जेपीएस की शाम्भवी दीक्षित द्वितीय, सरस्वती विमं तिर्वा के क्षितिज सिंह तृतीय रहेकिया। हाईस्कूल वर्ग में पलक आज़ाद प्रथम, राज राठौर द्वितीय व शाश्वत मिश्रा तृतीय रहे।

# रामहि देखि बरात जुड़ानी प्रीति की रीति न जाति बखानी

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

प्रभु श्री राम की बरात के नगर में भ्रमण के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। बरात में एक दर्जन से ज्यादा झांकियों को शामिल किया गया था। बारात के शुभारम्भ मौके पर पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे ने विघ्न विनाशक भगवान गणेश की आरती उतारी।

सिकंदरपुर में आयोजित होने वाली रामलीला के दौरान रविवार को प्रभु श्री राम की भव्य बारात का आयोजन हुआ। भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के मैदान से भगवान श्रीराम की बारात का प्रस्थान हुआ। सिकंदरपुर के पूर्व अध्यक्ष रजनीकांत दुबे ने भगवान श्री गणेश की आरती पूजन के साथ भगवान प्रभु श्रीराम दरबार की आरती उतारी। इसके साथ ही बरात नगर के मुख्यमार्ग व मोहल्लों से होती हुई राम लीला मैदान पहुंची। बरात



भगवान की आरती उतारते पूर्व चेयरमैन।

के नगर में भ्रमण के दौरान भक्तों ने श्रीराम दरबार की आरती उतार कर पुष्प वर्षा की। रामलीला समिति अध्यक्ष सिंटू दुबे के साथ ही अभय दुबे,प्रमोद राजपूत,पुनीत सविता, ददुआ शुक्ला,अमित सविता,विवेक चौवे,संजू रावत,अमित सक्सेना,लल्ला शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नंदना, वि.ख. राजपुर, कानपुर (दे0)**

पत्रांक: मेमो / निविदा– मनरेगा / ग्रा.पं. / नन्दना/ 2024–25, दिनांक: 11.11.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत नन्दना में मनरेगा/ ICDS) पंचम राज्य वित्त व केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नन्दना में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लघु सिंचाई/लोक निर्माण विभाग/व्यापार कर में पंजीकृत ठेकेदारो/ बिल्डिंग मटेरियल आपूर्ति कर्ताओं से निर्माण कार्य कार्य हेतु अलग– 2 मुहर बन्द निविदायें दिनांक 26–11–2024 तक अपरान्हन 3 बजे ग्राम पंचायत नन्दना में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 4 बजे अपरान्हन अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा की दरे जी0एस0टी कर साहित मान्य होगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य स्थल का विवरण | सामग्री आपूर्ति की अवधि | अनुमानित लागत सामग्री का अंश | अधरोह धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत नन्दना में प्राथमिक विद्यालय नन्दना में आगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | प्राथमिक विद्यालय नन्दना | 15 दिन | 1047281.00 | 20946.0 | 500 |

नियम व शर्ते :–
1. निविदा प्रयत्र केवल पंजीकृत फर्म ठेकेदार को ही निर्गत की जायेगी,
2. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र FDR जो सचिव ग्राम पंचायत के पद के नाम बंधक हो जमा करनी होगी।
3. निविदा स्वीकृत किये जाने की दशा में निविदा दाताओ को अनुबंध करते समय निविदा अनुसार स्टाम्प शुल्क देना होगा।
4. निविदा की बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास निहित रहेगा।

मंजू देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत नन्दना,
वि0ख0 –राजपुर, कानपुर (दे0)

विपिन यादव
सचिव
ग्राम पंचायत– नन्दना,
वि0ख0 –राजपुर, कानपुर (दे0)

राम बारात — नयनाभिराम झांकियां को देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु, लगाई जय श्रीराम की जय-जयकार

# सिया को ब्याहने बारात लेकर जनकपुरी पहुंचे रघुराई

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** श्री राम चरित मानस अखिल चेतना मंच की ओर से भव्य श्रीराम बारात का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान, प्रतिनिधि सहित स्थानीय लोगों ने तिलक व पुष्पवर्षा की स्वागत किया। झांकियों को देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही।

शनिवार की देर रात श्री राम की बारात का शुभारंभ ग्राम जलालाबाद स्थित मणिभूषण शिक्षण संस्थान से किया गया। जहां ग्राम प्रधान मीना वाथम व प्रतिनिधि हरीओम वाथम (लालू) ने श्री गणेश, श्री राम, लक्ष्मण सहित सभी रथों पर विराजमान



बारात में श्रीराम –लक्ष्मण और गुरू विश्वामित्र की झांकी।



श्री गणेश की पूजा अर्चना करती प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि।

देवी देवताओं का तिलक कर स्वागत किया। बारात मोहल्ला कहरौदा होते हुए पठकाना के गांधी चौक अखिल नगर, सदर बाजार, जीटी रोड होती हुई वीडी तिवारी इंटर कॉलेज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से वापस मनीभूषण शिक्षण संस्थान परिसर में सम्पन्न हुई। इसके बाद अखिल नगर में चल रही रामलीला में श्री राम माता सीता का विधि विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया बारात देखने के लिए महिला, पुरूष सहित बच्चों की भीड़ देर रात तक लगी रही। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा व तिलक कर बारात में मौजूद 31 संजीव व निर्जीव, पैदल झांकियों का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था में जसोदा चौकी प्रभारी सुनील कुमार चौधरी, नीरज कुमार, मझपुर्वा चौकी प्रभारी श्यामपाल सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद रहे। इस दौरान संरक्षक मंडल के अनिल दुबे, सत्येंद्र उर्फ छन्नू दुबे, सुनील श्रीवास्तव, अध्यक्ष सागर वर्मा, अमन तिवारी, हिमांशु दुबे, पीयूष दुबे, सचिन मिश्रा, आशु शर्मा, सोनम तिवारी, शुभम दुबे, निकेश सक्सेना कमलकांत कटियार, गोलू पाठक, कन्हैया तिवारी, विनीत तोमर, सौरभ पाठक, विभू तिवारी, नंदन दुबे आदि मौजूद रहे।

**व अदालत उपजिलाधिकारी तिर्वा जनपद–कन्नौज**

वाद सं0–टी0– 202303390307380 सन्– 2024
अन्तर्गत धारा– 210 उ0प्र0भू0राजस्व अधि01901
ग्राम– उमर्दा
पर0–तिर्वा, जनपद कन्नौज

**सिपाही लाल आदि**
बनाम
**विनोद कुमार आदि**

1– श्री विनोद कुमार व अशोक कुमार व नीलेश कुमार पुत्रगण स्व0 मोतीलाल, निवासी– बसाबन मौजा असौलिया तह0– छिबरामऊ जनपद–कन्नौज। 2– व विटोली देवी बेवा मोतीलाल नि0 उक्त।, 3–संतोष कुमार पुत्र स्व0 मोती लाल नि0– B433 न्यू फ्रेन्डस कालोनी नई दिल्ली–दिल्ली, 4– सतीश चन्द्र व दिनेश चन्द्र व विनोद कुमार व राजू पुत्रगढ़ स्व० सोवरन, नि0गण–रामपुर, मौजा–जलालपुर कन्नौज, 5– प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 सोवरन, निवासी– सुभाषनगर गुरूसहायगंज, जनपद–कन्नौज, 6– रमेश सिंह पुत्र जय सिंह नि0 कटकैया, गुरुसहायगंज, कन्नौज, 7– भू0प्र0रा0 मौजा, उमर्दा द्वारा ग्राम प्रधान उमर्दा तह0 तिर्वा, कन्नौज ।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि न्यायालय में उपरोक्त वाद में आप की उपस्थित हेतु दिनांक–11/11/2024 मुर्कररि है।

अतः आप दिनांक–11/11/2024 को न्यायालय में उपस्थित आकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, नियत तिथि पर आपका पक्ष न प्रस्तुत होने की दशा में यह समझते हुये कि उक्त वाद में आपको अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करना है और वाद में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

उप जिलाधिकारी,
तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र मोहम्मद इब्राहिम की कक्षा–10(अनुक्रमांक–23238078 सी0बी0एस0सी0 बोर्ड) की मार्कशीट व प्रमाण–पत्र में त्रुटिवश पिता का नाम गुलरेज अहमद अंकित हो गया है जबकि वास्तविक व पूर्ण नाम मोहम्मद गुलरेज है। मो0 इब्राहिम की उक्त मार्कशीट व प्रमाण–पत्र में सही नाम मोहम्मद गुलरेज (MOHAMMAD GULREZ) दर्ज किया जाना आवश्यक है। **–मोहम्मद गुलरेज पुत्र मो0 इज़हारूल हक़, निवासी–538के/586 तुलसी पुरम्, जमा मस्जिद, निराला नगर, लखनऊ, उ0प्र0–226020**

**सूचना**

प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति की चौथी बैठक ब्लाक टोडरपुर की न्याय पंचायत उमरौली के ग्राम कमालपुर मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की चौथी संगठनात्मक बैठक पूर्व निर्धारित समय व तिथि पर आयोजित की जाएगी। **रज्जन कश्यप, मो0– 9598461370**

**नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखण्ड महमूदाबाद की न्याय पंचायत पोखारा कलाँ, के मदुआ समुदाय/अनुसूचित जाति के मत्स्य पालकों को नदी पर मत्स्य आखेट हेतु मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन कराने के सम्बन्ध में आवश्यक बैठकें कराने हेतु ग्राम सुहेला के प्राथमिक विद्यालय के बाहर के प्रांगण में दिनांक 13,16, 19 अक्टूबर नवम्बर 2024 क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बैठकों का आयोजन समय 10: 30 बजे प्रातः / सांयः किया जायेगा। उक्त न्याय पंचायत में सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। **राजित राम पिता वीपति, निवासी– ग्राम सुहेला, मो0– 9650607189 सहभागी– राजेश / सुषमा देवी पत्नी राजेश कुमार, मो0– 7607375964**

**नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखण्ड महमूदाबाद की न्याय पंचायत बकहुँआ बाजार के मदुआ समुदाय/अनुसूचित जाति के मत्स्य पालकों को तालाब नदी पर मत्स्य आखेट हेतु मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन कराने के सम्बन्ध में आवश्यक बैठकें कराने हेतु ग्राम गोपालपुरखा (गुड़ैया) आंनवाणी (II) खाली स्थान के प्रांगण में दिनांक 12, 15, 18 नवम्बर 2024 को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बैठकों का आयोजन समय 11: 00AM बजे प्रांतः/सांयः किया जायेगा। उक्त न्याय पंचायत में सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
**राजेश कुमार पिता राम सेवक निवास– ग्राम गोपालपुरवा, गुडैचा**

**आज का मौसम**

सोमवार को धूप खिली रहने की संभावना है।

32.0° अधिकतम तापमान | 18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:27 | सूर्यास्त 05:25

## एक नजर

### ऑपरेशन क्लीन के तहत नीलाम होंगे वाहन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली परिसर में काफी समय दिनों से खड़े मुकदमाती वाहन धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। कोतवाली पुलिस के हेड मोहर्रिर पवन कुमार शर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में वाहनों की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिन वाहन स्वामियों के वाहन थाने पर खड़े हैं। उनके लिए नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। अगर वाहन स्वामी नियमानुसार 15 दिनों के अंदर अपने वाहन को रिलीज नहीं कराते हैं। तो ऑपरेशन क्लीन के तहत वाहनों को नीलाम कर दिया जाएगा।

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोर की हालत बिगड़ी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कुंवरपुर बनवारी निवासी किशोर ने किन्हीं अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर उसे सौ शैय्या अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रविवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी 17 वर्षीय विकास पुत्र विजय नारायण ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार से हालत में सुधार ना देख उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### एचटी लाइन की चपेट में आने से किशोरी झुलसी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम मधपुरी में दीपावली पर घर की बाउंड्री में डाली गई झालर को उतरते समय ऊपर से निकली 11 हजार लाइन की चपेट में आने से किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई। जिला मैनपुरी थाना बेवर क्षेत्र के नवीगंज के मजरा ग्राम मधपुरी निवासी आनंद कुमार के घर में दीपावली पर झालर डाली गई थी। रविवार की सुबह उनकी 17 वर्षीय पुत्री अन्नू झालर उतार रही थी। तभी ऊपर से निकले 11 हजार लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलत गई। परिजन उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि परिजन उसे लखनऊ किसी चिकित्सालय ले गए।

### हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जिले में बनाए 75 केंद्र, 14 तक मांगी आपत्तियां

# खामियों समेत बोर्ड परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




- 4 राजकीय, 49 सहायता प्राप्त 22 वित्तविहीन विद्यालय शामिल
- केंद्रों की सूची में ऐसे भी कुछ विद्यालय हैं जहां सुविधाएं नहीं

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की अगले साल होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए केंद्रों की अनंतिम सूची जारी हो गई है। इसमें 75 विद्यालयों के नाम शामिल हैं जिसमें चार राजकीय, 49 सहायता प्राप्त व 22 वित्तविहीन स्कूल हैं। 14 नवंबर तक आपत्तियां व सुझाव मांगे गए हैं। दूसरी ओर कहा जा रहा है कि जारी हुई सूची में ऐसे भी कुछ नाम हैं जहां सुविधाएं नहीं हैं और उनको केंद्र बना दिया गया।

फरवरी 2025 में संभावित बोर्ड परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जिले में बनाए गए केंद्रों की प्रस्तावित अनंतिम सूची जारी की है। डीआईओएस कार्यालय की ओर से जारी हुई सूची में कहा गया है कि इसमें परीक्षार्थियों का आवंटन भी किया गया है। प्रधानाचार्यों व प्रबंधकों से वेबसाइट पर आपत्तियां व शिकायतें ऑनलाइन लिए जाएंगे। इसमें साक्ष्य व कारण भी बताने होंगे। निर्धारित तारीख के बाद आपत्तियां स्वीकार नहीं होंगी। परिषद के सचिव भगवती सिंह की विज्ञप्ति के मुताबिक आपत्तियों को जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति से अनुमोदित आख्या परिषद की वेबसाइट पर 23 नवंबर तक अग्रसारित की जाएगी।

आपत्तियों के लिए प्रारूप भी जारी किया गया है। इसमें आठ बिंदु शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में 79 परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी हुई थी। बाद में 100 केंद्रों पर अंतिम मोहर लगी थी।

### इनमें नहीं हैं सुविधाएं, फिर भी बना दिए परीक्षा केंद्र

बताया गया है कि सूची में चार राजकीय विद्यालय शामिल हैं इसमें राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा को छोड़कर अन्य तीन में सीसीटीवी कैमरा व परीक्षा केंद्र बनाने को लेकर अन्य जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। राजकीय इंटर कॉलेज समधन, राजकीय हायर सेकेंड्री स्कूल किसई जगदीशपुर, रमाबाई राजकीय इंटर कॉलेज छिबरामऊ में खामियां अधिक हैं। इसके अलावा रामाश्रम हायर सेकेंड्री स्कूल श्यामनगर तालग्राम में भी बोर्ड परीक्षा के मानक पूरे नहीं हैं।

### बोर्ड ने गलती दोहराई

- खास बात यह है कि पिछले साल 2023-24 में जो परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची आई थी उसमें भी खामियां थीं। पिछली लगातार दो सूचियों में छिबरामऊ के रमाबाई राजकीय इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया जा रहा है जिसे तीसरी बार भी शामिल किया गया है। पिछले साल भवन का निर्माण कार्य चल रहा था। कक्षाएं एक डिग्री कॉलेज में चलती हैं। इस पर जिम्मेदारों का तर्क है कि सूची प्रयागराज परिषद कार्यालय से जारी हुई है। जिले के सभी विद्यालयों की जानकारी वेबसाइट पर फीड कराई गई थी। दूसरी ओर चर्चा है कि बोर्ड ने मनमाने तरीके से सूची जारी की है। पिछली गलती से अगर सीख ली होती तो इस बार ऐसा न होता।

# गेस्ट हाउस में खड़े वाहन से बैटरी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख,कन्नौज।** गेस्ट हाउस में खड़े वाहन से कार सवार चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। जानकारी पर जब चोरों को पकड़ने का प्रयास किया तो रात का फायदा उठाकर भाग गए। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सकरावा थाना क्षेत्र के चपुन्ना गांव निवासी धर्मेंद्र त्रिपाठी उर्फ दिलीप का सीएसबी रोड पर गेस्ट हाउस है। इसकी देखरेख गांव निवासी अभिषेक शर्मा एवं मैनपुरी जनपद के बेवर के मोहल्ला कुचलिया निवासी पवन कुमार सैनी वहीं रहकर करते हैं। आरोप है कि शुक्रवार की रात को दो चोर रोड पर वाहन खड़ा कर गेस्ट हाउस में घुस गए और स्कूल बस की बैटरी चोरी कर ली। देखरेख करने वालों ने जब चोरों को ललकारा तो वह वाहन पर बैटरी लादकर फरार हो गए। इससे पहले भी गांव में पानी की टंकी में लगे सोलर प्लेट चोरी हुए थे। धर्मेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

# संदिग्ध हालात में युवती की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- शनिवार देर शाम किराये के मकान में फंदे से लटकी मिली
- पैनल ने किया पोस्टमार्टम, 2 मोबाइल नंबर के खिलाफ तहरीर

**अमृत विचार।** किराये के मकान में रह रही युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव कपड़े टांगने की खूंटी पर फंदे से लटका मिला जबकि घुटने जमीन को छू रहे थे। मामले में परिजनों ने दो मोबाइल नंबरों के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाल ने मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

घटना सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को देर शाम सरायमीरा के शिवाजी नगर मोहल्ले में हुई। यहां रहने वाली सुमन पाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। उनके ही मकान में इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कुढ़िना गांव के रहने वाली गुड्डन (22) पुत्री प्रेमनारायण किराये पर रह रही थी। बीएड कर रही युवती प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रही थी। शनिवार को देर शाम तक गुड्डन कमरे से बाहर नहीं आई तो सुमन ने खिड़की से झांका तो वह दुपट्टे के फंदे से लटकी दिखाई दी। उन्होंने पड़ोसियों को इकट्ठा करते हुए कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतका का आधारकार्ड देखकर उसके परिजनों को जानकारी दी। फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाए। रविवार को पैनल द्वारा वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं सुमन ने युवती के 4 महीने से घर में रहने की जानकारी दी। यह भी बताया कि कोई युवक जिसे वह अपना भाई बताती थी भी मिलने आता रहता था। वहीं पहुंचे परिजनों ने किसी भी भाई के होने से इंकार किया है। मौके की स्थितियां सवाल भी खड़े करती दिखाई दीं, जैसे की कपड़े की खूंटी से कोई कैसे फांसी लगा सकता है? फांसी लगाते समय तड़पता व्यक्ति बचने का प्रयास अवश्य करता है।

# मां-बेटी समेत तीन के साथ मारपीट, धमकी

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

- दोनों मामलों में पीड़ितों ने दर्ज कराई रिपोर्ट



**अमृत विचार** रंजिश के चलते गांव की महिलाओं ने पीड़िता व उसकी बेटी के साथ गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया व घर मे तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी भी दी। एक अन्य घटना में भी व्यक्ति के साथ मारपीट व धमकी दी गई।

ग्राम मिरगावा निवासिनी जमीला बेगम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 31 अक्टूबर की सुबह करीब 10.30 बजे गांव की सितारा बेगम पत्नी हारून व उसकी पुत्री फातिमा रंजिश के चलते उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे व बेटी को लात घूसों से मारापीटा और घर में तोड़फोड़ भी की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उधर, ग्राम बिर्रा निवासी उमेश चंद्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 9 अक्टूबर की दोपहर करीब 2.30 बजे गांव के सत्यवीर, विक्रम, सचिन, रोहित ने उसके दरवाजे पर आकर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुकानदार को चकमा देकर पार किए जेवरात

**सौरिख,कन्नौज।** थाना क्षेत्र के खड़िनी में सर्राफा की दुकान पर शादी के लिए दो महिलाएं एवं पुरुष जेवरात खरीदने आए थे। इसके बाद दुकानदार को चकमा देकर लाखों का जेवरात चोरी कर ले गए। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

खड़िनी निवासी देवेंद्र सिंह चौहान कस्बा के मेन चौराहे पर चौहान ज्वेलर्स के नाम पर दुकान का संचालन करता है। शनिवार को दुकान पर दो अज्ञात महिलाएं एक पुरुष के साथ आ गई। शादी के लिए जेवरात देखने लगी। आरोप है कि तभी उपरोक्त सभी ने एक जेवरात भरा डिब्बा चुरा लिया जिसमें एक सोने का हार, एक जोड़ी कान के झाले थे। जब दुकानदार ने जांच पड़ताल की तो सामान गायब मिला। सीसीटीवी में देखने पर महिलाएं जेवरात चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दी। दुकानदार ने काफी खोजबीन की लेकिन तब तक सभी फरार हो चुके थे।

# परिवारवादी पार्टियों में सिर्फ एक ही परिवार से होता अध्यक्ष: कामेश्वर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कामेश्वर सिंह।



कार्यशाला में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर संगठन पर्व 2024 की निर्वाचन कार्यशाला हुई। इसमें पहुंचे चुनाव अधिकारी व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर की कार्यशाला हो चुकी है अब जिला स्तर की कार्यशाला हो रही है। बीजेपी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसके 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं।

रविवार को उन्होंने कहा कि पार्टी में प्रत्येक चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता है। वहीं परिवारवादी पार्टियों में एक ही परिवार से अध्यक्ष होता है। हम सब को बूथ समिति का सही गठन करना है जो एक अच्छे संगठन का निर्माण करता है। बीजेपी का काम चुनाव लड़ना और जिताना नहीं है बल्कि एक सशक्त व विकसित भारत का निर्माण करना है। वहीं एक सक्रिय और कुशल बूथ समिति के गठन से हम जातिवाद और क्षेत्रवाद को खत्म कर सकते हैं। विरोधी पार्टी के झूठ को जनता के बीच में उजागर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा का पर्व नहीं है यह अपनों को जोड़ने का पर्व है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, मंत्री असीम अरुण, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत, अर्चना पांडेय, जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल, नरेंद्र राजपूत, यशवंत सिंह राजपूत, योगेंद्र भदौरिया, शैलेंद्र द्विवेदी, रामवीर कठेरिया, हरिबक्स सिंह, सौरभ कटियार, अशोक सिंह, जीतू तिवारी, श्यामू राजपूत, शिवेंद्र सिंह, आर्यन कटियार, आनंद राणा, शरद मिश्रा, अभिषेक पांडे, मिथिलेश बाथम, श्याम स्वरूप चतुर्वेदी, कुलदीप दोहरे, आनंद किशोर, मुनीश मिश्रा, हिमांशू सक्सेना, बादाम पाल, अनिल खटिक रहे।

# जाति सूचक गालीगलौज कर मारपीट, धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत पर सरसों की निकाई का काम कर रहे युवक से पड़ोसी खेत स्वामी ने बेबजह जाति सूचक गाली गलौज कर मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

ग्राम तहसीपुर निवासी अमरेश दोहरे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 8 नवंबर को वह अपने खेत में सरसों की निकाई का काम कर रहा था। तभी गांव के कुलदीप कटियार, सुभाष कटियार अपने अज्ञात रिश्तेदारों के साथ आए और खेत की मेड से दूर हट जाने की धमकी देते हुए जाति-सूचक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी और धारदार हथियार से हमला कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ के पैर में लगी गोली

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

- पुरानी रंजिश में घटना, मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार।** खेतों पर गए अधेड़ किसान को संदिग्ध परिस्थितियों में पैर में गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया गया है। घायल ने पुरानी रंजिश के चलते 6 लोगों पर गोली मारने के आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंचे सीओ एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

खड़िनी चौकी क्षेत्र के निजामपुर गांव निवासी राजवीर सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह बैंस रविवार सुबह चार बजे गांव में बाबा जाहरवीर के हो रहे जागरण में शामिल होने एवं गांव के बाहर स्थित खेतों पर जाने की कहकर निकला था। तभी ग्राम पंचायत मोहद्दीनगर में निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास पैर में गोली लगने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल को सीएचसी भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा भी फोर्स के साथ सीएससी पहुंच गए। घायल राजवीर ने पुरानी रंजिश के चलते गांव समेत अन्य गांव के लगभग आधा दर्जन लोगों पर उठा ले जाने व जबरन शराब पिलाकर गोली मारने के आरोप लगाए हैं। वहीं सीओ ने मौजूद प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# 647 ने छोड़ी आय, योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



शहर के एक केंद्र पर परीक्षा देते परीक्षार्थी और निरीक्षण करते अजय यादव।

- पंजीकृत 2339 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 1692 ने दिया इम्तिहान
- शहर के आठ माध्यमिक स्कूल बनाए गए थे परीक्षा केंद्र

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में पंजीकृत 2339 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 1692 ने परीक्षा दी। 647 परीक्षार्थी इम्तिहान छोड़ गए। सबसे अधिक 96 परीक्षार्थी एसबीएस इंटर कॉलेज व सबसे कम 64 जेपी बालिका इंटर कॉलेज में अनुपस्थित रहे।

शहर के आठ माध्यमिक स्कूलों में रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 संपन्न हुई। पहली बार परीक्षार्थियों ने ओएमआर शीट का प्रयोग किया। डीआईओएस कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि छात्रवृत्ति परीक्षा में कक्षा आठ के छात्र-छात्राएं शामिल होते हैं। शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर में पंजीकृत 250 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 181 उपस्थित रहे और 69 अनुपस्थित रहे। जेपी बालिका इंटर कॉलेज में पंजीकृत 250 के सापेक्ष 186 बच्चे शामिल हुए और 64 गैरहाजिर रहे। लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज में 250 के सापेक्ष 169 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी और 81 अनपुस्थित रहे। केके इंटर कॉलेज में 350 विद्यार्थियों के सापेक्ष 267 ने परीक्षा दी और 83 ने छोड़ दी। एसबीएस इंटर कॉलेज में पंजीकृत 350 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 254 ने इम्तिहान दिया और 96 ने छोड़ दिया। मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज में पंजीकृत 300 परीक्षार्थियों के स्थान पर 205 और सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज में 300 की बजाय 223 ने परीक्षा दी। क्रमशः 95 और 77 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। केकेसीएन इंटर कॉलेज में 289 के सापेक्ष 207 ने परीक्षा दी और 82 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बताया गया है कि चयनितों को कक्षा नौ से 12 तक की पढ़ाई के लिए एक हजार रुपये प्रति महीने के हिसाब से चार साल तक छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा रविवार को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक हुई। दिव्यांग अभ्यर्थियों को एक घंटे अतिरिक्त दिया गया।

## सार-संक्षेप



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद बच्चे।

### डांस कॉम्पटीशन में बच्चों ने मचाया धमाल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** किड्जी श्रीआरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने डांस कॉम्पटीशन में खूब धमाल मचाया। इसमें 80 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। मथुरा से आए ज्यूरी ने बच्चों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करके विजेताओं का चयन किया। डांस कॉम्पटीशन के लिए बच्चों के चार ग्रुप बनाए गए थे। इस कॉम्पटीशन में बच्चों ने विभिन्न नृत्य शैलियों में प्रदर्शन किया। पीजी, नर्सरी, जूनियर केजी व सीनियर केजी के पहले ग्रुप में श्रीजिता भदौरिया ने प्रथम, तान्या चौहान ने द्वितीय व श्रीनिका ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा 1 व 2 के दूसरे ग्रुप में सानवी ने प्रथम, याशिका ने द्वितीय व श्री ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा 3, 4 व 5 के तीसरे ग्रुप में श्रीधारा ने प्रथम, इस्नवी शर्मा ने द्वितीय व शर्मिष्ठा शुक्ला ने तृतीय स्थान पाया और कक्षा 6, 7, 8, 9 व 10 के चौथे ग्रुप में आराध्या सिंह ने प्रथम, मान्या ने द्वितीय व आराध्या अवस्थी ने तृतीय स्थान पाया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय समिति के विमल प्रकाश ने कहा यह कंपटीशन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान करता है और हमें उनकी प्रतिभा को देखकर गर्व होता है',उन्होंने अंग वस्त्र के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट करके निर्णायक मंडल की मिस करिश्मा जादौन, मिस विधि शर्मा एवं स्वयं सक्सेना को सम्मानित किया। विद्यालय समिति के शुभम कमल, प्रधानाचार्या बरखा अवस्थी, उप प्रधानाचार्या प्रतिमा शुक्ला व मुख्य अनुशासक अनूप कुमार दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम को सजाने संवारने में विद्यालय की शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

### मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है अहंकार: निग्रहाचार्य



स्वामी निग्रहाचार्य।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। यह बुद्धि व ज्ञान का हरण कर लेता है और मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। यह बात श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में अखंड आश्रम श्री हनुमान जी महाराज मंदिर ग्राम बनियानी मंन चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर स्वामी निग्रहाचार्य ने कही। रविवार को उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस आठवीं संतान की भी मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और वह रातोंरात गोकुल पहुंच गए। कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान को इस धरा धाम पर आना पड़ता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के जयकारों से गूंजने लगा। कथा परीक्षित अनिल सिसौदिया व माधुरी देवी, सुभाष चंद्र गुप्ता, प्रेम सिंह, वीरेंद्र सिंह, सोनेलाल, अजय, सत्यदेव, रघुबीर, सुरेश, संतोष, सूरज, कप्तान सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

**जानकारी** रिजर्व पुलिस लाइन में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

# आपात स्थिति के लिए पुलिस को सिखाई सीपीआर तकनीक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



पुलिस लाइन में आयोजित प्रशिक्षण में सीपीआर का अभ्यास करते एसपी व मौजूद विशेषज्ञ डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वर्तमान में यातायात माह चल रहा है। इसके क्रम में रिर्जव पुलिस लाइन कन्नौज में पुलिसकर्मियों को आपात स्थिति में व्यक्ति की जान के लिए सीपीआर के प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आपात स्थिति में पीड़ित को बचाने के लिए प्राथमिक उपचार देने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सीपीआर एक जीवन रक्षक तकनीक है जो हृदय गति रुकने की स्थिति में किसी व्यक्ति की जान बचाने में मदद कर सकती है। पुलिस कर्मियों को सीपीआर की बुनियादी तकनीकें सिखाई गईं, ताकि वे आपातकालीन स्थितियों में लोगों की सहायता कर सकें। यह प्रशिक्षण कानपुर की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व प्राणोदय संस्था के डॉ. सुनीत गुप्ता एवं प्रदीप टंडन ने प्रदान किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने कहा कि पुलिसकर्मी अक्सर विभिन्न आपातकालीन स्थितियों का सामना करते हैं। सीपीआर प्रशिक्षण उन्हें इन स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने और लोगों की जान बचाने में सक्षम बनाएगा। इस प्रकार के प्रयासों से न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता में सुधार होता है, बल्कि आम जनता के बीच भी पुलिस का विश्वास बढ़ता है।

### क्या है सीपीआर

- सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) एक आपातकालीन तकनीक है जिसका इस्तेमाल तब किया जाता है जब कोई व्यक्ति सांस नहीं ले रहा हो या उसका दिल नहीं धड़क रहा हो। इसकी मदद से मस्तिष्क में ऑक्सीजन युक्त रक्त पहुंचाया जाता है और सांस लेने की प्रक्रिया फिर से शुरू की जाती है। सीपीआर में छाती को दबाना और बचाव श्वास देना शामिल है। इसमें छाती को दबाने के लिए, हथेली और सीधी कोहनियों से छाती के बीच में, निप्पल के थोड़ा नीचे, ज़ोर से और तेज़ी से कम से कम दो इंच गहरा धक्का देते हैं। यह प्रक्रिया प्रति मिनट कम से कम 100 बार की जाती है और दबाव के बीच छाती को पूरी तरह से ऊपर उठने दिया जाता है।

# सरकारी अव्यवस्थाओं के बीच चल रहा है प्राथमिक विद्यालय

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



साधन विहीन स्कूल में बच्चों को पढ़ाती शिक्षिका। अमृत विचार

**विद्यालयः एक नजर में**

- विद्यालय में 33 बच्चे पंजीकृत हैं, जिसमें तीन दिव्यांग हैं
- विद्यालय में एक महिला सहायक शिक्षक, दो शिक्षामित्र तैनात हैं।
- एक प्रधानाध्यापक और एक रसोईया है।

**हाइलाइट्स**

- विद्यालय में एक भी शौचालय नहीं बना है
- पंखे तो लगे हैं पर बिजली की व्यवस्था नहीं है
- विद्यालय में रसोईया है पर रसोई तक नहीं बनी
- पीने के पानी के लिए बच्चों को स्कूल के बाहर जाना पड़ता

- राजेपुर ब्लॉक क्षेत्र के तीसराम की मड़ैया ग्राम के प्राथमिक विद्यालय का हाल-बेहाल

**अमृत विचार** । एक ओर सरकार शिक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हुए सर्व शिक्षा के नाम पर करोड़ों-अरबों रुपया पानी की तरह बहा रही है। लेकिन कुछ प्राथमिक विद्यालय की हकीकत देख कर लगता है कि आखिर इतना रुपया कहां खर्च हो रहा है। जबकि कई विद्यालय तो मूलभूत सुविधाओं से ही महरूम है। इस क्रम में जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर राजेपुर ब्लॉक क्षेत्र में तीसराम की मड़ैया ग्राम में एक प्राथमिक विद्यालय है। जहां अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि पीने के पानी के लिए बच्चों को दूर तक जाना पड़ता है।

गांव के नाम पर ही यह स्कूल है। गांव से करीब एक किलोमीटर दूर गंगा हैं। बाढ़ से विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से ही गांव की चौपाल में करीब चार साल से विद्यालय का संचालन होता रहा था। एक साल पहले विद्यालय की बिल्डिंग बनी। जिसमें दो कमरे, बरामदा और एक ऑफिस बनाया गया। जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को पढ़ाया जाता है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई कि विद्यालय में एक भी शौचालय नहीं है लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसकी वजह से छात्रों, शिक्षिकाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में बिजली भी नहीं आती है।

स्कूल में पढ़ रहे विवेक और बच्चों ने बताया कि वह कक्षा 5 में पढ़ रहे हैं। पहले यह विद्यालय बाबा की चौपाल में चलता था। वहां करीब 4 साल बाबा की चौपाल में यह विद्यालय रहा था। एक साल हो गया। इस नई बिल्डिंग को बने हुए। तब से इसी विद्यालय में पढ़ रहे हैं। विद्यालय परिसर के बाहर एक हैंडपंप लगा है। उसे ही चलाकर हम लोग पानी पीते हैं। यहां विद्यालय में शौचालय की कोई भी व्यवस्था नहीं है। हम लोग खेतों में जाते हैं। विद्यालय में सभी लोग ऐसे ही जाते हैं। विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक सुप्रिया सिंह ने बताया कि बताया कि 2018 से जॉइनिंग हुई है। तब से यही पढ़ा रही हूं। उन्होंने बताया कि पंखे तो लगे हैं पर बिजली की व्यवस्था नहीं है ना ही शौचालय की व्यवस्था है, ना ही विद्यालय में रसोईघर है । विद्यालय में रसोईया तो तैनात है, पर बच्चों लिए खाना बनाने के लिए किचन की व्यवस्था नहीं है। बच्चों के लिए खाना खुले में बनवाया जाता है। अपने प्रधानाध्यापक को भी इस बाबत अवगत कराया है। प्रधानाध्यापक ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है।

जो निरीक्षण करने आते हैं, उनसे भी कहते है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। शिक्षा मित्र मंजू लता ने बताया कि मैंने बताया कि प्रधान से भी बोला कि जिनकी झोपड़ी है उनको तो शौचालय बनवाए जा रहे हैं। विद्यालय की बिल्डिंग 15 लाख की है। वहां शौचालय नहीं है।

# फर्जी दस्तावेज से साइबर फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार** । पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ आलोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में साइबर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम जनपद फतेहगढ़ पुलिस ने एक शातिर को साइबर अपराध से संबंधित सामग्री समेत गिरफ्तार किया है।

10 अक्टूबर को प्रतिबिम्ब, एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज साइबर शिकायतों से संबंधित संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जांच की गई। इस दौरान थाना अमृतपुर क्षेत्र में सूचना मिली कि आशीष कुमार निवासी ग्राम नगला हूसा जोकि जस्ट डायल एप के जरिए ट्रांसपोर्ट के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को व्हाट्सएप पर भेजता है। ट्रेडिंग के नाम पर अंतर्जनपदीय व अन्तर्राज्यीय स्तर पर साइबर ठगी कर रहा है। इस पर थाना साइबर क्राइम फतेहगढ़ टीम ने दबिश देकर आशीष को गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त आशीष ने पूछताछ में बताया कि वह जस्ट डायल एप की इन्क्वायरी में प्राप्त लोगों से व्हाट्सएप, मोबाइल पर सम्पर्क कर ट्रांसपोर्ट सर्विस के नाम पर गाड़ी भेजने को बोल कर क्यूआर कोड व यूपीआई के जरिए गोविन्द कश्पय द्वारा उपलब्ध कराये गये खातों में रूपये ले लेता था। इस काम में मेरे गांव के साथी सचिन सिंह, आकाश यादव, प्रदीप शर्मा, मोहित यादव, पवनीश यादव, गोविंद कश्यप मिल कर धोखाधड़ी व साइबर ठगी करते हैं। पुलिस अब अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

# बहन की शादी में आ रहे भाई व रिश्तेदार की हादसे में मौत

## सड़क हादसे की सूचना पर शादी वाले घर में छा गया मातम

संवाददाता कायमगंज



रोते बिलखते परिजन व गांव की महिलाएं। अमृत विचार



सुमित राठौर ।

**अमृत विचार** । बहन की शादी में शामिल होने आ रहे भाई व रिश्तेदार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। मौत की सूचना पर शादी वाले परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने मौके पर जांच की और बाइक में टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी कर रही है। नगर के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी परमाल सिंह राठौर का 22 वर्षीय पुत्र सुमित राठौर फरीदाबाद में मजदूरी करता था। शुक्रवार की देर शाम सुमित अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अपने बहनोई के भाई जनपद कासगंज के थाना अमापुर के ढकपुरा निवासी पिंकू से साथ बाइक से घर वापस आ रहा था। तभी अचानक सिकन्दराराऊ क्षेत्र के कासगंज रोड़ पर महमई सतावत नगर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस दोनों का गंभीर हालत में सीएचसी लेकर आई। जहां डॉक्टर ने पिंकू को मृत घोषित कर दिया और सुमित को प्राथमिक इलाज के बाद अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। सुमित की भी इलाज के दौरान अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। दोनों की मौत की सूचना पर परिजनों मातम छा गया। हादसे में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक के पिता परमाल ने रोते हुए बताया कि होनी को देखिए सोमवार को जिस घर में बेटी की डोली उठनी चाहिए थी। उस घर से बेटे की अर्थी उठ रही है।

# कवि सम्मेलन में काव्य पाठ से राष्ट्र को नमन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार** । संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में प्रांतीय कला साधक संगम के अंतर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन बढ़पुर स्थित उत्सव भवन के सभागार में हुआ। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए एक दर्जन से अधिक कवियों तथा स्थानीय रचनाकारों ने अपने काव्य पाठ से राष्ट्र को नमन किया।

कार्यक्रम में गोपाल पाण्डेय इटावा, पं. जग्गू प्रसाद तिवारी महोबा, रेवती कुमार पाठक हमीरपुर, डॉ शिव प्रसाद सिंह बांदा, दीनदयाल सोनी बांदा, चंद्र प्रकाश व्यथित, शिवकरण सिंह सरस , के के पाठक ,महेश पाल सिंह उपकारी, उपकार मणि उपकार आदि ने अपनी कविताओं के जरिए राष्ट्र जागरण का आह्वान किया। इससे पूर्व वरिष्ठ कवयित्री प्रीति पवन तिवारी की वाणी वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में संस्कार भारती की प्रांतीय साहित्य विधा संयोजक तुषमुल मिश्रा ने कवियों का स्वागत किया। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय, सह संयोजक दिनेश अवस्थी, ईकाई साहित्य विधा संयोजक प्रीति पवन तिवारी, बंटी , नीरज शर्मा ने इकाई अध्यक्ष डॉ नवनीत गुप्ता के निर्देशन में व्यवस्था संभाली।




अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविताएं सुनाते कवि । अमृत विचार

# शाक्य समाज को दी विद्वेष व पार्टी बंदी न करने की सलाह

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- संगठन के बुजुर्ग पदाधिकारियों को समर्पित भाव से युवाओं को आगे बढ़ाना चाहिए



भाजपा विधायक सुशील शाक्य।

**अमृत विचार** । भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि समाज को जागरूक होने की जरूरत है। कुछ कर्मों के कारण ही समाज पिछड़ गया है। श्री शाक्य ने चिलसरा रोड स्थित आर एस पैलेस में तथागत संभ्रांत नागरिक सामाजिक संगठन को संबोधित करते हुए कहा कि विलुप्त हो चुकी शाक्य उत्थान समिति पूर्व सांसद दयाराम शाक्य एवं लाल बहादुर शाक्य के नेतृत्व में पली थी।

उसी दौरान मैं लाल बहादुर शाक्य के साथ समाज के विवादों की पंचायत करने जाता था। शाक्य उत्थान समिति में प्रतिनिधित्व न होने के कारण कायमगंज के लोगों ने भी अलग संस्था बनाई थी। लेकिन वह भी खत्म हो गई। यह कार्य समाज की मूर्खता दर्शाता है। संगठन के बुजुर्ग पदाधिकारियों को समर्पित भाव से युवाओं को आगे बढ़ाना चाहिए।

कार्यवाहक अध्यक्ष पूर्व राजस्व निरीक्षक शिवकुमार शाक्य ने समाज के लोगों के द्वारा मेहनत करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति भीख नहीं मांगता है। शैतान सिंह शाक्य के छोटे बेटे इंजीनियर अवनीश शाक्य ने समाज में विद्वेष एवं पार्टीबंदी न करने की सलाह दी। लेखपाल अवनी शाक्य ने संगठन के सांस्कृतिक कार्यक्रम का दायित्व निभाने का वादा किया। सेवानिवृत एडीओ अवधेश सिंह शाक्य ने संगठन की आर्थिक रूप से मदद करने का आह्वान किया। सपा नेता सुभाष शाक्य एडवोकेट ने समाज के लोगों को मुफ्त में कानूनी सलाह देने की बात कही। सेवानिवृत फौजी वेदराम शाक्य ने कहा कि वह प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़े हैं और बीमारी के संबंध में मुक्त इलाज करेंगे। परिचय के दौरान उपस्थित भाजपा नेता शेर सिंह शाक्य आदि लोगों ने संगठन को हर संभव सहयोग करने का वादा किया। बैठक में देशराज शाक्य प्रधान पति श्याम शाक्य, देवेंद्र शाक्य,रविंद्र उर्फ बबलू शाक्य,विधायक के निजी सचिव रोहित कुशवाहा मीडिया प्रभारी आनंद भान शाक्य, कालीचरन शाक्य सर्वेश शाक्य ,आढ़ती रामौतार शाक्य, सुरेश सिंह शाक्य ,कमलेश शाक्य उर्फ ठाकुर, फौजी तेज सिंह शाक्य, कमल शाक्य महावीर शाक्य प्रेमचंद शाक्य ग्राम विकास अधिकारी रामवीर शाक्य, लालाराम शाक्य, संतोष शाक्य ,कवि बेचेलाल शाक्य, कैलाश चंद शाक्य टेंट वाले, जगतपाल शाक्य, सचिन कुशवाहा गिरजा शंकर शाक्य, रिटायर्ड जेई वेदराम शाक्य, सूरजपाल सिंह शाक्य, पूर्व प्रधान सुबोध शाक्य, सेवानिवृत्त स्टेशनों लाखन सिंह , डॉ राम प्रकाश शाक्य आदि मौजूद रहे।

# सीपी मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता कल से शुरू

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। सीपी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित होने जा रही चन्द्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में क्षेत्र के प्रमुख विद्यालयों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। यह प्रतिष्ठित अंतरविद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता 12 से 14 नवंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी प्रतिभागी छात्र अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

उपरोक्त विद्यालयों के खेल प्रशिक्षकों की बैठक बुलाकर प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की गई। यह प्रतियोगिता खेल भावना को प्रोत्साहित करने के साथ विद्यार्थियों में सहयोग, अनुशासन और आत्म-विश्वास का विकास करने में महत्वपूर्ण होगी। इस चैंपियनशिप के जरिए छात्र अपने कौशल को निखार सकेंगे।

**प्रतियोगिता में यह स्कूल करेंगे प्रतिभाग**

- आर्मी पब्लिक स्कूल, सीपीवीएन हिंदी माध्यम
- सेंट एंथनी स्कूल, गायत्री इंटरनेशनल स्कूल
- गुरुकुल वर्ल्ड अकादमी, श्रीराम अग्रवाल स्कूल
- जेएसएम फतेहगढ़, श्रीमती सत्यवती पब्लिक स्कूल
- जेएसएम कमालगंज स्कूल, एपी पब्लिक स्कूल
- एसडीईएम स्कूल, सेंट पॉल्स पब्लिक स्कूल
- सीपीवीएन अंग्रेजी माध्यम, सीपी इंटरनेशनल स्कूल

# बालक की हत्या का आरोपी 'गुरु' गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद**। बालक की हत्या कर शव नाले में फेंके के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने लगभग दो महीने बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गुरु के पिता को पुलिस पूर्व में ही जेल भेज चुकी है।

बीते 6 सितम्बर को थाना मऊदरवाजा के रकाबगंज निवासी सूरजपाल जाटव के 15 वर्षीय पुत्र पिंकू की हत्या करके शव हैबतपुर गढिया के पास नाले में फेंक दिया गया था। हत्या के मामले में पुलिस ने बीते 13 सितंबर को नामजद आरोपी राकेश भारद्वाज को बोरी व स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जबकि उसका पुत्र नीलकंठ उर्फ गुरु उर्फ सोमनाथ फरार हो गया था। मामले की विवेचना सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय कर रहीं थीं। बीती रात गुरु को पुलिस ने हथियापुर में दूध डेयरी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# मातृशक्ति का परिवार में योगदान पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद




मातृशक्ति संगोष्ठी पर गोष्ठी बोलते हुए डा .रजनी सरीन। अमृत विचार

**अमृत विचार** । उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग और संस्कार भारती के तत्वावधान में चल रहे प्रांतीय कला साधक संगम के चौथे सत्र में मातृशक्ति का हिंदू परिवार में योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस सत्र की अध्यक्षता समाजसेवी चिकित्सक डॉ. रजनी सरीन ने की, जबकि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ की उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी रहीं।

अपने संबोधन में डॉ. मिथिलेश तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का आधार परिवार है और इस संस्कृति को संजोने में मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। हिंदू समाज में मातृशक्ति को संस्कारों की जननी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि यह हमारे पारंपरिक मूल्यों को प्रभावित कर रही है। उन्होंने एकाकी जीवन के नकारात्मक प्रभावों जैसे तनाव, विषाद और आत्महत्या की प्रवृत्ति की बढ़ती चिंताओं पर भी प्रकाश डाला और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया। डॉ. रजनी सरीन ने महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय परंपराओं पर गर्व होना चाहिए और अपने संस्कारों के विकास में मातृशक्ति का अहम योगदान है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूनम पांडे, अर्चना द्विवेदी, प्रीति तिवारी, संध्या राजपूत, राम पांडे, हिंदू शुक्ला, सीमा गुप्ता, वर्षा कश्यप, नेहा श्रीवास्तव, अंजू चौहान, आकांक्षा सक्सेना और कविता सिंह शामिल रहीं। कविता सिंह ने वंदेमातरम गीत प्रस्तुत कर सत्र का समापन किया। सभी अतिथि महिलाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में 6 घायल, दो गंभीर

**कायमगंज** ।अलग-अलग स्थानों पर जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव नगला टीका निवासी सोनू (25) क्षेत्र के गांव बरझाला निवासी जितेंद्र (45) शिवरई वरियार निवासी हरिराम (27) थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव मानिक नगला निवासी राजेश (50) व राहुल (18) कम्पिल क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी राहुल (27) घायल हो गये। सभी घायलों को आसपास के लोगों ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने राजेश व राहुल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आए 205 मरीज

**अमृतपुर**। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन उप स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर मे किया गया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सहयोगी की भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। जिसमें 205 मरीजों का परीक्षण कर दवा वितरित की गई। इस दौरान अधिकतर मरीज सर्दी जुखाम बुखार खांसी से पीड़ित पाए गए। चिकित्सक द्वारा सभी मरीजों का परीक्षण कर दवा वितरित की गई।

### मिशन शक्तिः महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने किया जागरूक

**अमृतपुर**। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की तरफ़ से लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। पुलिस थाने पर महिला हेल्प डेस्क काउंटर खोले गए। जहां पर महिला पुलिसकर्मी आने वाली महिला फरियादियों की सुविधा के लिए महिला पुलिस कर्मी तैनात रहती है। पीड़ित महिलाओं के लिए मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित कार्य योजना को लेकर पुलिस इनकी मदद करती है। युवतियों और महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से टोल फ्री मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर निशुल्क सेवा उपलब्ध है। ग्राम खजुरिया में महिलाओं को बताया गया अगर कोई महिला कही मुसीबत में है तो वह सरकारी नंबरों का प्रयोग कर सकती है। महिला हेल्प डेस्क से मदद मिलेगी। जानकारी के लिए पुस्तक भी दी गई।

सम्मेलन

## सनातन विश्व का सबसे पुराना धर्म, यह नहीं होगा तो हम भी नहीं होंगे : अरिमर्दन शास्त्री

# कलियुग में रामराज्य नहीं अराजकता है

संवाददाता फर्रुखाबाद



मानस सम्मेलन श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए मंजरी राजकुमारी।

**अमृत विचार** । डीपीबीपी कॉलेज मदारवाड़ी में आयोजित सम्मेलन के समापन पर मानस मनीषियों ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे पुराना धर्म है। मानस हमें हमारे धर्म के प्रति कर्तव्यों का बोध कराता है। धर्म है तो हम हैं धर्म नहीं होगा तो हम भी नहीं होंगे । श्रीराम राज्याभिषेक की चर्चा करते हुए मानस भूषण अरिमर्दन शास्त्री ने कहा कि कलियुग में रामराज्य नहीं अराजकता है। यह तो त्रेता युग में ही संभव था राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका निभाने के लिए नई पीढ़ी में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करना धर्म गुरुओं व शिक्षकों का दायित्व है।

महोबा से आई मानस मंजरी राजकुमारी ने अपने भजनों से श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए रामचरितमानस को पढ़ना कितना आवश्यक है। उससे कहीं ज्यादा आवश्यक है कि श्री राम के चरित्र को जीवन में उतर जाए । प्रीति रामायणी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व में शांति भाईचारा प्रेम का संदेश देता है। रामायण की पूजा करने के स्थान पर उसकी शिक्षाओं को जीवन में उतरे। साधना शर्मा रामायणी ने कहा कि मानव रामचरितमानस को पढ़ना सुना तो आवश्यक है। उससे कहीं अधिक आवश्यक है मानस के विभिन्न चरित्रों से प्रेरणा लेकर उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारें। संचालक संत कवि ब्रज किशोर सिंह किशोर ने किया। श्रीराम राज्याभिषेक आरती के साथ के साथ ही पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का समापन करते हुए संयोजक भारत सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।

मीडिया प्रभारी राजेश निराला ने मानस मनिसियो मीडिया एवं समिति के जुड़े सदस्यों को सम्मानित किया। डॉक्टर बीडी शर्मा चंदन सिंह गगन सिंह मुकेश सिंह शकुंतला कन्नौजिया शारदा सिंहबीके मधु गुप्ता अभिनव राम जी बलराम सिंह चिंटू कनौजिया स्वरूप राजपूत अजय राजपूत प्रशांत कुमार सिंह आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# युवक ने जहर पीया अस्पताल में मौत

**कायमगंज**। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव लुधईया निवासी युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना में परिजनों में हाहाकार मच गया।

शनिवार की शाम क्षेत्र के गांव लुधईया निवासी श्याम बाबू ने खेत पर कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। खेत में काम कर रहे लोगों ने उसे अचेत अवस्था में देखा तो इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी लेकर दौड़े। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों उसे लोहिया अस्पताल ले जाने वाले थे। तब तक उसने अस्पताल के बेड पर ही दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में मातम छा गया।



शिव शक्ति अखाड़ा परिषद के प्रमुख मधुराम शरण शिवा के नेतृत्व में यात्रा निकाली गयी ।

# शिवशक्ति अखाड़ा ने निकाली पद यात्रा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। शिवशक्ति अखाड़ा परिषद के प्रमुख मधुराम शरण शिवा के नेतृत्व में सशस्त्र सन्यासी पद यात्रा बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हॉउस से निकाली गयी। जो बस अड्डा,लालगेट, घुमना,चौक,रेलवे रोड होकर पंडाबाग में संपन्न हुई। पदयात्रा में संन्यासी समुदाय के लोग सशस्त्र होकर पैदल मार्च किया। जिसमें सैकडों लोगों ने भारत माता की जय, जय हिन्द के गगनभेदी नारे लगाये। पदयात्रा के दौरान संन्यासियों ने समाज में बढ़ती असहमति और विभाजन को खत्म करने का आह्वान किया।

मधुराम शरण शिवा ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हमें व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर एकता, सामूहिकता और भाईचारे को बढ़ावा देना होगा। इसके बाद उन्होने जानकारी दी कि सशस्त्र सन्यासी पदयात्रा के बाद रात्रि में 30 जातियों के यहां से आये भोजन को सामूहिक रुप से ग्रहण किया जायेगा। सोमवार को सन्यासी ग्राम निवासी, प्रवास बैठक में धार्मिक आयोजन समिति, जाति प्रमुख, युवा वहनें, युवा टोली व शस्त्रधारकों से आंतरिक शांति और देशभक्ति के महत्व के बारे में चर्चा करेंगे। मंगलवार को धर्मयोद्धा भर्ती करेंगे।

# सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच संघर्ष

## एक पक्ष ने लाठी-डंडे से किया हमला, चार महिलाएं घायल

संवाददाता, बसरेहर

- बसरेहर क्षेत्र के सिरसा गांव में हुआ संघर्ष
- बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर, इटावा रेफर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिरसा गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले, जिसमें एक पक्ष की बुजुर्ग महिला समेत चार लोग घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को बसरेहर सीएससी में भर्ती कराया गया, जहां बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

सिरसरा गांव के अवधेश कुमार की पत्नी बीना ने बताया कि उसके खेत के बगल में सरकारी जमीन पड़ी हुई है। जिस पर पड़ोसी कब्जा करना चाह रहे हैं। रविवार की सुबह उसकी सास दागश्री (70) पत्नी रामस्वरूप खेत के किनारे रखी झोपड़ी में बैठी थी। इसी बीच आरोपी झोपड़ी हटाने और उसमें आग लगाने की नीयत से पहुंचे। आरोपियों ने झोपड़ी हटाने की कोशिश की तो बुजुर्ग दागश्री ने विरोध किया। विरोध करने पर विवाद शुरू हो गया।

इस बीच पड़ोसियों ने उसकी पुत्री गायत्री (17) और नीरू पत्नी संतोष कुमार को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार की आवाज सुनकर बीना बचाने दौड़ी, उसको को भी मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उसके परिवार की चार महिलाएं घायल हुई हैं। मारपीट करने के बाद आरोपी मौके से भाग गए। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को बसरेहर सीएससी में भर्ती कराया गया।

पीड़िता बीना का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से बुजुर्ग महिला पर फावड़े से वार किया। बुजुर्ग महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। चार महिलाएं घायल हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बसरेहर थानाध्यक्ष सुमित चौधरी ने कहा कि सूचना पर गांव पहुंचकर घायलों का इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। दो घायल महिलाओं को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी तरीके से चलता मिला अस्पताल

**बकेवर।** महेवा में स्थित मां हास्पिटल पर महिलाओं की डिलीवरी से लेकर अन्य रोगों का इलाज धड़ल्ले से किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक और चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और जांच की तो हास्पिटल फर्जी तरीके से चलता हुआ मिला।

कुछ समय पहले हास्पिटल को सीज किया गया था। इसके बाद हास्पिटल एक बार फिर जोर शोर से संचालित हो गया। क्षेत्रीय जनता ने महेवा सीएचसी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी से शिकायत की। वे चौकी इंचार्ज केपी सिंह मौके पर अस्पताल में पहुंचे, जहां पर बड़ी संख्या मरीज भर्ती मिले तो आपरेशन के उपकरण भी मौके पर पाये गये। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने बताया कि हास्पिटल अवैध तरीके से संचालित है। कार्रवाई के लिए अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। नोडल अधीकारी डॉ. यतेन्द्र राजपूत ने बताया कि हास्पिटल की कई बार शिकायत आई थी। उसकी ओटी सीज की गई थी।

# ऊंचाहार एक्सप्रेस में आग की सूचना से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- यात्री के बैग में रखी माचिसों के घर्षण से लगी आग
- आरपीएफ ने संबंधित यात्री के खिलाफ कार्रवाई की

**अमृत विचार।** रविवार तड़के 14218 ऊंचाहार एक्सप्रेस के एस-4 कोच में अचानक आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। कोच के अंदर धुआं उठते देख यात्री सहम गए। जांच के दौरान पता चला कि एक यात्री के बैग में रखे करीब एक दर्जन माचिस बाक्स के आपस में घर्षण के कारण आग लगी। आरपीएफ ने संबंधित यात्री के खिलाफ कार्रवाई की।

रविवार सुबह 4:25 बजे ट्रेन संख्या- 14218 में एस-4 कोच में आग की सूचना पर आरपीएफ निरीक्षक एवं जीआरपी थानाध्यक्ष शैलेश निगम फोर्स के साथ पहुंचे। एस-4 कोच के 49 से 54 वाली केबिन में बुझी आग के निशान मिले। 10-12 की संख्या में माचिस बाक्स जली पड़ी थी। इस कोच में अनिल कुमार, पत्नी तारा देवी, पुत्री संजना व वंदना और पुत्र रितिक के साथ दिल्ली से कुण्डा हरनामगंज जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वे बीच वाली सीट पर सो रहे थे। पुत्री संजना की शादी के लिए सामान ले जा रहा थे। पिट्ठू बैग में 10-12 माचिस की डिब्बी पडी थीं। बैग पर पैर रखकर लोग सीट पर चढ़-उतर रहे थे। अचानक बैग से धुआं उठने लगा। शायद रगड़ से माचिस जल गई थीं। खिड़की खुली होने से हवा के झोके से बैग जलने लगा। यात्रियों ने कोच से धुआं निकलते देखा तो चेन पुलिंग कर दी। करीब 40 मिनट तक ट्रेन महेरा फाटक के पास खड़ी रही। आरपीएफ ने यात्री अनिल कुमार निवासी नयापुरवा, थाना-हदगवां जिला प्रतापगढ, हाल पता-553/01 हिसार बाईपास सूर्यानगर, रोहतक (हरियाणा) को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## सार-संक्षेप

### श्रीमद भागवत साक्षात कल्पवृक्षः पुरुषोत्तम

**इटावा।** श्री मद्भागवत कथा साक्षात कल्पवृक्ष है। यह शब्द रूप में स्वयं लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। यह बात राष्ट्रीय भागवत प्रवक्ता पुरुषोत्तम द्विवेदी ने चंदरपुरा खुर्द में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सूर्य सम्पूर्ण सृष्टि में अन्धकार समाप्त कर अपने प्रकाश से प्रकाशित करता है, ठीक उसी प्रकार श्रीमद्भागवत कथा से अज्ञान रूपी अन्धकार समाप्त होकर ज्ञान रूपी प्रकाश जागृत होता है। अतः जब तक प्रभु की कृपा नहीं होगी, तब तक सत्संग का लाभ प्राप्त नहीं होता है। श्रीमद्भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण का बांग्मय स्वरूप हैं। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। परीक्षित कैप्टन राम महीपति शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा के साथ आमोद शर्मा, अविनाश शर्मा, अजिंक्य शर्मा, अनिमेष शर्मा, विपिन त्रिपाठी, राघव त्रिपाठी, सुनवर्षा, भानुप्रकाश अवस्थी मौजूद रहे।



आचार्य पुरुषोत्तम द्विवेदी को सम्मानित करते शिक्षक नेता भानु प्रकाश अवस्थी। अमृत विचार



हेल्पडेस्क का संचालन करते डॉ. आशीष त्रिपाठी। अमृत विचार

### स्नेक बाइट हेल्प डेस्क बनी वरदान

**इटावा।** जनपद के बकेवर, भरथना, महेवा, चकरनगर, बसरेहर, इकदिल, जसवंत नगर, लखना सहित पूरा ग्रामीण क्षेत्र सर्पदंश प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। अंधविश्वास में आकर ग्रामीण सर्पदंश पीड़ित को अस्पताल न ले जाकर झाड़फूंक कराने चले जाते है, जिससे सही समय पर इलाज (एंटीवेनम/वेंटीलेटर) न मिल पाने से हालत बिगड़ने से जान चली जाती है। वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी द्वारा उनके व्यक्तिगत नम्बर 7017204213 पर स्नेक बाइट हेल्पडेस्क की पहल की जा चुकी है जो कि पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए समर्पित संस्था ओशन के द्वारा दिन रात संचालित की जा रही है। इस स्नेक बाइट हेल्पडेस्क के अस्तित्व में आने के बाद से ग्रामीण जनता ने झाड़ फूंक कराना लगभग बंद ही कर दिया है और सीधे अस्पताल भी आने लगे है। ज्ञात हो कि, इसी स्नेकबाइट हेल्पडेस्क के माध्यम से अब तक इटावा जनपद में कई सैकड़ा लोगों की अमूल्य जान भी बचाई जा चुकी है। इसी कार्य के दृष्टिगत जनता कालेज बकेवर और कृषि इंजीनियरिंग कालेज इटावा में संस्था ओशन द्वारा एक लघु हेल्पडेस्क भी बनाई गई है। जिसके माध्यम से महाविद्यालय के हजारों छात्र-छात्राएं, शैक्षणिक स्टाफ और क्षेत्रीय ग्रामीण भी लाभान्वित हो रहे है।

### महिलाओं ने की आंवला की पूजा

**बकेवर।** इच्छा नवमी का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना की। आंवला के पेड़ की पूजा के बाद आंवला की छांव तले भोजन किया। सुख समृद्धि देने की भगवान से प्रार्थना की। कस्बा के गोपाल मंदिर के बाग में महिलाओं की भारी भीड़ रही। मान्यता है कि आंवला के पेड़ में भगवान विष्णु का वास होता है। आंवला कई रोगों की राम बाण दवा है। यह मनुष्य के शरीर को निरोगी बनाता है। जिसके चलते इसकी पूजा करने का विधान काफी समय से चला आ रहा है। प्राचीन मान्यताएं जो भी हो पर इस पर्व पर काफी उल्लास देखने को मिला। रविवार को इच्छा नवमी के पर्व पर महिलाओं ने घर में भोजन तैयार किया और जहाँ भी आंवले के वृक्ष लगे थे वहां पर पूजा करने पहुंची।

### आग से लाखों का सामान राख

**जसवंतनगर।** घर में अज्ञात कारण से आग लग जाने से लाखों रुपयों की कीमत का सामान जल कर बर्बाद हो गया। एक साल का मासूम बालक बाल-बाल बच गया। नगर में मोहल्ला लुधपुरा में रहने वाले मोहम्मद रफीक उर्फ चुन्ना के तीन मंजिला मकान की दूसरी मंजिल पर बने एक कमरे में अचानक अज्ञात कारण से आग लग गई जिसने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर परिजनों ने शोर मचाया तो पड़ोसियों ने घर वालों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार के सादाब ने बताया कि कमरे में लगी अचानक आग की घटना से घर मे रखा सभी कीमती सामान जल जाने से करीब दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हो गया है। उसी कमरे में उनका एक वर्षीय भतीजा मोहम्मद हसनैन बैड पर सोया था। गनीमत रही कि उसे बचा लिया गया।

### बुखार से आधा सैकड़ा लोग बीमार, एक महिला की मौत

**बकेवर।** लवेदी क्षेत्र के उधन्नपुर गांव में बुखार फैला हुआ है। घर-घर में मरीजों की चारपाई बिछी है। आधा सैकड़ा से अधिक लोग अभी भी बीमार हैं। बुखार के चलते एक महिला की शुक्रवार को मौत हो गई। करीब डेढ़ माह पहले एक किशोर की भी बुखार से मौत हो गयी थी। गांव के नीरज कुमार, शिवानी, महिपाल सिंह, रामलली, विशाल, आर्यन, गीतम सिंह, ध्यान सिंह, जयसिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, करन सिंह, बाबी, विमला देवी, छोटू, बाबूसिंह, निन्ही देवी, शिवासिंह, रजपाल सिंह, रामजानकी, प्रवेश सिंह, प्रिया सिंह, ज्योति बुखार से पीड़ित हैं। 38 वर्षीय रीना देवी पत्नी ध्रुव सिंह को गुरुवार को बुखार आया। उपचार के दौरान मानिकपुर मोड़ स्थित एक अस्पताल में मौत हो गई। ग्रामीण जितेंद्र सिंह, विवेक सिंह का कहना है कि सूचना देने पर भी स्वास्थ्य विभाग से कोई नहीं आया। ग्राम प्रधान रामकुमार का कहना है कि उन्होंने महेवा कई बार सीएचसी अधीक्षक को फोन से मौखिक रूप से बीमारी की सूचना दी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की। दोनों जगहों से कोई रिस्पांस नही मिला।वह खुद बीमारी हो गए। उनके गाँव मड़ैया में भी कई लोग बीमार हैं। सीएचसी महेवा अधीक्षक डा गौरव त्रिपाठी ने बताया कि पिछले माह कुछ लोगों सूचना पर टीम भेजी गई थी। एक किशोर की बुखार से मौत हुई थी। अब जो बीमार है, वे सीएचसी पर उपचार के लिए आएं। वह प्राइवेट अस्पतालों में उपचार कर रहे हैं।

# नौकरशाही के सहारे चुनाव जीतना चाहती भाजपाः सिंह

संवाददाता, महेवा

- सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का महेवा में हुआ स्वागत

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का इटावा से कानपुर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र जाते समय महेवा में सपा समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार नौकरशाही के बल पर चुनाव जीतना चाहती है।

सपा महासचिव ने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। अब जनता इनके झांसे में नहीं आएगी। उपचुनाव में सभी नौ सीटों पर पीडीए गठबंधन के प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी जनता से नहीं बल्कि अधिकारियों से चुनाव जिताने की बात कर रही है। भाजपा सरकार में जितनी भर्तियां निकलीं, सबका पेपर लीक हो गया। आज बेरोजगार रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। स्वागत करने वालों में अहेरीपुर संघ के अध्यक्ष गंभीर सिंह यादव, किसान संघ के ध्यान सिंह यादव, अखिलेश यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव शिव शंकर यादव, पूर्व सैनिक बलराम सिंह, युवा नेता विकास यादव, सपा नेत्री सरिता यादव, पिछड़ा वर्ग जिला सचिव विमल राजपूत, जयवीर सिंह, रमेश सविता, हर्ष कुमार, रघुनाथ सिंह दोहरे, राकेश यादव, गंगाराम दोहरे, पूर्व कैप्टन मेहरबान सिंह, सचिन यादव, आदित्य कुमार, अरविंद यादव, सतीश चंद्र, सत्यवीर सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# लोकतांत्रिक तरीके से होते भाजपा के चुनाव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- संगठनात्मक चुनाव को लेकर कार्यालय में हुई कार्यशाला

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने कहा है कि भाजपा ही एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है जहां बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के सभी संगठनात्मक चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप होते है। गठन की प्रक्रिया पूर्ण रूप से लोकतांत्रिक होती है।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में उन्होने कहा कि बूथ कमेटी के चुनाव को लेकर पूरी गम्भीरता बरतनी है। सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखकर सभी वर्गों का नेतृत्व संगठन में शामिल हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर तक सभी मंडलों की कार्यशाला आयोजित कर चुनाव की तैयारी को पूर्ण करना है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं में सीखने का भाव उत्पन्न होना चाहिए। यह संगठन चुनाव अति महत्वपूर्ण है, इसे दीपावली की तरह मनाना है।




रविवार को आयोजित हुई भाजपा की कार्यशाला में शामिल चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी और सदस्यता प्रमुख डा रमाकांत शर्मा। अमृत विचार

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे ने कहा कि बूथ गठन से लेकर मंडल तक के गठन में सबका साथ सबका विश्वास के भाव साथ परिश्रमी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ना होगा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण दायित्वों के साथ जिम्मेदारी और इमानदारी से किये गये सामुहिक प्रयास से कोई कार्य कभी असफल नहीं होता। उन्होंने कहा कि नये संगठन का ऐसे सृजन करना है जो सशक्त और मजबूत हो।

कार्यशाला में जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि संगठन में समय देने वाला व्यक्ति पदाधिकारी बने हमे इसका विशेष ध्यान देना है। संगठन के कार्यकर्ताओं के दम पर ही सरकार बनती है उन्ही के दम पर विधायक, सांसद, मंत्री बनते है। इसलिए हमें एक मजबूत संगठन बनाकर तैयार करना है। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से जिला चुनाव सह-अधिकारी द हरनाथ कुशवाह, राहुल राजपूत, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, जिला पदाधिकारी, मण्डल चुनाव अधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य उपस्थित रहे।

# बीएलओ ने तख्त पर निपटाया काम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के विशेष अभियान के दूसरे दिन भी अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। खास बात यह भी रही कि मतदाताओं ने भी इस अभियान के प्रति बेरुखी दिखाई। जिसके कारण ज्यादातर मतदान केदो पर सन्नाटा छाया रहा। हालांकि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने सक्रिय होकर बूथों पर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण किया और वहां पहुंच रहे लोगों की वोट बनवाने में सहायता की। बीएलओ को मेज कुर्सी न मिलने की समस्या रविवार को भी रही एकस्थान पर तख्त पर बैठकर काम किया गया।

रविवार को ब्लॉक बढपुरा मतदान केंद्र में कुछ ऐसी व्यवस्था थी, जिसके कारण बीएलओ को कुर्सी न मिलने पर तख्त पर बैठना पड़ा। तख्त पर बैठकर ही उन्होंने कामकाज किया। मतदाता सूची में एक ही परिवार के नाम अलग-अलग पन्नों पर होने की शिकायत रविवार को भी मिली। लोग जब मतदाता सूची में नाम देखने के लिए पहुंचे तो उन्हें एक ही परिवार के नाम अलग-अलग स्थान पर मिले जिनकी खोजबीन में काफी समय लग गया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, महासचिव वीरू भदौरिया, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह ने जसवंत नगर, इटावा और भरथना विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले कई मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाता सूची का निरीक्षण किया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाताओं से अपील की कि वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। सपा नेता डॉ. आशीष दीक्षित भी केके डिग्री कॉलेज मतदान केंद्र पहुंचे और बूथ की मतदाता सूची देखी।



मतदाता सूची का अवलोकन करते सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य। अमृत विचार

## अंध विश्वास के प्रति जागरूक करेंगे बाल वैज्ञानिक

**जसवंतनगर।** जिला विज्ञान क्लब समंवयक डा मुकेश यादव ने बताया कि समाज में फैले वि अंधविश्वास की भ्रांतियों को दूर करने का काम बाल वैज्ञानिक करेंगे।

जसवंतनगर के जीजीआईसी में 16 नवंबर को अंधविश्वास के प्रति वैज्ञानिक व्याख्या संबंधित कार्यक्रम का आयोजन 9:30 बजे से होगा। डीआईओएस मनोज कुमार के निर्देश पर समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त हाईस्कूल व इंटर कॉलेजों के एक विज्ञान शिक्षक और कक्षा 9 से 12 तक के दो छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। जीजीआईसी की प्रधानाचार्या प्रज्ञा सिंह ने बताया कि प्रतिभागी छात्र/छात्राओं के नाम की सूची 11 नवंबर को समय दो बजे तक विद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# पांच गोवंशों की मौत, तीन अभी कर रहे मौत से संघर्ष

संवाददाता, बसरेहर

- परौली रमाइन गौशाला में खिलाया रहा सूखा भूसा

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत परौली रमाइन के गांव नगला हरी में बनी गौशाला में पांच गौवंश की मौत हो गई। वही तीन गौवंश जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। गौशाला के अंदर मौजूद गोवंशों को केवल सूखा भूसा ही दिया जा रहा है। गौशाला में 560 गोवंश होने का लेखा-जोखा अधिकारियों को दिया जा रहा है।

गौशाला की जगह-जगह बाउंड्री टूटी होने के कारण उसके अंदर कुत्ता से लेकर जंगली जानवर भी अंदर घुस जाते हैं। जमीन पर कमजोर पड़े गौवंश को अपना शिकार बना लेते हैं, जबकि की बसरेहर क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों से अनुदान के रुप में परौली रमायन पंचायत के खाते में गौवंश के भ्रमण पोषण के लिए रुपये खाते में पहुंच रहे हैं, लेकिन फिर भी गौशाला की स्थिति खराब बनी हुई है।

दो वर्ष पहले 50 बीघा जमीन को प्रशासन के द्वारा कब्जा मुक्त करके गौशाला के बगल में चारागाह पर हरा चारा लगाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन अब तक कब्जा मुक्त हुई जमीन पर जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण हरा चारा नहीं लगाया गया। ऐसे में जमीन पर फिर से कब्जा हो गया। गौवंश को हरा चारा नहीं दिया जा रहा है। अगर गौवंश को हरा चारा भी मिलने लगे तो शायद यह कुपोषण का शिकार न हो और गौशाला में मौत का सिलसिला कम हो जाए।

**समारोह** — धनगर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

# शिक्षा ही समाज के संपूर्ण विकास की कुंजी : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- धनगर समाज को एससी का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की शासन से मांग

**अमृत विचार।** अहिल्याबाई होल्कर समाज सेवा संस्थान एवं आल इंडिया धनगर समाज महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में धनगर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान समारोह एक गार्डन में हुआ। समाज के नीट एवं आईआईटी में चयनित हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक के लगभग 100 छात्र-छात्राओं और एक दर्जन वरिष्ठ समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया।

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अखिलेश कुमार पाल ने छात्र-छात्राओं को अपना ध्यान शिक्षा पर केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के संपूर्ण विकास की कुंजी है। न्यायिक अधिकारी मोनिका पाल ने महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समाज का विकास तभी होगा जब पढ़ी-लिखी माताएं होगी। ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय धनगर ने धनगर अनुसूचित आरक्षण की राह में आने वाली विभिन्न बाधाओं को दूर कर धनगर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र तुरंत निर्गत करने के संबंध में शासन एवं प्रशासन को आगाह किया।



सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि का सम्मान करते अरविंद धनगर। अमृत विचार

समारोह में डॉ. एस पाल, प्रोफेसर डॉ. लवकुश पाल, प्रोफेसर प्रमेश पाल, प्रोफेसर अनुपम पाल, खंडीय लेखाधिकारी संध्या पाल, लज्जाराम बघेल, सत्य प्रकाश धनगर, शिव सिंह धनगर, राधेश्याम धनगर, सुदामा लाल पाल सहित दर्जनों समाजसेवियों ने संबोधित किया। पूर्व प्राचार्य नाथूराम धनगर ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अहिल्याबाई होल्कर समाज सेवा संस्था के महामंत्री अरविंद प्रताप सिंह धनगर, जिलाध्यक्ष नरेंद्र धनगर, मंत्री शशांक होलकर, प्रधानाचार्य पूरन सिंह पाल, प्रवक्ता विनोद कुमार पाल, शिखा पाल, हेमंत धनगर, देवेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, मुनेश सिंह बघेल, चंदन सिंह बघेल, दीपक पाल, संदीप पाल, दिनेश प्रताप सिंह, संदीप बघेल, माधव सिंह पाल, सहदेव सिंह, सत्यपाल सिंह, कुलदीप पाल, रामकुमार धनगर प्रधान, बलवीर सिंह बघेल, चंद्र प्रकाश धनगर, गोलू धनगर, अनिल बघेल, यशपाल सिंह , महेंद्र सिंह पाल, रामचंद्र पाल, मनीषबघेल, पुनीत पाल, पंकज पाल, अमर सिंह, संदीप बघेल, शेर सिंह बघेल सहित लगभग पांच सैकड़ा लोग उपस्थित रहे। संचालन अरविंद धनगर ने किया।



समारोह भाग लेते पाल धनगर समाज के समाजसेवी। अमृत विचार

## हादसे में एक की मौत दो लोग घायल

**भरथना।** समथर बंबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक युवक की मौत हो गई। दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

कन्नौज के सकरावा थाना क्षेत्र के मदारी गांव के रहने वाले गंगाराम का 35 वर्षीय बेटा अजय कुमार अपने दो साथियों के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर भरथना नवीन मंडी समिति में मजदूरी करने आ रहे थे। रास्ते में समथर बंबा के पास रात 11 बजे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर तीनों घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भरथना लाया गया, जहां पर अजय कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज, सवा चार साल पहले हुई थी शादी

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रा विकास कालोनी में एक महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए दहेज की खातिर हत्या करने का केस दर्ज कराया।



कंचन।

शहर में फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में इंद्रा विकास कॉलोनी में रहने वाले अंकुश की 23 वर्षीय पत्नी कंचन का शव शनिवार देर शाम घर के अंदर फांसी फंदे पर लटका शव देखे जाने पर कोहराम मच गया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्र फोर्स व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने नमूने एकत्रित किए, पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के इंदुरुख गांव से पिता भरत सिंह परिजनों के साथ आए। उन्होंने बताया कि पांच जुलाई 2020 को कंचन की शादी अंकुश के साथ की थी। कुछ दिनों बाद पति व ससुराली अतिरिक्त दहेज व बाइक के लिए बेटी को प्रताड़ित करते थे। कई बार समझाने पर भी प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा।

शनिवार रात दामाद ने फोन करके बताया कि कंचन ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी है। यहां आकर पता चला कि इन लोगों ने प्रताड़ित करके मार डाला। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पिता की तहरीर पर पति, ससुर राजकुमार व सास गीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# महिला प्रधान पर हमला करने वाले 3 गिरफ्तार

## किशनपुर क्षेत्र के रायपुर भसरौल में शनिवार को हुआ था हमला

संवाददाता, किशनपुर

● तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ एफआईआर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रायपुर भसरौल ग्राम पंचायत की मौजूदा महिला प्रधान किरन देवी पर शनिवार की देर शाम जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस उसकी तलाश में दबिशें दे रही है।

महिला प्रधान किरन देवी का आरोप है कि शनिवार की देर शाम वह घर पर मौजूद थी। उनके पति मुलायम यादव जरूरी काम से बाहर गए थे। देर शाम जयसिंहपुर मजरे सनगांव निवासी रामनरेश अपने साथियों के साथ चार पहिया वाहन से पहुंचा और पति के बारे में पूछताछ की। कुछ देर बाद रामनरेश व उसके साथी गालीगलौज करने लगे। महिला प्रधान किरण देवी ने गालीगलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने एक के बाद एक कर कई राउंड फायरिंग भी की। कुछ देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। फायरिंग होने की सूचना पर पहुंची पुलिस में घटनास्थल पर पूछताछ शुरू की। महिला प्रधान समेत ग्रामीणों ने पुलिस के सामने फायरिंग होने की बात कही, लेकिन पुलिस ने फायरिंग होने की बात से इंकार किया। देर रात महिला प्रधान ने हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। इस दौरान घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग गालीगलौज करते हुए फायरिंग करते दिख रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

देर रात पुलिस ने महिला प्रधान की तहरीर पर रामनरेश, अभिजीत, हंसराज और पउवा के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश में जुट गई। रविवार सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामनरेश, अभिजीत और हंसराज को लाइसेंसी राइफल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### वीडियो वायरल होने के बाद बदले पुलिस के सुर

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस के सामने महिला प्रधान व ग्रामीणों ने चीख-चीख कर हमलावरों द्वारा फायरिंग करने की बात कही, लेकिन पुलिस ने महिला प्रधान व ग्रामीणों की बात को अनसुना कर दिया। पुलिस ने फायरिंग होने की सूचना को निराधार बताया। घटना के कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया में घटना का एक वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस के सुर बदल गए। आनन-फानन में पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा और गिरफ्तारी की।

### फायरिंग से पूरे गांव में पसर गया था सन्नाटा

इस घटना का वीडियो देखकर लोग सहम गए। वायरल वीडियो में दबंगों ने इस तरह गांव में दहशत फैलाई कि लोग घरों में छिप गए। दबंगों की ओर से एक के बाद एक कर कई राउंड फायरिंग कर पूरे गांव में सन्नाटा फैला दिया। लोग सामने आने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

## ग्रापए के सदर तहसील अध्यक्ष बने अखिलेश

**फतेहपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई की मासिक बैठक जिला कार्यालय रुद्र सदन सथरियाव रोड खंभापुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुमुद तिवारी व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

बैठक में सर्वप्रथम फतेहपुर जनपद के 199 वें स्थापना दिवस मनाते हुए केक काटा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियां का सक्रियता से निर्वाह करें। वरिष्ठ महामंत्री सुजान सिंह गौतम ने संगठन में लापरवाह व संवेदनहीन पदाधिकारी को हिदायत देते हुए सक्रिय रूप से कार्य करने का अनुरोध किया। साथ ही संगठन में अनुशासनहीनता करने वाले आधा दर्जन पदाधिकारियों को निष्कासित कर सक्रिय सदस्यों को संगठन मजबूती का पाठ पढ़ाया। वही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह के प्रस्ताव पर सर्वसम्मत से अखिलेश कुमार को सदर तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष महेश त्रिपाठी, सुरेश चंद्र विश्वकर्मा, शेखर अवस्थी, विमल सिंह चैहान, प्रवेश सिंह, रोहित अग्रहरि समेत संगठन के समस्त पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# अपराध रोकने में भाजपा सरकार नाकाम

संवाददाता, फतेहपुर

● सनगांव में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के स्वागत समारोह में बोले प्रदेश महामंत्री

**अमृत विचार।** कांग्रेस पार्टी के सनगांव में तेलियानी ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने आए प्रदेश महासचिव व जिला प्रभारी अंशु तिवारी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने महिला उत्पीड़न में एक नया रिकॉर्ड कायम किया है।

उन्होंने कहा कि आज अपराधी खुलेआम रेप और इससे भी जघन्य अपराध बड़े बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। जय श्रीराम का नारा लगाकर जनता के बीच टहल रहे हैं। जो कि बहुत ही निंदनीय है। जहां एक ओर मुख्यमंत्री जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं तो वहीं दूसरी ओर अपराधी और अपराध उन्हें ठेंगा दिखाते नजर आते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चैहान ने आयोजन की सफलता के लिए तेलियानी ब्लॉक अध्यक्ष अकरम काले व उनकी नवनियुक्त कमेटी की भूरि भूरि प्रशंसा की। पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनता के हित में कांग्रेस पार्टी ने सदैव संघर्ष का रास्ता अपनाया है। उसे कभी भी सत्ता का लोप नहीं रहा। सरकार में रहते हुए भी सदैव आम जनता का दर्द समझना एवं उसका निराकरण करना उसका प्रथम उद्देश्य रहा है। आज भी हम जिन व्यवस्थाओं का उपभोग कर रहे हैं। वह कांग्रेस की ही देन है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सईद चच्चा, जहानाबाद नगर अध्यक्ष अतुल पासवान महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता पटेल, माधुरी रावत, बच्चा बाजपेई, वरिष्ठ नेता मुन्ना अग्निहोत्री, संगठन प्रभारी राजन तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अकरम काले, बहुआ ब्लॉक अध्यक्ष शबनम, अतुल सचान आदि लोगों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

## मशीन में ब्लास्ट कर्मचारी झुलसा

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुराइनटोला पावर हाउस में रविवार की दोपहर मशीन चालू करते समय अचानक ब्लास्ट हो जाने से 40 वर्षीय सब स्टेशन मास्टर झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अरबपुर निवासी महावीर वर्मा का पुत्र राजा वर्मा मुराइनटोला पावर हाउस में सब स्टेशन मास्टर के पद पर तैनात है। बताते हैं कि दोपहर मशीन चालू करते समय अचानक विस्फोट हो जाने से वह बुरी तरह झुलस गया। जिसे तत्काल कर्मचारियों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# रामविवाह और भंडारे की सौंपी गई जिम्मेदारी

संवाददाता, खागा

**अमृत विचार।** नगर के जीटी रोड स्थित एक आवास पर बालाजी सेवा समिति ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पप्पू द्विवेदी संचालन केदारनाथ शुक्ला ने किया। इसमें ट्रस्ट के सदस्यों और सेवादारों ने आगामी रामविवाह महोत्सव की तैयारियों पर गहन चर्चा की।

यह महोत्सव हर वर्ष श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस बार इसे और भव्य बनाने के लिए समिति ने नए विचारों पर विचार किया। इस दौरान तय किया गया कि रामविवाह के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार के भोजन और प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने सभी जिम्मेदारियों को विभिन्न सेवादारों में बांटा, ताकि आयोजन की हर प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। सेवादारों को भोजन, मंच सजावट, प्रकाश व्यवस्था, और सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का कार्यभार सौंपा गया। सभी ने पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।


बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते ट्रस्ट के पदाधिकारी। अमृत विचार

# मनुष्य की इच्छाओं को पूरी करती भागवत कथा

संवाददाता, हथगाम


भागवत कथा का वर्णन करते कथा वाचक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव की शुरुआत की गई। कथा के चौथे दिवस पर कथा व्यास ने श्रीमद भागवत कथा के महत्व का वर्णन किया। कथा वाचक आचार्य पंडित श्री राम कृष्ण तिवारी जी ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा ईश्वर का परिपूर्ण स्वरूप है, इसलिए यह दिव्य ग्रंथ है।

उन्होंने कहा कि भागवत ग्रंथ ज्ञान, योग, कर्मयोग, समाज, धर्म व राजनीतिक ज्ञान का मूल स्रोत है। इसलिए एक पल भी ईश्वर चिंतन के बिना नहीं रहना चाहिए। जो आनंद शिव समाधि में मिलता है वही आनंद इस ग्रंथ से मिलता है। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। इसके लिए मनुष्य को निर्मल भाव से कथा सुनने और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है।

भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भागवत की महिमा सुनाते हुए कहा कि एक बार नारदजी ने चारों धाम की यात्रा की, लेकिन उनके मन को शांति नहीं हुई। नारद जी वृंदावन धाम की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक सुंदर युवती की गोद में दो बुजुर्ग लेटे हुए थे, जो अचेत थे। युवती बोली महाराज मेरा नाम भक्ति है। यह दोनों मेरे पुत्र हैं, जिनके नाम ज्ञान और वैराग्य है। यह वृंदावन में दर्शन करने जा रहे थे,लेकिन बृज में प्रवेश करते ही यह दोनों अचेत हो गए। आप इन्हें जगा दीजिए। इसके बाद देवर्षि नारदजी ने चारों वेद, छहों शास्त्र और 18 पुराण व गीता पाठ भी सुना दिया, लेकिन वह नहीं जागे। नारद ने यह समस्या मुनियों के समक्ष रखी। ज्ञान, वैराग्य को जगाने का उपाय पूछा। उन्होंने कहा कि गलती करने के बाद क्षमा मांगना मनुष्य का गुण है। दूसरे की गलती को बिना द्वेष के क्षमा कर दें। वह मनुष्य महात्मा होता है। भगवान को कहीं खोजने की जरूरत नहीं। वह सबके हृदय में मौजूद हैं। अगर जरूरत है तो सिर्फ महसूस करने की। प्रसंग सुन समस्त मौजूद भक्त प्रभु जी महिमा में मे नाचने झूमने लगे। मौजूद भक्त शोभा शुक्ला, भगौती प्रसाद, स्मृति, मोनू, निधि, आश्विन, प्रदीप, दीप्ति, रचना, उमाशंकर, गौरव, अरुष, अनय, आदि भक्त मौजूद रहे।

## महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम पोखीपुर में रविवार की दोपहर पति से झगड़ा करने के बाद 50 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार पोखीपुर गांव निवासी उदय सिंह की पत्नी विमला देवी का आज दोपहर अपने पति से झगड़ा हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज करा रही पुत्री सुनीता ने बताया कि पापा शराब पीने के आदी हैं और वह शराब के नशे में मारपीट करते हैं। जिसके चलते मां ने जहर खा लिया।

# सड़क हादसों में चार लोग घायल

संवाददाता, फतेहपुर

● जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसे, एक महिला कानपुर के लिए रेफर

**अमृत विचार।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान चार लोग घायल हो गये। जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के आलमगंज निवासी अय्यूब खान की 50 वर्षीय पत्नी मुसैदा खान अपने पुत्र फैज के साथ बाइक से किसी काम से जा रही थी जैसे ही वह घर से कुछ दूर पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गई। इसी प्रकार बिंदकी कोतवाली के ही घरईखेड़ा गांव निवासी जयपाल का 30 वर्षीय पुत्र विजय सिंह बाइक से शहर किसी काम से आया था। बताते हैं कि लोधीगंज के समीप बाइक खड़ी कर किसी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच बगल से गुजर रही क्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह घायल हो गया। उधर हथगाम थाना क्षेत्र के सरांय इदरीस गांव निवासी इन्द्रपाल का 22 वर्षीय पुत्र लाल सिंह आटो चालक है। बताते हैं कि खागा आते समय सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के देवरामपुर के समीप अचानक गाड़ी बंद हो जाने पर वह उसे चेक कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही चार पहिया ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। जबकि खागा कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी बोदीलाल का 35 वर्षीय पुत्र महेन्द्र की बहन प्रियंका व गांव की ही सहेली दीपाली व रंजना शहर पेपर देने आई थी। जिन्हें लेकर बाइक से दोपहर वापस जा रहा था। तभी थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत एकारी के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से महेन्द्र बुरी तरह घायल हो गया। जबकि बहन व उसकी सहेली को मामूली चोटे आई हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने मुसैदा खान की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया।





खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

# निशानेबाजी में रायबरेली खो-खो में खागा विजेता

संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** सरस्वती बाल मंदिर योजना द्वारा संचालित विद्यालयों की सुलेख प्रतियोगिता, निशानेबाजी और खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। क्रीड़ी महोत्सव में 25 शाखाओं ने प्रतिभाग किया। निशानेबाजी में सरेनी (रायबरेली) और खो-खो प्रतियोगिता में खागा की टीम विजेता रही। दूसरे स्थान पर रघुवंशपुरम और तिंदवारी की शाखाएं रहीं। यहां संस्थान के प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी , अरविंद कुमार, श्रवण कुमार, मोहित शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, शिवबाबू शुक्ला सहित प्रधानाचार्य एवं खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# संगोष्ठी में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

संवाददाता, फतेहपुर


शैक्षिक संगोष्ठी में भाग लेते मुख्य अतिथि व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रोफेसर, टीचर्स एंड नॉन टीचिंग एम्पलाइज आर्गेनाइजेशन की शैक्षिक संगोष्ठी हुई, जिसका शुभारंभ कवि शिवशरण बंधु हथगामी ने किया।

संगोष्ठी में पुरानी पेंशन व्यवस्था ओपीएस को पुनः बहाल करने, उत्तर प्रदेश में पदोन्नति में एससी-एसटी आरक्षण को पुनः बहाल कराने, ओबीसी के लिए पदोन्नति में आरक्षण लागू कराने, विश्वविद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं में साक्षात्कार के आधार पर भर्ती की प्रक्रिया में एनएफएस नॉट फाउंड सुटेबल की व्यवस्था को खत्म करते हुए लिखित परीक्षा के आधार पर भर्ती कराने की प्रक्रिया को लागू कराने, विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज, शासकीय महाविद्यालयों में क्रमशः कुलपति एवं प्राचार्य पदों पर एससी-एसटी, ओबीसी की समाजिक प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षण एवं रोस्टर की व्यवस्था को लागू कराना आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में एएस इंटर कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल आरपी मौर्य, सदाशिव इंटर कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल राजबहादुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार सिंह, बलराम सिंह, रतीभान पाल, महेंद्र पटेल, सुरेश सचान, प्रदीप पासवान, महेंद्र यादव, रमेशचंद्र, पुनीत उत्तम, संदीप यादव, राजीव कुमार सिंह, रेनू मौर्य, किरन देवी, मंजू देवी, मीना देवी आदि रहे।

## रेडक्रास ने बच्चों को बिस्किट बांटे

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन की ओर से यूथ आइकॉन व चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने जिले के 198वें स्थापना दिवस पर आकूपुर अजगवां में केक काटा।

गांव में बच्चों द्वारा पूरे उत्साह के साथ गुब्बारे फुलाये। सभी बच्चों ने उत्साह के साथ देशभक्ति के गीतों पर नृत्य कर एवं गीत सुनाकर स्थापना दिवस मनाया तत्पश्चात डॉ अनुराग ने फतेहपुर के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। सभी बच्चों को बिस्कुट, टॉफी, केक, गुब्बारे इत्यादि वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी नरेंद्र विश्वकर्मा सहित चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### स्थापना दिवस पर बावनी इमली दीपदान

**बिंदकी।** जनपद के 198वीं वर्षगांठ पर युवा विकास समिति व श्री बालाजी सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 52 क्रांतिकारियों की शहीद स्थली खजुहा में अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर 198 दीप जलाए गए। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधरोपण किया गया। आलोक गौड़ ने कहा कि फतेहपुर का इतिहास शौर्य गाथाओं से भरा हुआ है। भावि युवा पीढ़ी इससे अनभिज्ञ है। इस मौके पर अध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र ओमर उर्फ मोना, युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़, अंशुल गुप्ता, मुन्नालाल सोनकर, आदर्श चैहान, अनुपम ओमर, रिंकू तिवारी, ललित राजपूत, कालीदीन प्रधान, अश्वनी मिश्रा, अनुज त्रिवेदी, विजयनारायण, गुड्डू तिवारी, राजेश प्रसाद वर्मा, भोरे गोस्वामी, पूनम सोनकर, राघव ओमर आदि रहे।

### दबंग कर रहे खेत पर कब्जे का प्रयास, पुलिस से शिकायत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली के धरमदासपुर के हरिलाल पासवान ने प्रभारी निरीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि वह गांव की बबिता देवी के खेतों की देखरेख करता हैं। 8 नवंबर की सुबह जब वह खेत की ओर जा रहा था, तभी गांव के ही कई लोग आ गए और लाठी डंडा लेकर ट्रैक्टर से खेत पर कब्जा करने के लिए खेत में ट्रैक्टर चलाने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए दौड़ा लिया। इसकी शिकायत बबिता देवी ने की। 9 नवंबर की सुबह घर से चौराहे जाते समय उसे लात घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। गांव के लोग दौड़े तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### रियाज बने प्रेस क्लब ऑफ यूपी के मंडल अध्यक्ष

**फतेहपुर।** प्रेस क्लब आफ यूपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव ने आबूनगर निवासी रियाज़ अहमद को प्रयागराज मण्डल का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। रियाज अहमद को दिए नियुक्ति पत्र में प्रदेश अध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव ने उनसे प्रयागराज मंडल में संगठन मज़बूती के लिए कार्य करने की अपेक्षा की है। रियाज अहमद के मंडल का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जनपद के पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। जिलाध्यक्ष मो. शमशाद ने बताया कि संगठन के सदस्यों व पत्रकारों द्वारा शीघ्र ही जिला कैम्प कार्यालय में कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया जायेगा। जल्द ही इसके लिए रूप रेखा बनाई जाएगी।

### फतेहपुर के स्थापना दिवस पर हुई काव्य गोष्ठी व दीपोत्सव

**अमौली।** शहीद विजय पाल स्मारक झाऊपुर में काव्य गोष्ठी एवं दीपोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद विजय पाल यादव की प्रतिमा में माल्यार्पण व एक दीप शहीद के नाम से हुई। कवियों व पत्रकारों को सम्मानित किया गया। काव्य गोष्ठी में कवि ज्ञानेंद्र प्रकाश ने 'इतिहास समेटे हुए भारत का फतेहपुर, भारत बुलंदियों की सीढ़ी बना सकें'। कवि राम शुक्ला ने राह पग में तो बढे, धीर मन में तो धरे, कारवां बन जाएगा, धारणा मन में धरे। कवि राहुल कश्यप ने जहां आशाओं के दीप जले मंदिर व शिवालय हैं, गर्व से बोलो दुनियां सुनती हम फतेहपुर वाले हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिओम शर्मा, अतुल उमराव, अजय यादव, अभिषेक उमराव, ललित कुमार, प्रकाश वीर आर्य, विनोद यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से वृद्ध की बिगड़ी हालत, रेफर

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी उदय पाल रविवार की सुबह खेत में काम कर रहा था, तभी सर्प ने उसे डस लिया। परिजन उसे एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय लाए, जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

### खौलता दूध गिरने से बालक झुलसा

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरम कालोनी में रविवार की सुबह खौलता दूध गिरने से 10 वर्षीय बालक झुलस गया। शिवपुरम कालोनी निवासी राजकुमार का पुत्र कुनाल रविवार की सुबह किचेन में गया था। तभी आलमारी में रखा खौलता दूध धक्का लग जाने से उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह झुलस गया। परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

समारोह | क्षेत्रवाद और राजनीति से ऊपर उठकर जिले का कराएंगे विकास : नरेश उत्तम

# माटी से माटी कार्यक्रम में विभूतियों का सम्मान

संवाददाता, फतेहपुर



विभूतियों को सम्मानित करते सांसद नरेश उत्तम पटेल व स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती।

**अमृत विचार।** गंगा घाट किनारे रविवार को 17वें जनपदीय अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। स्वामी विवेकानंद ने जनप्रतिनिधियों से जनपद की तीन प्रमुख जनसमस्या से अवगत कराते हुए कहा कि मलवां औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले इंडस्ट्रीयल वेस्ट (कचरा) से भूगर्भ जल ख़ासकर मलवां व गंगा किनारे के गाँव सौरा, चितौरा, बरौरा, सनगांव, सूपा आदि प्रदूषित हैं। जल प्रदूषण से लोगों में स्किन डिसीज, आँखो के रोग व किडनी रोग से जनजीवन प्रभावित हैं इसके निदान के लिए जनप्रतिनिधि से अपील की।

फतेहपुर फोरम के अध्यक्ष पूर्व आईपीएस प्रदीप श्रीवास्तव ने अखनई झील के संरक्षण के लिए जनप्रतिनिधियों खासकर जनपद के सांसद नरेश पटेल से अपील की। जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल ने यमुना कटान व अन्य प्रमुख बिंदुओं पर कार्य करने का भरोसा दिया। बिन्दकी विधायक जय कुमार जैकी ने कहा कि माटी से माटी कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर जहानाबाद क्षेत्र में गाँवों में इस कार्यक्रम को कराया। विधायक विकास गुप्ता ने फोरम के कार्यों की सराहना करते हुए विकास संबधित कार्य में पूरी मदद का आश्वासन दिया।

हुसेनगंज विधायक ऊषा मौर्या ने कहा कि फतेहपुर के विकास के लिए हमेशा तत्पर हूं। जब क्षेत्र की वाटर बाडी के लिए तमाम प्रपोजल शासन को भेजे हैं। नगर पालिका के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार मौर्या ने शहरी क्षेत्र में वाटर रिजार्ज के लिए अमृत सरोवर बनाए जाने का संकल्प दोहराया। सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि जनपद का विकास उनके लिए पहले है। क्षेत्रवाद व अन्य राजनीति से बढ़कर हम जिले के विकास के लिए जो भी मामले आएंगे उसको सदन से संसद तक उठाएंगे। माटी से माटी कार्यक्रम के दौरान 10 जी में पढ़ने वाले छात्र शौर्य द्विवेदी को उनके ई-बाइक इनोवेशन के लिए सम्मानित किया गया। अनूप पटेल समीक्षा अधिकारी सचिवालय माझेपुर फतेहपुर, जितेंद्र मौर्य पिलखिनी समीक्षा अधिकारी सचिवालय, ओम शरण श्रीवास्तव पूर्व महाप्रबंधक लोक निर्माण, डा. राजेश त्रिपाठी प्रबंधक उत्कर्ष हॉस्पिटल कानपुर इनके सम्मान हुए।

# जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगी श्रीमाली महासभा

संवाददाता, फतेहपुर

● पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड को लेकर आज दिया जाएगा ज्ञापन

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय श्रीमाली महासभा की बैठक में संगठन मजबूती को लेकर जहां चर्चा की गई वहीं निर्णय लिया गया कि दिवंगत पत्रकार दिलीप सैनी को न्याय दिलाए जाने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

श्रीमाली महासभा की बैठक जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष ललित प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी से संगठन मजबूती में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या समाज के लिए कलंक है। खुलेआम पत्रकार की हत्या से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

उन्होने कहा कि कल (आज) संगठन की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों को कठोर सजा दिलाए जाने की मांग की जाएगी। उन्होने कहा कि समाज दिवंगत पत्रकार के परिवार के साथ खड़ा है और उन्हें न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर कामता प्रसाद श्रीमाली, विनोद श्रीमाली, शैलू प्रधान, धर्मराज सैनी, गुलाब चन्द्र श्रीमाली, रवीकरन श्रीमाली, रामचन्द्र सैनी, कुलदीप सैनी, संदीप सैनी, रामकरन सैनी, श्याम बाबू प्रधान, शंकर सैनी भी मौजूद रहे।

# बिजली चेकिंग से हड़कंप 55 घरों के कनेक्शन कटे

## अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में चला बिजली बकाया वसूली अभियान

संवाददाता ककोर, औरैया



घरों में बिजली मीटर चेकिंग करते बिजली विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिजली विभाग बिल वसूली को लेकर सख्त हो गया है। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के आदेश पर औरैया जिले में अधीक्षण अभियंता बृजमोहन के नेतृत्व में बिजली बिल जमा अभियान पूरे दिबियापुर डिबीजन में चला। इस दौरान टीम घरों में पहुंची तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर कई लोग घरों में ताला लगाकर रफूचक्कर हो गए तो कई घरों में दुबक गए। टीम ने इस दौरान 55 बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटे गए वहीं 2.55 लाख रुपये जमा हुए।

इस समय जिले में बिजली वसूली अभियान से हड़कंप मचा हुआ है। जिसमें जिले के अधीक्षण अभियंता बृजमोहन तथा अधिशासी अभियंता ए कुमार के नेतृत्व में दिबियापुर में अभियान चलाया गया। जिसमें अलग-अलग क्षेत्र से लोगों को अलग-अलग तरीके से बिजली बिल जमा करने को कहा गया। दिबियापुर विद्युत वितरण के अधिशासी अभियंता ए कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल 5 हजार रुपये या उससे अधिक है वह तुरंत अपना बिल जमा कर दें। अन्यथा कनेक्शन विच्छेद कर दिया जाएगा। इसके बाद होने वाली असुविधा के लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा। वहीं अधीक्षण अभियंता बृजमोहन ने बताया कि जिले में सघन बिजली वसूली अभियान लगातार चलता रहेगा। बिजली बिल बकायदार में सभी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि कनेक्शन विच्छेद के बाद जुड़ा हुआ पाया जाता है उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। उप खंड अधिकारी ने बताया जिन उपभोक्ताओं के बिजली के मीटर घर के अंदर लगे हुए हैं वह तुरंत अपने-अपने मीटर को बाहर लगवा लें। जल्दी ही ऐसे मीटर को चिह्नित किया जाएगा। उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होगी। जिले में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की शिकायत लगातार मिल रही थी जिसके कारण यह चेकिंग अभियान अलग-अलग क्षेत्र में चलाया जा रहा है और बिजली चोरी करने वाले पकड़े भी जा रहे हैं।

रविवार को छुट्टी का दिन होने पर बिजली विभाग की टीम वसूली अभियान के लिए घरों में पहुंची। टीम ने 55 कनेक्शन काट दिए। वहीं दिव्यापुर डिवीजन में कैंप के माध्यम से 2.55 लाख जमा राशि हुई। इस दौरान अधीक्षण अभियंता बृजमोहन, अधिशासी अभियंता अश्वनी कुमार, संतोष कुमार उपखंड अधिकारी, एके सिंह, सौरभ कुमार, अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# निर्माण के महज 3 महीने बाद ही उखड़ गई सड़क

संवाददाता ककोर, औरैया

● ग्राम पंचायत उसरारी की सड़क का मामला

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट ग्राम पंचायत उसरारी के लिए बनाई गई सड़क निर्माण के तीन माह बाद ही उखड़ने लगी है। सड़क बनाते समय ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री को लेकर हंगामा किया था। लेकिन ठेकेदार ने लोगों की बात अनसुनी करके घटिया सामग्री लगा दी। 3 माह पहले औरैया दिबियापुर रोड से कढ़ोरे का पुरवा होते हुए उसरारी गांव तक जाने वाली दो किमी की सड़क उखड़ने लगी है। जबकि यातायात कम होने के बाद भी सड़क टूट गई है। उसरारी गांव के लोगों ने विभाग से दोबारा सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है। पूरी सड़क पर जगह जगह उखड़ने से समस्या हो गई है। वहीं ग्राम वासियों में विवेक, लालू, संजू पूर्व प्रधान, बाबा, विमल गंगाराम, सोनू ने सड़क निर्माण की मांग की है।

# पति सहित 8 ससुरालीजनों पर रिपोर्ट

फॉलोअप...

संवाददाता अयाना, औरैया

● शादी के पांचवें दिन नवविवाहिता के फंदे पर लटके मिलने का मामला

**अमृत विचार।** शादी के पांचवें दिन शनिवार को हिमानी का शव फंदे पर लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। इधर मृतका के भाई ने बहनोई सहित 8 ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के चांदूपुर निवासी हेमंत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि बहन हिमानी 19 की शादी पांच नवंबर को करके का पुरवा निवासी शिवम के साथ की थी। शादी में आरवन 5 बाइक की जगह दूसरी बाइक देने पर ससुरालीजन ने बाइक लेने से इंकार कर दिया। वहीं जंजीर व अंगूठी न मिलने पर ससुरालीजन विदाई की रश्म करने से इंकार करने लगे। रिश्तेदारों के समझाने व जल्द मांगें पूरी करने की बात पर बहन की विदाई हुई। बाराती बाइक लेकर नहीं गए तो वह बाद में बाइक देने उनके घर गया। वहां बहन के ससुरालीजन ने उसे जलील किया। बताया कि वह बहन के खाते में शादी के लिए रुपये जमा करता था। इसकी जानकारी शिवम को थी। विदाई के बाद बहन के खाते में रुपये न मिलने पर मारपीट की। इसकी जानकारी बहन ने उसको दी। शुक्रवार की रात को बहन की उसके पति शिवम, ससुर चरन सिंह, सास राजकुमारी, जेठ सौरभ, गौरव, जेठानी आरती, रश्मि व ननद शिल्पी ने गले में फंदा कसकर हत्या कर दी और शव को कुंडे पर लटकाकर भाग गए। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# तमंचा-कारतूस के साथ 1 गिरफ्तार

**अछल्दा।** पुलिस ने एक व्यक्ति को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के घसारा नहर पुल पर पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश कर रही थी तभी खैरा कटरियापुर मार्ग की तरफ से एक व्यक्ति बाइक से आया जो चेकिंग देखकर हड़बड़ा गया और बाइक मोड़कर वापस कटरियापुर की तरफ भागने लगा। जल्दबाजी में वह फिसलकर गिर गया और उठकर बाइक उठाने लगा, शक के आधार पर पुलिस ने जामा तलाशी ली तो उसके पास से 1 तमंचा 315 वोर, 1 कारतूस बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम दीपक यादव नगला रायसिंह निवासी बताया।

# माइनर पड़े सूखे, किसानों को पलेवा में दिक्कत

संवाददाता ककोर, औरैया



बिना पानी के सूखी पड़ी माइनर।

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट डेढ़ माह से बूढ़ादाना माइनर से पानी की आस लगाए बैठे किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माइनर में पानी न होने के कारण पलेवा नहीं हो पा रही। अब गेहूं, आलू सरसों के पलेवा पर भी संकट मंडरा रहा है। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी किसानों पर भारी पड़ रही है।

इन दिनों माइनर से पानी मिलना तो दूर विभागीय अधिकारियों की ओर से इनकी सफाई तक नहीं कराई जा रही है। कटीली झाड़ियों के कारण माइनर दिखाई तक नहीं देती। सरकारी ट्यूबवेल से कोई राहत नहीं है। वहीं गरीब किसान खुद डीजल का भुगतान कर खेतों का पलेवा कराने में सक्षम नहीं हैं। कस्बा के बैसुंधरा माइनर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से होकर निकला है। जिसमें आमपुर, रघुनाथपुर, हरराजपुर, मेरखपुर, आशापुरवा, मकू पुरवा, भीयांपुर, असवी, चपौली समेत दर्जनों गांव में सिंचाई का पानी जाता है। आलम यह है कि यह बंबा करीब डेढ़ माह से सूखे पड़े हैं। इसी के चलते क्षेत्र में हजारों बीघा गेहूं आलू सरसों आदि की फसलों का पलेवा नहीं हो पा रहा है। पानी न मिलने से फिर वहीं हालात है। किसानों का कहना है कि पिछली फसल से कोई लाभ नहीं हुआ है। ऐसे में डीजल इंजन से खेत की सिचाई का बजट ही नहीं बचा है। किसानों के अनुसार माइनरों की यह हालत है कि उनसे पानी मिलना तो दूर कटीली झाड़ियों की सफाई तक नहीं हुई है।

बूढ़ा दाना के किसान, रामसिंह, राजू कुमार, सर्वेश , अरविन्द कुमार प्रधान मोहित सिकरवार के साथ अन्य ने कहा कि शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने सिचाई विभाग से माइनर में पानी छोड़े जाने की मांग की है।



कंचौसी स्टेशन में खड़ी ऊंचाहार एक्सप्रेस। अमृत विचार

# ढाई घंटे लेट कंचौसी पहुंची ऊंचाहार एक्सप्रेस, परेशानी

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली हावड़ा रेल रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे स्टेशन पर रविवार को ऊंचाहार एक्सप्रेस अपने समय से ढाई घंटे देरी से पहुंची। इससे यात्रियों को खासी परेशानी हुई। ऊंचाहार एक्सप्रेस सुबह अपने निर्धारित समय सुबह 3:54 बजे के बजाय ढाई घंटे की देरी से साढ़े 6 बजे के बाद रेलवे स्टेशन पहुंची। कानपुर, उन्नाव, फतेहपुर, बिन्दकी, प्रयागराज आदि जगहों पर जाने वाले यात्रियों को देरी होने से परेशानी का सामना करना पड़ा।

# यज्ञशाला में किया संतों का चिकित्सीय परीक्षण

**बिधूना औरैया।** राज राजेश्वरी मां पीतांबरा के 108 कुंडीय हवन यज्ञ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी औरैया डॉ. सुनील कुमार वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिशिर पुरी, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वेद प्रकाश शाक्य ने भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने संत रामदास महाराज के सानिध्य में आयोजित 108 कुंडली मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ वनखंडेश्वर महादेव मंदिर बिधूना औरैया पर चिकित्सा विभाग की ओर से तैनात चिकित्सीय टीम का निरीक्षण किया। टीम को सतर्क रहकर श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल करने का निर्देश दिया। साथ ही संतों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान संत रामदास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# रामलीला में 5वें दिन हुआ सीता हरण

संवाददाता अजीतमल, औरैया



रामलीला में किरदार निभाते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बीहड़ी ग्राम गौहानी कला में चल रही रामलीला के पांचवें दिन सीता हरण एवं जटायू की लीला का सुन्दर मंचन किया गया।

लीला की शुरुआत राम लक्ष्मण एवं सीताजी के दंडक वन में कुटिया बनाकर रहने के दृश्य से हुई। इस दौरान लंका के राजा रावण की वहन सूपनखा आ जाती है और वह श्रीराम जी से शादी करने की इच्छा जाहिर करती है तभी वह अपने छोटे भाई लक्ष्मण के पास भेज देते है इस तरह वह जब गुस्सा होकर के अपने राक्षसी रूप में प्रकट होती है तो लक्ष्मण उसकी नाक कान काट लेते है यहीं से रावण और राम के युद्ध की शुरुआत हो जाती है । सूपनखा खरदूसण के पास जाती है और वह युद्ध में लड़ने आते हैं, जिन्हें रामजी मार देते हैं तब वह रावण के दरवार में पहुंचती है और रावण को उल्टा सीधा कहती है और बताती है कि वनवासी राम लक्ष्मण के साथ एक स्त्री सीता भी है तब रावण सीता हरण करने का प्लान बनाता है। और मारीच की सहायत से सीता का हरण कर लाता है। रास्ते में जटाउ ने रावण से युद्ध किया तो रावण जटाउ के पंख काट देता है। जब राम और लक्ष्मण सीता की खोज करते हुए आते हैं और जटाउ उनको बताता है कि सीता का हरण रावण ने किया है और प्रभु राम के हाथों में अपने प्राण त्याग देता है।

लीला का सुन्दर मंचन देखने को पूरी रात्रि दर्शक पंडाल में डटे रहे। कार्यक्रम आयोजक रविन्द्र नाथ शस्त्री ने बताया कि सोमवार को रामलीला का अन्तिम दिन है, जिसमें रावण वध के साथ ही राम का राज्याभिषेक होगा।

# आंवला के पेड़ की पूजा कर मनाई अक्षय नवमी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद वहीं किया भोजन परिवार की सुख समृद्धि मांगी



आंवले के पेड़ की पूजा आरती करती महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिवार के सुख और सौभाग्य की इच्छा से सुहागिनों ने रविवार को इच्छानवमी (अक्षय नवमी) पर आवंले के पेड़ की पूजा अर्चना कर अखण्ड सौभाग्य की कामना की। श्रद्धालु महिलाओं ने सुबह से व्रत रखकर पूड़ी, खीर सहित विभिन्न पकवान बनाये। इच्छानवमी को आंवले के पेड़ की पूजा की। वहीं पर्व की कथा पढ़ी सुनी गई। उसके बाद श्रद्धा से आरती कर आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर भोजन रूपी प्रसादी ग्रहण किया। बताया कि आज की कार्तिक मास की शुक्लपक्ष की नवमी तिथि पर विधि विधान से ये व्रत करने पर प्रभु नारायण की कृपा प्राप्त होती है।

# पूर्व मंत्री के निधन पर शिवपाल ने जताया शोक

संवाददाता अजीतमल, औरैया



शोक संवेदना व्यक्त करते शिवपाल यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के तीन जिलों के प्रभारी रहे एवं पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी रहे ठाकुर भोला सिंह के निधन पर पूर्व मंत्री एवं सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने पैतृक गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

उत्तर प्रदेश के पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री भोला सिंह का शुक्रवार शाम 4 बजे बीमारी से निधन हो गया। वह करीब 93 वर्ष के थे। समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी रहे हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम बीमारी के दौरान कानपुर अस्पताल ले जाते समय अकबरपुर के निकट रास्ते में ही उनका निधन हो गया। निधन होने पर उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव गंगदासपुर लाया गया, जहां शनिवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। भोला सिंह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। भोला सिंह के निधन से राजनीति में एक बेहद ईमानदार नेता की जगह रिक्त हो गयी है। शुक्रवार को भोला सिंह के निधन की खबर से सपा के शिवपाल सिंह यादव, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष इरशाद कुरैशी, सांसद जितेंद्र दोहरे, मदन सिंह गौतम, प्रदीप यादव, समेत संपूर्ण पार्टी में शोक की लहर है। उक्त वरिष्ठ नेताओं ने पैतृक गांव पहुंचकर कर परिजनों से शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# बिना पंजीयन ट्रैक्टर से नहीं कर सकेंगे व्यवसायिक काम

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में अब परिवहन विभाग की निगाहें निजी कृषि कार्य हेतु लिखे ट्रैक्टरों पर पड़ गई है। यदि आप निजी कृषि कार्य ट्रैक्टर से व्यवसायिक कार्य करते हैं तो ट्रैक्टर का व्यवसायिक पंजियन होना आवश्यक है।

संभागीय परिवहन अधिकारी सुधीश तिवारी ने बताया कि जिले में ट्रैक्टर मालिक अपने निजी कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर लेते हैं। जिस पर सरकार द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं है। लेकिन यदि निजी कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर से आप व्यवसायिक कार्य करते हैं तो आपको अपने ट्रैक्टर का व्यवसायिक पंजीकरण करना होगा। जैसे ट्रैक्टर द्वारा किसी दूसरे का सीमेंट मौरंग, बालू, मिट्टी, ईंट माल लादा जाता है तो परिवहन विभाग द्वारा उस ट्रैक्टर का चालान किया जाएगा। क्रम में 6 से अधिक ट्रैक्टरों का रविवार को चालान किया गया और बड़े वाहनों का भी चालान किया गया।

## सार-संक्षेप

### ज्योतिर्गमय मिशन के उद्देश्य पर हुई चर्चा

**अजीतमल, औरैया।** जिले में प्राथमिक स्कूलों के वातावरण और पठन-पाठन में सुधार के लिए जिलाधिकारी की अनूठी पहल मिशन ज्योतिर्गमय को मूर्ति रूप देने के लिए डाइट अजीतमल प्राचार्य के निर्देशन में प्रवक्ता कार्य योजना तैयार कर प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को मंत्र दे रहे हैं। मिशन के मुख्य समन्वयक डाइट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत, सह समन्वयक डॉ निधि अवस्थी और प्रशिक्षण प्रभारी डॉक्टर विनय कश्यप ने कार्य योजना को मूर्त रूप देने के लिए मिशन को गति दी। इसके चलते जनपद के 38 विद्यालयों को चयनित किया गया, चयनित विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित एक सहायक अध्यापक को डाइट अजीतमल में चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया। इस दौरान डाइट प्रचार डॉ जीएस राजपूत ने बताया की जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं के सुधार के लिए मिशन ज्योतिर्गमय कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसके तहत प्रथम चरण में जनपद के 38 विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 4 बिंदुओं अवधारणा आधारभूत ढांचा प्रभावी शिक्षण विकास और समग्र विकास पर चर्चा की गई। प्रार्थनासभा समय सारणी, कक्षा कक्ष की बैठक व्यवस्था, सक्रिय पुस्तकालय प्रयोगशाला, खेल पोषण शक्ति निर्माण, विद्यालय नेतृत्व एवं प्रबंधन विद्यालय और आंगनबाड़ी का जुड़ाव, समावेशी शिक्षा शिक्षण योजना, पाठ योजना, शिक्षक डायरी, शिक्षक नवाचार, एक क्लब बाल संसद जैसे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम — खाटू श्याम के तृतीय महोत्सव में हरियाणा, दिल्ली, मध्यप्रदेश से आए गायकों ने प्रस्तुत किए भजन

# परिवार पर मेरे श्याम तुम तनिक नजर रखना...

संवाददाता अजीतमल, औरैया



भजन गाते हरियाणा के भजन गायक व झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

● भोर तक जगराता देखने को डटे रहे श्रद्धालु

● श्याम बाबा के जयकारों से गूंजा वातावरण

**अमृत विचार।** श्रीश्याम महोत्सव में सारी रात श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बाबा के चरणों में वंदन करने के लिए श्रद्धालुओं की सुबह 4 बजे तक भीड़ लगी। श्याम भक्त पंक्तिबद्ध होकर श्रीखाटू श्याम बाबा के दर्शन करते रहे। गायक कलाकारों ने परिवार पर मेरे श्याम तुम तनिक नजर रखना, अहंकार न आ जाए बस इतनी महर रखना आदि भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। देर तक भक्त फूलों की होली खेलते रहे।

शुक्रवार की रात जनता महाविद्यालय स्थित खेल मैदान में श्रीश्याम सेवा समिति की ओर से तीसरा श्रीश्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। भव्य रूप से सजे श्रीखाटू श्याम दरबार में आचार्य ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित की। इसके बाद बाबा का गुणगान किया गया। दरबार में पहले हरियाणा (हिंसार) से भजन प्रवाहक अभिनव ऐरन और उसके बाद दिल्ली से भजन गायिका ट्विंकल शर्मा, आखिरी में मध्य प्रदेश के ग्वालियर से मनोज शर्मा (पागल) ने बाबा के भजन प्रस्तुत किए।

दिल्ली से आई ट्विंकल शर्मा के दरबार में हाजिरी लगाते ही श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। झुक गए बड़े-बड़े सरकार तेरी मोर छड़ी के आगे, दीनानाथ मेरी बात जानी कोना थारे से। मेरे श्याम तुम्हारे चरणों में एक तेरा दीवाना आया है, तेरी रहमतों का किस्सा सरेशाम चल रहा है, ये तेरा खोटा सिक्का सरेशाम चल रहा है। तेरी वंशी ने मुझे पागल बना दिया। अहंकार न आ जाए बस इतनी नजर रखना। मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है।

आधी रात के बाद बाबा को छप्पन भोग अर्पित कर आरती उतारी गई। इस दौरान श्री श्याम सेवा समिति एवं श्याम परिवार अजीतमल बाबरपुर मौजूद रहे।

### मनकामेश्वर धाम पर तृतीय महोत्सव कल

**कंचौसी, औरैया।** कंचौसी रेलवे स्टेशन के समीप स्थित मनकामेश्वर धाम पर 12 नवंबर को भव्य तृतीय श्याम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। इसमें लगभग 1100 निशान बाबा को अर्पित किये जाएंगे। शोभायात्रा के बाद विशाल भंडारा होगा। वहीं 12 नवंबर को ही नहरपुल स्थित बलराम पुर रोड पर विशाल श्याम जन्मोत्सव जागरण होगा। आयोजक मण्डल ने बताया कि रेलवे स्टेशन स्थिति प्राचीन शिव मन्दिर से शाम 3 बजे खाटू श्याम की निशान यात्रा गाजे बाजे के साथ निकलेगी। यात्रा की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी करेंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजू द्वारा केक काट जाएगा।

# माता के जगराते में रात भर झूमे भक्त

**फफूंद औरैया।** कस्बा फफूँद के बाबरपुर रोड पर स्थित महाकालेश्वर मंदिर परिसर में शनिवार की रात्रि देवी जागरण का आयोजन किया। मातारानी के भजनों पर देर रात तक भक्त झूमते रहे।

शनिवार रात नौ बजे जागरण मंडली ने सबसे पहले मातारानी का मनमोहक श्रृंगार कर पूजा-अर्चन कराया। इसके बाद कानपुर से आई गायिका सपना ने भजन सुनाकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने, माता तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, माता आपके कर्म से मेरा परिवार चलता है तेरे दर के टुकड़ों पर मेरा परिवार चलता है, क्यों घबराऊ मैं मेरा तो माता से नाता है आदि भजन प्रस्तुत किए। माता तेरे दर से ना छूटे सहारा चाहे रूठे जग सारा, शरण श्याम की रहकर मुझे किस बात की चिंता, आदि भजन प्रस्तुत किए।

# औतों में वीडीओ की तीसरी बार तैनाती

संवाददाता अछल्दा, औरैया

● ब्लॉक प्रमुख ने विरोध जताकर मंत्री को लिखा पत्र

● तैनाती आदेश वापस नहीं लेने पर प्रदर्शन की दी चेतावनी

**अमृत विचार।** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत औतों कलस्टर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी आवेश कुमार 4 वर्षों से अधिक समय हो जाने पर ग्रामवासियों की शिकायत पर उन्हें हटाया गया था। औतों कलस्टर से आवेश कुमार को हटाये जाने के 15 दिन उपरांत ही पुनः वापस उसी कलस्टर में तैनात कर दिया गया जिस पर औतों कलस्टर में आने वाली ग्राम पंचायतों औतों, दखनाई एवं जलालपुर फफूंद के ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों के द्वारा कड़ा विरोध किया गया जिसके उपरान्त फिर से औतों कलस्टर से हटाया गया था किन्तु एक माह बाद ही पुनः जिला पंचायत राज अधिकारी औरैया कार्यालय के आदेश 9 नवंबर के द्वारा पुनः तैनाती औतों कलस्टर में की गयी है। ग्राम पंचायत अधिकारी की पुनः तैनाती से जनता में काफी रोष व्याप्त है। ब्लाक प्रमुख शरद कुमार सिंह राना ने बताया कि उक्त कलस्टर में हुई तैनाती रद्द नहीं की गई तो प्रधान/ बीडीसी धरना प्रदर्शन करेंगे। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि मामले से सम्बंधित शिकायती पत्र पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज उत्तर प्रदेश शासन, निदेशक, पंचायती राज, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को भेजे गए है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

## संपादकीय

# दावे और हकीकत

किसानों की परेशानी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। खाद के लिए किसानों को मारामारी झेलनी पड़ रही है। अधिकांश राज्य उर्वरक की आवश्यक मात्रा प्राप्त न होने या आवंटित न होने की शिकायत कर रहे हैं। इस कारण किसान अपनी फसल की बिजाई समय पर नहीं कर पा रहे हैं। मामले की गंभीरता को इस बात से समझा सकता है कि सरकार के दावों के विपरीत देश में डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की कमी के चलते कई राज्यों में उर्वरक के लिए कुछ वितरण केंद्रों पर भीड़ को संभालने के लिए पुलिस को तैनात किया जा रहा है। डीएपी भारत में यूरिया के बाद दूसरा सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला उर्वरक है। गौरतलब है कि उर्वरक, पौधों को ज़रूरी पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फ़ॉस्फ़ोरस और पोटेशियम (एनपीके) देते हैं। इन पोषक तत्वों की वजह से पौधे स्वस्थ रूप से बढ़ते हैं। डीएपी में 46 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है। किसान इसे बीज के साथ बुवाई के समय डालते हैं। रबी के मौसम के दौरान अनुमानित 60 लाख टन डीएपी का अधिकांश उपभोग अक्टूबर और दिसंबर के मध्य होता है। सरकार की ओर से हर वर्ष दावे किए जाते हैं कि किसानों को डीएपी को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार के दावों के विपरीत किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रही है। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होनी चाहिए। प्रदेश में दो लाख मीट्रिक टन डीएपी और 2.47 लाख मिट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। विभाग की ओर से कहा जा रहा है कि ओडिसा के पारादीप पोर्ट पर पर्याप्त मात्रा में स्टाक उपलब्ध है, लेकिन रेल की अनुपलब्धता के कारण प्रदेश में उर्वरक नहीं पहुंच पा रहा है।

दरअसल समय से उर्वरक के पर्याप्त स्टाक की व्यवस्था की जानी चाहिए। किसानों को विवेकपूर्ण ढंग से यूरिया, डीएपी और म्यूरेट ऑफ़ पोटाश का उपयोग करने से हतोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस या पोटेशियम की मात्रा बहुत ज़्यादा होती है और खाद को लगातार इस्तेमाल करने या रखने पर पर्यावरण और इंसानों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। उर्वरक को लेकर, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 जैसे कानून हैं। फिर भी किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को सतर्कता बरतनी होगी ताकि खाद की कालाबाजारी न हो सके।

# संस्कृति को समझना मनुष्य को समझने के समान



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कोई भी भाषा अथवा संस्कृति उन लोगों से भिन्न नहीं हो सकती, जो उस भाषा या संस्कृति को धारण करने वाले हैं। वे लोग जितनी अधिक भाषाओं और उनके बोलने वाले लोगों के संपर्क में आएंगे, विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के उतने ही अधिक भाषा तत्व उनकी अपनी भाषा में अंतर्भुक्त हो जाएंगे।

यदि आदमी अकेला ही होता तो उसे न किसी भाषा की जरूरत होती और न संस्कृति की। अकेले आदमी के लिए अभिव्यक्ति की भी क्या जरूरत होती? अभिव्यक्ति का प्रश्न तो तब आया, जब एक से दो आदमी हुए। दो से चार और फिर हजारों, लाखों, करोड़ों, अरबों। इसीलिए भाषा सामाजिक प्रक्रिया है, समाज का विकास होता है तो उसके साथ ही भाषा और संस्कृति का भी विकास होता है। जैसे -जैसे लोगों का पारस्परिक-संपर्क बढ़ता है, वैसे-वैसे भाषा तत्व और सांस्कृतिक तत्वों का आदान-प्रदान, प्रभाव-प्रतिक्रिया और परस्पर अंतर्भुक्ति भी होती रहती है। इस प्रकार भाषा अथवा संस्कृति की रचना एक दिन, एक महीना, एक वर्ष या एक युग में ही होने वाली परिघटना नहीं है, यह एक निरंतर प्रक्रिया है।

कोई भी भाषा अथवा संस्कृति उन लोगों से भिन्न नहीं हो सकती, जो उस भाषा या संस्कृति को धारण करने वाले हैं। वे लोग जितनी अधिक भाषाओं और उनके बोलने वाले लोगों के संपर्क में आएंगे, विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के उतने ही अधिक भाषा तत्व उनकी अपनी भाषा में अंतर्भुक्त हो जाएंगे। बात यह है कि भाषा का विकास सामाजिक संपर्क से होता है। भाषा का उदय और विकास कैसे हुआ? ऐसा नहीं है कि भाषा पहले से बनी हुई थी या किसी देवता या कोई विचारक अथवा किसी राजा ने बनाकर हमको सिखा दी थी। भाषा किसी एक जाति ने बनाई है, ऐसा भी नहीं है। भाषा का जन्म मनुष्य की पारस्परिकता या आपसदारी से हुआ।

भाषा का उदय और विकास साथ-साथ की भावना से हुआ, सहयोग और सामंजस्य की भावना से हुआ, एक दूसरे के समीप आने की भावना से हुआ, भाषा का उदय और विकास कुछ बताने और कुछ सीखने की भावना से हुआ, भाषा का उदय और विकास कुछ कहने और कुछ सुनने की भावना से हुआ। इस पारस्परिकता को हम दूसरे शब्दों में समष्टि प्रक्रिया अथवा सामाजिक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। अब समझने की बात यह है कि जैसे भाषा का उदय और विकास समष्टि प्रक्रिया से हुआ, किसी एक आदमी या किसी एक वर्ग ने भाषा का विकास नहीं किया, उसी प्रकार संस्कृति का जन्म भी समष्टि प्रक्रिया से हुआ। संस्कृति का उदय और विकास भी मनुष्य की पारस्परिकता या आपसदारी से हुआ।

भाषा का इतिहास उस जाति का इतिहास होता है। इतिहास के मोड़ भाषा को भी दिशा देते हैं। विजेता जाति की भाषा पराजित जाति की भाषा को उसी अनुपात में प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए आप एक गांव की ही बोली का अध्ययन करके वहां के समाजशास्त्र और अर्थव्यवस्था, वहां की संस्कृति को समझ सकते हैं। जैसे भाषा का व्याकरण होता है, वैसे ही संस्कृति के भी कुछ नियम होते हैं। ये नियम असल में जीवन के प्रवाह के ही नियम होते हैं। इसी प्रकार से आदमी से आदमी मिलता है, बिछुड़ता भी है। उनके बीच द्वंद्व होता है, समायोजन भी होता है। प्रभाव पड़ता है, आदान-प्रदान भी होता है। अनुकरण भी होता है। अध्यारोपण भी होता है, अंतर्भुक्ति भी होती है। एक साहित्य दूसरी भाषा में जाता है तब उसे अनुवाद कहा जाता है। जब एक संस्कृति दूसरी संस्कृति में संक्रमण करती है तो उसे अवतार कहते हैं।

भाषा की ही तरह संस्कृति भी किसी एक आदमी या किसी एक वर्ग ने नहीं बनाई। भाषा और संस्कृति की तरह कला, साहित्य, राज्य, न्याय, नीति, अर्थव्यवस्था और मानव संबंध समष्टि की प्रक्रिया से ही जन्म लेते हैं। समष्टि की प्रक्रिया से ही मानव इतिहास बनता है, जिस राजा, विचारक और देवता का उल्लेख किया गया है। वह राजा, विचारक और देवता भी इसी समष्टि प्रक्रिया या मनुष्य की पारस्परिकता की देन है। धर्म भी मनुष्य की इसी पारस्परिकता के गर्भ से ही पैदा हुआ। सच्चाई तो यह है कि धर्म पारस्परिकता का ही रूप है। संसार की सभी संस्कृतियों का जन्म मनुष्य की इसी पारस्परिकता से हुआ। भगवान और देवी-देवताओं का आविष्कार भी समष्टि प्रक्रिया की देन है। मामूली से मामूली आदमी भी इस पारस्परिकता का अंग है। व्यक्ति और उसके परिवार की पारस्परिकता से समुदाय बनता है और समुदायों की पारस्परिकता से समाज बनता है। एक समुदाय की आंतरिक पारस्परिकता होती है, जिससे उस समुदाय की भाषा-संस्कृति, विश्व बोध और मनुष्य संबंधों का विकास होता है। विभिन्न समुदायों के विभिन्न स्तर होते हैं, इसलिए हमें भाषा में भी वे स्तर दिखलाई देते हैं, संस्कृति में भी और मानव संबंधों में भी। संसार की किसी भी भाषा का अध्ययन आप करिए, भाषा को वहां के जीवन और जीवन की निरंतर परंपरा से या जीवन की अविच्छिन्न धारा से अलग करके नहीं समझा जा सकता। भाषा का एक-एक शब्द आपको अपने परिवेश की कहानी सुना सकता है।

एक एक शब्द का अपना भूगोल होता है, अपना सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक परिवेश होता है। उस भाषा में किन-किन संस्कृतियों की अंतर्भुक्ति हुई है, क्यों उसमें अन्य संस्कृतियों से आगत शब्द हैं? आदमी है तो उसके पास उसकी भाषा भी है, जो उस आदमी की जिंदगी में समाई हुई है, आदमी चलता है तो उसके साथ उसकी भाषा चलती है, दो आदमी मिलते हैं तो दो भाषाएं भी मिल जाती हैं, एक आदमी शक्तिशाली है, दूसरे को प्रभावित कर सकता है तो उसकी भाषा भी दूसरे आदमी को प्रभावित करेगी ही। इसी प्रकार से एक जाति दूसरी जाति से मिलती है तो उनकी भाषाएं भी मिल जाएंगी, जो जाति जितनी उन्नत होगी, उसकी शब्दावली भी उतनी ही विस्तृत होगी। उन्नत भाषा के शब्द अन्य भाषाओं में समा जाएंगे। इसलिए भाषा को उन्नत करने का सवाल उस जाति को उन्नत करने से जुड़ा हुआ है, जिस मानव जाति के ज्ञान में विज्ञान में नए-नए पुरुषार्थ होंगे तो उसके पास भाषा का भी उतना ही बड़ा पुरुषार्थ होगा।

भाषा का इतिहास उस जाति का इतिहास होता है। इतिहास के मोड़ भाषा को भी दिशा देते हैं। विजेता जाति की भाषा पराजित जाति की भाषा को उसी अनुपात में प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए आप एक गांव की ही बोली का अध्ययन करके वहां के समाजशास्त्र और अर्थव्यवस्था, वहां की संस्कृति को समझ सकते हैं। जैसे भाषा का व्याकरण होता है, वैसे ही संस्कृति के भी कुछ नियम होते हैं। ये नियम असल में जीवन के प्रवाह के ही नियम होते हैं। इसी प्रकार से आदमी से आदमी मिलता है, बिछुड़ता भी है। उनके बीच द्वंद्व होता है, समायोजन भी होता है। प्रभाव पड़ता है, आदान-प्रदान भी होता है। अनुकरण भी होता है। अध्यारोपण भी होता है, अंतर्भुक्ति भी होती है। एक साहित्य दूसरी भाषा में जाता है तब उसे अनुवाद कहा जाता है। जब एक संस्कृति दूसरी संस्कृति में संक्रमण करती है तो उसे अवतार कहते हैं।

सब मिलाकर इन नियमों को हम सांस्कृतिक प्रक्रिया कहते हैं। संस्कृति लोक जीवन में व्याप्त है, वह किसी किताब में तो रह नहीं सकती। जीवन के साथ बदलाव साथ-साथ ही चलते हैं, इसलिए किताब ठहर जाती है, जीवन और संस्कृति आगे चले जाते हैं। संस्कृति को समझना मनुष्य को समझने के समान है। संस्कृति मनुष्य जीवन की ही संपदा है। पशुओं की संस्कृति नहीं होती। मनुष्य ही है, जो विराट प्रकृति के आंगन में सभ्यता के रूप में अपना भौतिक परिवेश और प्रणाली रचता है। मनुष्य ही संस्कृति के रूप में मनोवैज्ञानिक प्रणाली और परिवेश की रचना करता है। जैसे भाषा विज्ञान एक स्वायत्त अनुशासन है, उसी प्रकार से संस्कृति शास्त्र भी एक गंभीर और व्यापक अनुशासन है।

## प्रसंगवश

# वक्फ संशोधन बिल पर मतभेद

केंद्र सरकार ने पिछले दिनों वक्फ संशोधन विधेयक संसद में पेश किया था, जिस पर इंडी गठबंधन ने प्रबल विरोध किया और मुस्लिम समुदाय में भी रोष था। परिणामतः संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक समुदाय मंत्री किरन रिजिजू द्वारा पेश इस बिल को संयुक्त संसदीय समिति को जांच और रिपोर्ट हेतु सौंपा गया था। इसके अध्यक्ष जगदम्बिका पाल हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बिल पर बैठकें होती रहीं और ओवैसी, कल्याण बनर्जी आदि विपक्षी सदस्यों ने स्पीकर से मिलकर समिति के अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया है। संभव है कि ये लोग समिति से अलग भी हो जाए या बहिष्कार करें। अब 25 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहे संसद के शीतकालीन सत्र में समिति अपनी रिपोर्ट सदन पेश करेगी तथा भाजपा इसे पारित कराने का प्रयास करेगी। जैसा कि सर्वविदित है कि लोकसभा में भाजपा का अपना बहुमत नहीं है और वह मुख्यतया चंद्रबाबू नाइडू की तेलगूदेशम पार्टी और नीतीशकुमार की जद(यू) पर अवलंबित है। ये दल कथित सेकुलर हैं और अंतर्मन से यह विधेयक पारित नहीं कराना चाहेंगे। नीतीश भाजपा के एक 'मजबूर' समर्थक हैं। लालू से उनका मोह भंग हो चुका है, क्योंकि वे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। हालांकि नाइडू के साथ ऐसा नहीं है। वे इस बिल के विरोध में हैं और माना जा रहा है कि बिल संयुक्त संसदीय समिति को उनके कहने से ही भेजा गया था। अभी-अभी उनकी पार्टी के आंध्रप्रदेश उपाध्यक्ष नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने कहा भी है कि नाइडू इस विधेयक के विरुद्ध हैं। वे अभी संपन्न हुए जमीयत-उल-माए-हिंद के दिल्ली सम्मेलन में गए भी थे तथा बिल के विरुद्ध बोले भी, उन्होंने कहा कि उनके नेता चंद्रबाबू नाइडू इस पर एक व्यापक सर्वे चाहते हैं तथा मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को साझा करते हैं।

जमीयत प्रमुख ने सम्मेलन में कहा कि उनके फोन पर नाइडू ने उपस्थित न होने के लिए माफी मांगी और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष को भेजा है, जो हमारे साथ मंच पर है। ऐसे में राजग में इस बिल पर स्पष्ट फूट के चलते इसके पास होने में ग्रहण दर्शित हो रहा है। अब देखना है शीत सत्र में क्या होता है, जिसमें यह और समान नागरिक संहिता पर चर्चा और पारित कराने के प्रयास संभाव्य है।

# महिलाओं के लिए खतरा बनी साइबर की दुनिया

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उत्पन्न सामग्री के उदय ने डिजिटल स्पेस में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को और बढ़ा दिया है, जिससे ऑनलाइन उत्पीड़न और गोपनीयता उल्लंघन के नए रूप सामने आए हैं। इसने टेक कंपनियों और सरकारों दोनों को तत्काल कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई है।

आज जब साइबर क्षेत्र में महिलाओं के लिए खतरे कई गुना बढ़ गए हैं तो ऐसा कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है, जहां वह छुप सकें और न ही कोई कड़ी सुरक्षा वाला इलाका है, जहां बैठकर वह अपने सम्मान पर डाका डालने वाले साइबर खतरों के खत्म होने का इंतजार कर सकें। एक वैश्विक सर्वे में पता चला है कि 60 प्रतिशत लड़कियों और महिलाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उत्पीड़न का सामना किया है और इनमें से लगभग 20 प्रतिशत ने इसके चलते या तो सोशल मीडिया को अलविदा कह दिया या फिर उसका इस्तेमाल कम कर दिया। इसी तरह यूएन विमेन ने पाया है कि दुनियाभर में 58 प्रतिशत महिलाएं और लड़कियों को किसी न किसी तरह के ऑनलाइन शोषण का शिकार होना पड़ा है। इनमें ट्रोलिंग, पीछा करने, डॉक्सिंग और लैंगिकता पर आधारित दूसरे तरह के ऑनलाइन हिंसक बर्ताव हैं, जो डिजिटिल युग के नए खतरों के तौर पर उभर रहे हैं।



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

सरकारों को एआई नैतिकता बोर्ड और रूपरेखाएं स्थापित करनी चाहिए, जो नैतिक एआई विकास को अनिवार्य बनाती हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग डीपफेक वीडियो और चित्र बनाने के लिए किया जा रहा है, जो महिलाओं को मनगढ़ंत सामग्री के साथ लक्षित करते हैं, जो अक्सर प्रकृति में यौन या मानहानिकारक होती है। यूएस की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान के दौरान झूठे और हानिकारक संदर्भों में उन्हें चित्रित करने वाले डीपफेक का सामना करना पड़ा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल महिलाओं के चरित्र और विश्वसनीयता को कम करने के लिए डिजाइन की गई झूठी कथाएं या स्त्री-द्वेषी सामग्री फैलाते हैं, विशेष रूप से नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को लक्षित करते हैं। रिपब्लिकन प्राइमरी के दौरान निक्की हेली हेर-फेर की गई छवियों और फर्जी खबरों का शिकार हुईं।

महिलाओं को ऑनलाइन वस्तुकरण और यौन रूप से स्पष्ट सामग्री का असंगत स्तर का सामना करना पड़ता है, जो वास्तविक नकली सामग्री बनाने की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता द्वारा बढ़ाया जाता है। इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई स्पष्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई डीपफेक और बदली हुई तस्वीरें महिलाओं की निजता का उल्लंघन करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर प्रतिष्ठा को काफी नुकसान होता है और मानसिक परेशानी होती है।

बांग्लादेशी राजनेता रूमिन फरहाना को चुनावों से पहले डीपफेक सामग्री के साथ निशाना बनाया गया था। कंपनियों को त्रुटियों को रोकने के लिए मानवीय निगरानी के साथ, हानिकारक सामग्री को व्यापक रूप से प्रसारित होने से पहले सक्रिय रूप से चिह्नित करने और हटाने के लिए उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिटेक्शन सिस्टम में निवेश करना चाहिए। मेटा (फेसबुक) ने हाल ही में डीपफेक से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल की घोषणा की, लेकिन उनका कार्यान्वयन असंगत बना हुआ है। प्लेटफॉर्म को स्पष्ट जवाबदेही उपाय प्रदान करने चाहिए और रिपोर्ट करनी चाहिए कि वे अपनी मॉडरेशन नीतियों के पारदर्शी ऑडिट के साथ फ्लैग की गई सामग्री को कैसे संभालते हैं। गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिद्धांत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालते हैं, लेकिन अधिक कार्यान्वयन की आवश्यकता है।

सरकारों को डेटा सुरक्षा कानूनों को लागू करना चाहिए और डीपफेक विशिष्ट कानूनों सहित एआई जनरेटेड सामग्री के दुरुपयोग को संबोधित करने के लिए विशिष्ट कानूनी प्रावधान बनाने चाहिए। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 सामग्री मॉडरेशन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है, लेकिन इसमें कड़े एआई विशिष्ट नियमों का अभाव है। सरकारों को एआई नैतिकता बोर्ड और रूपरेखाएं स्थापित करनी चाहिए, जो नैतिक एआई विकास को अनिवार्य बनाती हैं, लिंग आधारित भेदभाव को रोकने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

भारत का राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एआई-जनरेटेड कंटेंट से जुड़े साइबर अपराधों की आसान रिपोर्टिंग की सुविधा देता है। निर्धारित समय सीमा के भीतर हानिकारक कंटेंट को हटाने में विफल रहने पर तकनीकी कंपनियों को मौद्रिक दंड के माध्यम से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# आचरण में झलकें विचार

मनुष्य के जीवन की यही खूबसूरती होती है कि वह देवता की तरह न बने। गलतियां करना उसके मनुष्य होने की गारंटी है। लज्जास्पद, अपमानजनक और अप्रिय दुर्घटनाओं का उसे अनुभव हुआ ही न हो तो वह दुनिया के बड़े लेखक से परिचित ही नहीं है। आपने तोल्स्तोय का पुनरुत्थान पढ़ा होगा, उसमें मारिया कितनी बार गिरती है? गिरना महत्वपूर्ण नहीं है, महत्वपूर्ण है गिरने के बाद खड़ा होना।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

मारिया बार-बार गिरती है और खड़े होने की कोशिश करती है। अन्ना कारेलिना में तो लेविन मरते समय कहता है कि जीवन के कुछ पल अब भी शेष हैं। इन पलों को इस नए अहसास के साथ मुझे जिंदगी को निचोड़ लेने दो। आप यूरोपीय रचनाकारों की आत्मकथाएं, जीवनियां जरूर पढ़िए। आप घनानंद और राजस्थान के अमर कवि बांकीदास की जीवनी को ही जानिए। मगर जानिए जरूर! इसलिए कि आप लेखक बनकर भी अंदर के रूढ़ संस्कारों से अभी मुक्त नहीं हो पाए हैं। आज भी हिन्दी के लेखक प्रेम, यौन और स्त्री-पुरुष संबंध को लेकर स्वस्थ और निष्कलुष मन से बात नहीं कर सकते। वे क्या बोलते हैं, इस पर आप ध्यान कम दीजिए, जो नहीं बोलकर उनकी संपूर्ण अभिव्यक्ति में उनसे झलकती है, उस पर गौर कीजिए। असलियत का अंदाज हो जाएगा। हिन्दी में लेखकों के लिए आधुनिकता विचार तक सर्वस्वीकार है, मगर आचरित नहीं होती है। इसका अहसास तक नहीं कि हम कितने पिछड़े हैं हमारे संस्कार, हमारी सोच? सहज और स्वाभाविक हम हो ही नहीं सकते हैं। इसीलिए हम भारतीय उपमहाद्वीप के लोग भारी पाखंडी लोग हैं। बात में महान और अंदर से निकृष्ट। स्त्री हो या पुरुष सबका अपना व्यक्तित्व है। अपनी सोच है और अपनी जिंदगी। हम किस हैसियत से उस पर टीका-टिप्पणी करें? हम होते कौन है? फिर भी हम कहते हैं, नहीं जी, मैंने तो आजादी दे रखी है। तुम कौन हो आजादी देने वाले? उसके पास भी समझ है, उसे समान समझ रहे हो तो समान इज्जत दो। उसकी गरिमा को स्वीकार कर उससे बात करो, मगर नहीं, हम तो उसके निजी कक्ष में ताक-झांक करने वाले हैं, उस पर कुत्सित बात करने वाले हैं। खुद सोचिए कि हम वास्तव में कितने निकृष्ट हैं?

-फेसबुक वॉल से

## व्यंग्य

# जिम्मेदार होने की निशानी खराब हैंडराइटिंग

खबर यह कि दिल्ली के एक डॉक्टर अच्छी हैंड राइटिंग में पर्चा लिखते पकड़े गए। पकड़े गए तो मेडिकल काउंसिल से माफी मांग कर छूटे। हद है ये तो। पता नहीं ये खबर कितनी सच्ची, कितनी झूठी। झूठी हो तब भी सच्ची मानी जानी चाहिए। ऐसी हरकत करने वाले बंदों पर कड़ी नजर रखी जानी चाहिए और पकड़े जाते ही उनके खिलाफ फौरन कार्रवाई भी की जाना चाहिए। एक स्टडी बताती है, दुनिया भर में हर साल तकरीबन सात हजार लोग डॉक्टरों की खराब हैंड राइटिंग की वजह से मर जाते हैं। मेरा मानना है कि डॉक्टर भी पढ़ने लायक लिखने लगे तो मरने वाले मरीजों की तादाद हजारों से लाखों में पहुंच सकती है। तीन चौथाई मरीज बीमारी और दवाओं की समझ से मारे डर के कल के बजाय आज ही मर सकते हैं। यह भी मुमकिन है कि उन्हें पढ़ कर कुछ बदमाश किस्म के मरीज, कंपाउंडर ज्ञानी हो जाएं। खुद डॉक्टर होने की कोशिश करें। खुद भी मरें और आसपास वालों को भी मार दें।

इस अच्छी हैंडराइटिंग वाले डॉक्टर को अंदाजा नहीं हैं, उसकी इस हरकत से कितने केमिस्ट बर्बाद होंगे। कितनी दुकानें बंद होंगी और कितने मरीज वाकई ठीक हो जाएंगे। मरीज जल्दी ठीक होने पर कभी डॉक्टर का अहसानमंद नहीं होता। वो मानता है वो मातारानी की कृपा से, अपने नसीब से, भरे हुए पर्स की बदौलत ठीक हुआ है। जल्द ठीक हुआ मरीज मानता ही नहीं कि वो बीमार हुआ भी था। वो ठगा महसूस करता है। भरोसा उठता है, उसका चिकित्सा व्यवस्था से। ऐसे में इस डॉक्टर का अच्छी हैंडराइटिंग में पर्चा लिखना उसके बचपने से ज्यादा कुछ नहीं और उसे आगे डॉक्टरी करने देना अपने आप में बड़ी गलती है। सभी को अच्छी हैंडराइटिंग से बचना चाहिए। आप जैसे ही किसी को समझ में आने लगते हैं वो आपको हल्के में लेने लगता है। आसान होना मामूली होना है और हम में से कोई ऐसा नहीं होना चाहता। फिर अच्छी हैंडराइटिंग लिखना बाबुओं का काम। डॉक्टर-अफसर ऐसा करने लगे तो इतनी मेहनत कर डॉक्टर बनने की क्या जरूरत थी। अच्छी हैंडराइटिंग आराम तलबी की निशानी। देखने वाला फौरन समझ जाता है कि बंदा फालतू बैठा है। खराब हैंडराइटिंग बताती है आप जिम्मेदार और व्यस्त हैं। ऐसा करने वालों को लोग तारीफ की निगाह से देखते हैं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मरीज जल्दी ठीक होने पर कभी डॉक्टर का अहसानमंद नहीं होता। वो मानता है वो मातारानी की कृपा से, अपने नसीब से, भरे हुए पर्स की बदौलत ठीक हुआ है। जल्द ठीक हुआ मरीज मानता ही नहीं कि वो बीमार हुआ भी था। वो ठगा महसूस करता है।

यह बात पचासों बार साबित हो चुकी है, खराब हैंड राइटिंग वाले अक्लमंद, काबिल, भरोसेमंद, दूरदर्शी और लीडर होते हैं। महात्मा गांधी की भी हैंडराइटिंग खराब थी और मेरी भी खराब है। गांधीजी की इज्जत होती है और मेरी भी। खराब हैंडराइटिंग न लिखे डॉक्टर तो कोई वजह नहीं कि उसकी इज्जत की जाए या उसे समझदार और भरोसेमंद माना जाए। फिर सबसे बड़ी बात खराब हैंडराइटिंग पैसे बनाने का सबसे कारगर जरिया है। अक्षर जमा-जमा कर लिखने वाला डॉक्टर जितने वक्त में एक मरीज देखता है, खराब राइटिंग वाला उतनी देर में तीन मरीज निपटा देता है। लिहाजा डॉक्टरों को इस आसान तरीके पर कायम रहना चाहिए और बदस्तूर खराब हैंड राइटिंग में पर्चे लिखना जारी रखना चाहिए।

# शिक्षा में परिवर्तन का अर्थ

नई शिक्षा नीति पर विचार-विमर्श करते हुए मन-मस्तिष्क में मंथन होता है। क्या शिक्षा में परिवर्तन के नाम पर मानव को परिसंपत्ति अथवा राष्ट्रीय संसाधन के रूप में विकसित करना एक उपयोगितावादी दृष्टिकोण नहीं है? शिक्षा मानव राष्ट्र और समाज की सतत विकासमान एक बहुआयामी इकाई है। इसके मानवीय, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयाम हैं। मानव स्वतः साध्य है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मानव का समग्र विकास शिक्षा से ही संभव है। वस्तुतः हमें उस शिक्षा नीति की तलाश है, जो मूल्यपरक हो, जो मानव की पहचान को बरकरार रख, उसे प्रकृति और समाज के साथ जोड़ सके। साथ ही जीवन के लिए अभ्यास और अनुशासन बन सके, जिससे व्यक्ति में उचित सामर्थ्य और शक्ति विकसित हो सके और जो हमारे अहंकारों, उन्मादों, पूर्वाग्रहों तथा उन सभी ताकतों के विरुद्ध क्रांति का उद्घोष कर सके, जो हमारे शाश्वत मानवीय मूल्यों का विनाश कर रहे हैं। क्या वह शिक्षा, शिक्षा है, जो मानव को किंकर्तव्य विमूढ़ बनाते हुए उसकी पहचान ही कम कर दे? छान्दोग्य उपनिषद् के नारद-सनत्कुमार आख्यान शिक्षा के अर्थ को स्पष्ट करता है। नारद ने कम से कम बीस विषयों का अध्ययन किया और उसमें निष्णात हो गए, पर उन्हें अपने ज्ञान से तृप्ति नहीं मिली और उन्होंने अनेक ज्ञानीजनों से संपर्क किया फिर भी संतुष्टि न मिलने पर वे सनतकुमार के पास आए।

सनत्कुमार ने नारद से कहा उन्होंने जो कुछ भी सीखा है वह सब मात्र शाब्दिक है अतः नितांत अपूर्ण है। इस ज्ञान को आत्मज्ञान से ही पूर्ण किया जा सकता है। इस आख्यान का निर्देश है कि यदि हम किसी को पूर्ण रूप से शिक्षित बनाना चाहते हैं तो उसे न केवल विविध विषय पढ़ाने होंगे वरन उसमें पूर्णतया शारीरिक, जैविक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास लाना होगा, जिससे वह अपने व्यक्तित्व का केंद अहम तत्व के बदले उस अंतरात्मा को समझे, जो समाज और प्रकृति से जुड़ती हो। यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा विद्या तस्य करोति किम्।

# मुद्दा घर की सुरक्षा का

बचपन में एक फिल्म देखी थी रोटी कपड़ा और मकान, इस फिल्म के गानों ने काफी धूम मचाई थी। इंसान की बुनियादी जरूरतों रोटी कपड़ा और मकान पर आधारित इस फिल्म ने काफी प्रभावित किया था, लेकिन आज के दौर में घरों पर बुलडोजर चलाकर गिराने का काम शुरू हुआ है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने घरों को जमींदोज करने के बुलडोजर न्याय को न्याय विरुद्ध और सभ्य समाज के खिलाफ बताकर कुछ राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति के पास जो अंतिम सुरक्षा होती है वो उसका घर है। वैसे भी एक साधारण इंसान पाई-पाई जोड़ कर बड़ी मुश्किल से घर बना पाता है अपने घर से हर व्यक्ति की भावनाएं जुड़ी रहती हैं। बुलडोजर न्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला विगत बुधवार को आ चुका है और अब तो इस विस्तृत फैसले को शनिवार को नेट पर भी अपलोड कर दिया गया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आशा है कि इस फैसले के आने के बाद आमजन घर की सुरक्षा के मामले में राहत महसूस करेंगे, क्योंकि घर में ही सुकून मिलता है। घर हमें सुरक्षा, अपनापन और निजता प्रदान करता है। घर सर्दी, हवा और तेज गर्मी से बचाता है यानी बुनियादी जरूरतें पूरी करता है और जब बुनियादी जरूरतें पूरी होती हैं तो सभी बेहतर महसूस करते हैं।

# पीपीजीआरएस पोर्टल का डीजीपी ने किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने रविवार को पीपीजीआरएस पोर्टल (पुलिस पेंशनर्स ग्रीवान्स रिड्रेसल सिस्टम) का उद्घाटन किया। उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स की शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए इस पोर्टल को तैयार किया गया है। इसे डीजीपी के निर्देशन में एडीजी टेक्निकल सेवा की मॉनिटरिंग में डीआईजी ने तैयार किया है।

डीजीपी ने इसकी शुरुआत एक सादे समारोह में की। उन्होंने बताया कि पुलिस पेंशनर्स की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी शिकायतों को ऑन लाइन दर्ज कराकर समय से निस्तारण कराने के लिए पोर्टल बनाया गया है। ताकि उनको इधर-उधर भटकना न पड़े। पेंशनर्स अपनी शिकायत पोर्टल https://ts.uppolice.gov.in/ppgrs/user/home.aspx पर कर सकते हैं। इसकी विशेषता है कि पेंशनर्स को अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराने की सहूलियत होगी। साथ ही शिकायत की प्रगति लगातार अपडेट की जाएगी, इसके अलावा अनुस्मारक भेजने और फीडबैक देने की भी सुविधा इसमें उपलब्ध कराई गई है।

# अपनी काया से लंबी दूरी तय कर राम के दर्शन का मन भाया

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

- राजस्थान के किशनगढ़ से अयोध्या के लिए कुल 910 किमी. की लेटते-लेटते (दंडवत) कर रहे यात्रा
- 8 मार्च, 2024 से अनवरत यात्रा करते हुए दीपेंद्र नाथ सवा माह बाद पहुचेंगे अयोध्या

**अमृत विचार :** यह उच्च हौसला ही तो है, जिसके दम पर दीपेंद्र नाथ सरस्वती (74 वर्ष) राजस्थान के किशनगढ़ से अयोध्या की दूरी लेटते-लेटते अर्थात दंडवत होते हुए नाप रहे हैं। अपने आराध्य राम से मिलने की उनमें प्रबल आस्था है। उनमें जीजिविषा, जोश व जुनून भी है। अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला की स्थापना के साथ ही किशनगढ़ (राजस्थान) के पंच दशानन जूना अखाड़ा के दीपेंद्र नाथ सरस्वती ने ठान लिया कि किशनगंज से अयोध्या की दूरी वह अपनी 'काया' से ही नापेंगे। इसमें वे सफल होते भी दिख रहे हैं।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्होंने अपनी यात्रा की तारीख 8 मार्च, 2024 घोषित की थी। यात्रा के लिए एक मेटाडोर की गई। कुछ गद्दे लिए और चार साथियों का चुनाव कर चल दिए अपने आराध्य राम के द्वार। राह में आए तमाम झंझावातों से दो-चार होने वाले दीपेंद्र नाथ ने यात्रा के दौरान हार नहीं मानीं। जाड़े का मौसम बीता। गर्मी का मौसम शुरू हुआ। चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों के अलावा बारिश का सीजन भी उनको राह से डिगा नहीं पाए। अब जब जाड़े के सीजन ने फिर दस्तक दे दी है। उनका उत्साह कमतर नही हुआ है।

**लखनऊ होते हुए अब अयोध्या मार्ग पर :** दीपेंद्र नाथ सरस्वती राजस्थान के किशनगढ़ से अयोध्या की दंडवत यात्रा पर हैं। 8 मार्च 2024 को अपनी यात्रा शुरू कर अब वह 8 नवम्बर को लखनऊ होते हुए अयोध्या मार्ग पर हैं। वह एक दिन में 3 से 7 किलोमीटर की यात्रा तय करते हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह सवा महीने बाद अयोध्या में रामलला के दरबार में उपस्थित हो जाएंगे।

**दृढ़ संकल्प ने कराई 8 माह की यात्रा :** दीपेंद्र नाथ ने बताया कि 6 दिसंबर, 1992 को ही उन्होंने प्रण लिया था कि जब अयोध्या में राम मंदिर बन जाएगा व उसमें रामलला विराजमान हो जाएंगे तो उनके दर्शन को वह किशनगढ़ से अयोध्या तक लेटते-लेटते अर्थात दंडवत यात्रा करेंगे। बताया कि यात्रा करते करीब 8 माह हो गए हैं। लखनऊ पहुंचने पर जब "अमृत विचार" ने उनसे पूछा कि 910 किलोमीटर लंबी यात्रा व बदलते मौसम के बावजूद दंडवत यात्रा की हिम्मत कैसे जुटाई? जबकि किशनगढ़ से अयोध्या तक सीधी ट्रेन भी है और बस भी? इस पर उन्होंने बताया कि बस या ट्रेन से भी यात्रा की जा सकती थी, लेकिन वह सरल होती। किंतु हम तो रामलला के दर्शन को कुछ असामान्य यात्रा का संकल्प लिए थे। हम जनकल्याण और विश्व के कल्याण की भावना के साथ निकले हैं।



लखनऊ के लोहिया पथ पर दीपेंद्र की कुछ इस तरह से दिखी अयोध्या की यात्रा।

### दीपेंद्र नाथ के साथ हैं 5 लोग

दीपेंद्र नाथ सरस्वती की इस यात्रा में कुल 5 लोग सहभागी हैं। एक ड्राइवर, एक शिष्य व दो बुजुर्ग उनके दंडवत यात्रा आगे बढ़ने के सिलसिले को रफ्तार देते हैं। आगे गद्दा बिछाने और पीछे का गद्दा उठाने के लिए हैं। लखनऊ पहुंचकर उनकी आंखों की चमक बढ़ गई है। और बढ़े भी क्यों न... अयोध्या की दूरी अब समीप जो आती जा रही।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

इस लंबी यात्रा में रास्ते का अनुभव पूछने पर दीपेंद्र नाथ ने बताया कि राजस्थान में यात्रा शुरू हुई तो लोगों ने उनका स्वागत जगह-जगह किया। लोगों ने उन्हें हौसला व धन दोनों दिए। उत्तर प्रदेश की सीमा पर जब वे पहुंचे तो खाने-पीने का काफी सामान व लगभग 2 लाख रुपये उनके पास जमा हो गये थे। यूपी में भी उनका स्वागत किया जा रहा है।

### राम तो आ गए रामराज्य आना शेष

दीपेंद्र नाथ सरस्वती कहते हैं कि अयोध्या में राम तो आ गये हैं, लेकिन रामराज्य आना शेष है। वह कहते हैं कि दंडवत यात्रा में परेशानियां तो आईं, किंतु मेरा ध्येय तो अयोध्या पहुंचना है...अपने आराध्य राम का दर्शन करना है।

### 32 वर्ष पहले लिया संकल्प

दीपेंद्र नाथ सरस्वती किशनगढ़ से जयपुर, दौसा, भरतपुर, आगरा, फिरोजाबाद, औरैया, कानपुर और उन्नाव होते हुए लखनऊ पहुंच चुके हैं। वे अब अयोध्या के रास्ते पर हैं। 32 साल पहले लिया हुआ संकल्प अब अपनी पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। दीपेंद्र नाथ की इस यात्रा के लिए यह वाक्य समीचीन लगता है कि "जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का, फिर देखना फिजूल है कद आसमान का।

## एक नजर

### 171 संविदा शिक्षकों को मनपसंद नर्सिंग कॉलेजों में मिलेगी तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में संविदा शिक्षकों की तैनाती के लिए 171 चयनित अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों में तैनाती दी जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय की वेबसाइट पर 11 नवम्बर से 13 नवंबर तक कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी। यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि संविदा शिक्षकों की नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा के बाद बीते सितंबर माह में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में साक्षात्कार संपन्न हुए थे। साक्षात्कार में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट पर शनिवार को जारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में 22 एसोसिएट प्रोफेसर, 27 असिस्टेंट प्रोफेसर और 122 ट्यूटर शिक्षक शामिल हैं। इन सभी को कॉलेज आवंटन के बाद ज्वाइन करना होगा। साथ ही बताया कि अगर किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पद पर आवेदन किया गया है और दो पदों पर चयनित है तो उसे दोनो ही पदों की प्राथमिकता देनी होगी।

# नए इलेक्ट्रिक वाहनों के टैरिफ से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियामक आयोग ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए बिजली दरों में भी किया संशोधन
- हाइवे से लेकर नगर व कस्बों तक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाएगी सरकार



**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए बिजली दरों में भी संशोधन किया है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के नए आदेश के अनुसार, अब सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए टैरिफ को औसत लागत से भी कम रखा गया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को किफायती दरों पर चार्जिंग की सुविधा मिलेगी, जिससे ईवी को अपनाने में तेजी आएगी।

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को प्रोत्साहित करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपीआरईवी) की स्थापना की है। सरकार का लक्ष्य है कि ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए बेहतर दरें निर्धारित की जाएं ताकि परिवहन क्षेत्र में हरित ऊर्जा का अधिक उपयोग हो सके। इस कदम से राज्य में ईवी उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है।

यूपीआरईवी के तहत राज्य के प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल का उपयोग किया जाएगा, जिससे निजी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में तेजी आएगी। सरकार ने अन्य सरकारी विभागों के साथ मिलकर राज्य की भूमि को चार्जिंग स्टेशनों के लिए राइट टू यूज के आधार पर उपयोग करने की अनुमति दी है। इस पहल से राज्य के डिस्कॉम कार्यालयों, सब स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ईवी चार्जिंग पॉइंट्स स्थापित किए जा रहे हैं। इससे युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।

### 2000 करोड़ की सब्सिडी लेने की बन रही योजना

यूपीईआरवी के माध्यम से राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत 2000 करोड़ रुपये की सब्सिडी का लाभ उठाने की योजना बना रही है, जिससे और अधिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा सके।

# बच्चों को भोजन के साथ दिया जाएगा पौष्टिक स्नैक्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत हर गुरुवार को स्नैक्स देने के निर्देश दिए
- पौष्टिक स्नैक्स पर खर्च होगा 95 करोड़ रुपये, मिलेगा मूंगफली की चिक्की, बाजरे के लड्डू और भुना चना



**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बेसिक और जूनियर हाई स्कूल के बच्चों के समग्र विकास के लिए पौष्टिक भोजन के साथ पौष्टिक स्नैक्स उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह पौष्टिक स्नैक्स बच्चों को विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत दिए जाएंगे। इसमें मूंगफली की चिक्की, बाजरे के लड्डू और भुना चना आदि शामिल है। इस पर 95 करोड़ रुपये खर्च होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को नवंबर से बेसिक और जूनियर हाई स्कूल के बच्चों को विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत हर गुरुवार को पौष्टिक स्नैक्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पीएम पोषण योजना के तहत कक्षा 1 से 8 तक के 1.74 करोड़ छात्रों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से बच्चों को हर दिन 100 से 150 ग्राम अनाज दिया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए चक्की के लड्डू, बाजरे के लड्डू, मूंगफली की चिक्की, भुना चना जैसे खाद्य पदार्थ भी योजना में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सरकार करीब 95 करोड़ रुपये खर्च करेगी। छात्रों को पौष्टिक स्नैक्स का लाभ देने के लिए प्रदेश भर में 3.72 लाख रसोइयों को नियुक्त किया गया है। इन्हे प्रत्येक माह 2000 रुपये का मानदेय और साल में एक बार यूनिफॉर्म के लिए 500 रुपये की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा रसोइयों को नियमित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वे बच्चों के लिए पोषण युक्त और स्वादिष्ट भोजन तैयार कर सकें। यह कदम योजना की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने और रसोइयों को बेहतर सेवाएं देने के लिए उठाया गया है।

### डिजिटल निगरानी और सोशल ऑडिट होगी

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डिजिटल निगरानी और सोशल ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। इससे खाद्यान्न की आपूर्ति और उपयोग की सही जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही योजना के निष्पक्षता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# बसपा ने तीन पदाधिकारियों को पार्टी से निकाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप चुनाव से पहले बड़ी कार्रवाई, तीन और बड़े नेता रडार पर

**अमृत विचार :** प्रदेश में हो रहे उप चुनाव के दौरान अनुशासनहीनता के आरोप में बसपा प्रमुख मायावती ने अपने तीन वरिष्ठ नेताओं को अनुशासनहीनता के आरोपों में पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। ये तीनों नेता बसपा प्रमुख द्वारा मना करने के बावजूद, गाजियाबाद में नेता मुनकाद अली की पुत्री की शादी में शामिल हुए थे। जिसकी खबर मिलते ही मायावती ने सख्त निर्णय लिया है।

दरअसल, बीते दिनों गाजियाबाद में बसपा नेता मुनकाद अली के पुत्र की शादी थी, जिसमें सपा के नेताओं की संभावना के चलते बसपा प्रमुख द्वारा अपने पार्टी के कई नेताओं को पार्टी में जाने से रोका गया था। इसके बावजूद मेरठ मंडल प्रभारी प्रशांत गौतम, जिला प्रभारी महावीर सिंह प्रधान व दिनेश काजीपुर ने पार्टी प्रमुख के आदेश को अनदेखा किया है और शादी में शामिल होने को पहुंच गए थे। हालांकि शादी में शामिल हुए अन्य नेताओं पर कार्रवाई होने के सवाल पर पार्टी नेताओं ने चुप्पी साध ली।

# लंबी विदेश यात्रा के लिए चिकित्सकों को शासन से लेनी होगी अनुमति

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में सेवारत अधिकारी एवं चिकित्सक बिना राज्य सरकार की अनुमति के 15 दिन से ज्यादा विदेश यात्रा नहीं कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें, शासन से अनुमति लेनी होगी। स्वास्थ्य महानिदेशक के अधिकारों में शासन द्वारा कटौती की गयी है। यह निर्देश प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा जारी कर दिया गया हैं। दरअसल स्वास्थ्य विभाग के सरकारी चिकित्सक व अन्य कर्मियों को बीते साल जुलाई 2023 के शासनादेश के तहत विदेश यात्रा के लिए एक माह तक का अवकाश महानिदेशक द्वारा मिल जाता है। इससे ज्यादा दिन की यात्रा के लिए महानिदेशक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर शासन निर्णय करता है। इस आदेश को रद्द करते हुए प्रमुख सचिव स्वास्थ्य द्वारा महानिदेशक व विभागाध्यक्ष को विदेश यात्रा के लिए अधिकतम 15 दिन तक अवकाश स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि 15 दिन से ज्यादा अवकाश के आवेदन को विभागाध्यक्ष की संस्तुति के साथ शासन को भेजा जाए।

## वर्ग पहेली-248

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।

5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।

6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।

7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।

8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।

2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।

3. धनुष।

4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है

6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर; छेद।



### वर्ग पहेली-247 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | | | 2 गों |
| रा | | | 3 ज़ो | | द |
| लुं | | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | | | दा | | |
| त | | 5 अ | र | का | न |
| | | ज़ा | | | |
| 6 लं | घ | न | ट | | |

# महाकुंभ : प्लास्टिक बैन, प्राकृतिक उत्पादों की होगी आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जूट व कपड़े के थैले, दोने, पत्तल और कुल्हड़ स्टॉल की जारी हुई निविदा
- दुकानदारों को भी प्राकृतिक उत्पादों का ही प्रयोग करने का निर्देश जारी

**अमृत विचार :** महाकुंभ में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह बैन करने के साथ ही प्राकृतिक उत्पाद दोना, पत्तल, कुल्हड़ और जूट व कपड़े के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा देने की व्यवस्था शुरू हो गई है। मेला क्षेत्र में जूट व कपड़े के थैले, दोने, पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल खोले जाएंगे। इसके लिए निविदा जारी की गई है।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर महाकुंभ के दौरान प्लास्टिक के सामनों के विकल्प के तौर पर प्राकृतिक उत्पादों का प्रयोग करने के स्टॉल लगाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए दोने, पत्तल, कुल्हड़ व कपड़े या जूट के थैलों के स्टॉल लगाने की निविदा जारी की गई है। इन स्टॉल से महाकुंभ के दौरान प्राकृतिक उत्पादों की आपूर्ति सप्लाई पूरे मेला क्षेत्र में की जाएगी। साथ ही महाकुंभ के दौरान दुकानदारों को भी प्राकृतिक उत्पादों का ही प्रयोग करने का निर्देश जारी किया गया है। महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।




### मंडलायुक्त ने दिया पॉलीथीन की थोक आपूर्ति रोकने के निर्देश

प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शहर को विभिन्न जोन में बांटते हुए हर जोन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जो अपने जोन को स्वच्छ और प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए कार्ययोजना के तहत काम करेंगे। उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा साप्ताहिक तौर पर की जाएगी। साथ ही उन्होंने शहर में सभी पॉलीथीन बैग के थोक विक्रेताओं को शहर में पॉलीथीन की सप्लाई रोकने के भी निर्देश जारी किए हैं।

## सवा लाख दीयों की रोशनी से जगमग हुए यमुना के घाट

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकुंभ के पहले प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर रविवार को कालिंदी महोत्सव में सवा लाख दीयों की रोशनी से यमुना के घाट नहा उठे। अखाड़ों की तरफ से यहां महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने की कामना भी की गई। हाल ही में देवोत्थान एकादशी की पूर्व संध्या पर कुंभ नगरी प्रयागराज में कालिंदी महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार की तरफ से इस घाट का कायाकल्प 1.2 करोड़ रुपये के बजट से किया गया है। दीपोत्सव में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षण वाली श्री दत्तात्रेय सेवा समिति की अगुवाई में सभी अखाड़ों के साधु संतों और कुंभ मेला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के सभापति महंत प्रेम गिरी का कहना है कि महाकुंभ के पूर्व देवोत्थान एकादशी की पूर्व संध्या के पावन अवसर पर मां कालिंदी के तट पर सवा लाख मिट्टी के दीए जलाए गए। सभी प्रमुख अखाड़ों से आए संतों और स्थानीय नागरिकों ने प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के सकुशल संपन्न होने की कामना भी भी यमुना मां से की। कालिंदी महोत्सव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम चौधरी और हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंच दशनाम नाम जूना अखाड़े के सभापति महंत प्रेम गिरि महाराज ने की।

**महाकुंभ के कैनवास पर रंग चढ़ाने उतरे युवा :** रविवार से प्रदेश सरकार के साथ प्रदेश भर के युवा भी ग्राउंड जीरो पर उतर गए हैं। हरित महाकुंभ के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए अयोध्या, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कानपुर, कुशीनगर समेत प्रदेश भर के युवा और बच्चे चंद्रशेखर आजाद पार्क में एकत्रित हुए और महाकुंभ के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के चित्र कैनवास पर उकेरे।

## सुडोकू-161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 6 | 3 | | | | | | |
| | | 2 | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | 4 | | |
| 8 | | | | | | 7 | | |
| | | | | | | 2 | | |

### सुडोकू - 160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 नवंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 18.46 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-हेमंत।

चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- शतभिषा 09.40 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज जॉब में आपको मनोनुकूल काम दिया जा सकता है। आपके सहकर्मी आपकी उन्नति से काफी प्रसन्न रहेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित करने में सफल रहेंगे। रियल एस्टेट कारोबारियों का रुका हुआ धन एक साथ प्राप्त हो सकता है।

**वृष** — आज आपको घर में भी ऑफिस का काम करना पड़ सकता है। आपको किसी भी मामले पर त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिए। दूसरों के अटके हुए मामलों को सुलझाने में आप सफलता रहेंगे। अनुसंधान से जुड़े कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है।

**मिथुन** — आज आप घर की जिम्मेदारियों से घिरे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ एकांत में समय बिताना चाहेंगे। आप किसी विशेष पूजा में भी भाग ले सकते हैं। लोगों की सलाह और बातों से ज्यादा प्रभावित न हों। अपने विवेक से ही निर्णय लेना हितकर होगा।

**कर्क** — आज नए कार्यों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। योग और संतुलित जीवनशैली अपनाने का प्रयास करें। आपके सही कार्यों को भी लोग निशाने में लेंगे। आपको व्यवसाय में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज कमीशन से जुड़े कार्यों से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। साझेदारी में नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं। परिजन आपका उत्साहवर्धन करेंगे। युवा प्रेमी अपने प्रेम की अभिव्यक्ति भी कर सकते हैं। बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंता दूर होगी।

**कन्या** — आज नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है। ऑनलाइन कारोबार में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

**तुला** — आज मीटिंग और महत्वपूर्ण बैठकों में आपको सम्मानित किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर आपसे नए लोग जुड़ सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर आप थोड़े कनफ्यूज रहेंगे, लेकिन शाम तक आप किसी न किसी निष्कर्ष में पहुंच जाएंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापारियों के लिए दिन विशेष नहीं है। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी के कारण विषय समझने में कठिनाई हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कार्यक्षेत्र में नए प्रतिद्वंदी उत्पन्न हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों की मदद आपको मिलती रहेगी।

**धनु** — आज किसी बड़ी कंपनी के साथ इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं, जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी। व्यवसाय में अपनी सेवाओं और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन उत्साह से भरपूर रहेगा।

**मकर** — आज दांपत्य संबंधों में मिठास बढ़ेगी। व्यापारिक यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ के कार्यों में आप समय बर्बाद कर सकते हैं। उधार लिए हुए धन को वापस लौटाने का दबाव रहेगा। दूसरों की जिम्मेदारी अपने ऊपर न लें।

**कुंभ** — आज आपकी अहमियत को लोग समझेंगे। नए कार्यों को शुरू करने में आ रही बाधा दूर होगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। बिगड़े हुए संबंधों को सुधारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मीन** — आज घर पर अधिकाधिक समय बिताना लाभकारी होगा। सेहत पर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आपको उधार में धन देने से बचना चाहिए। सरकारी नियमों की अनदेखी न करें। वरना अर्थदंड का सामना करना पड़ सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्यार के काबिल — सुबह : 09.00
- थानेदार — शाम : 06.00

&pictures
- बिम्बिसार — सुबह : 11.03
- तिरंगा — रात : 07.30

SONY PIX
- 2012 — सुबह : 09.28
- मोर्टल कॉम्बेट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- साथी — सुबह : 08.55
- मालामाल वीकली — रात : 08.45

ZEE ACTION
- हफ्ता बंध — सुबह : 11.00
- सूर्या 3 — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति – ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति – तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज' क्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

## एक नजर

### रंगेहाथ पकड़ा चोर, पुलिस को सौंपा

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के बेरी रोड स्थित करिया डेरा में दुकान में चोरी करते हुए चोर को पकड़कर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के बेरी रोड के करिया डेरा वार्ड 9 के निवासी शिवकुमार पुत्र सियाराम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात 9 बजे मेरी दुकान के पास खटखट की आवाज आने पर चाचा रामसजीवन व। छोटे के साथ जाकर देखा तो एक व्यक्ति गल्ला की बोरी लेकर जाने वाला था। पुलिस को सूचना दी तब पुलिस ने उसका नाम पता की जानकारी कर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी का नाम बबलू पुत्र रामअवतार गुप्ता निवासी कोतवाली उरई जनपद जालौन है।

### सड़क किनारे खड़े युवक को डीसीएम ने मारी टक्कर

**पौथिया( हमीरपुर)।** ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा खुर्द गांव निवासी प्रमोद वर्मा 25 पुत्र नत्थू वर्मा अपने दोस्त के ट्यूबवेल गया था। तभी राठ हाइवे किनारे भोला ढावा के समीप पटरी पर सड़क किनारे बाइक पर खड़ा था। तभी हमीरपुर की ओर से राठ की तरफ जा रहे डीसीएम ने बाइक सहित युवक को घसीटते हुए काफी दूर ले गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में युवक को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया। जहां वेदांता अस्पताल कानपुर में इलाज चल रहा है। उधर राहगीरों ने डीसीएम को पकड़ कर बिवांर थाने में खड़ा करा दिया है।

### सास व देवरों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**राठ( हमीरपुर)।** चिल्ली गांव में एक महिला ने मामूली विवाद के चलते अपनी सास और दो देवरों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। कीर्ति पत्नी पुष्पेंद्र ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के बाथरूम में कपड़े धो रही थी। उसी दौरान उसकी सास कमला और देवर चंद्रशेखर और राजकुमार उसके पास आए और उसे गालियां देने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो तीनों लोगों ने उसे मारापीटा।

### आज मरम्मत कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**हमीरपुर।** सुमेरपुर से पोषित करने वाली 33 केवी लाइन पर मरम्मत का कार्य होने के कारण सोमवार की सुबह से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत वितरण खंड हमीरपुर के अधिशाषी अभियंता डी. एन प्रसाद ने बताया कि सोमवार की सुबह 10 बजे से उपकेंद्र सुमेरपुर से पोषित करने वाली 33 केवी लाइन पर अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य किया जाना है जिसके चलते सुबह 10 बजे कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# बाइक फिसलने से युवक की मौत

## कुरारा मनकी मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कुरारा मनकी मार्ग में 43 वर्षीय युवक की बाइक संतुलन बिगड़ जाने से सड़क किनारे बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को कस्बे की सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई शुरू की।


समरपाल

क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिलौटा के मजरा धनीराम का डेरा निवासी समरपाल उर्फ़ पप्पू (43) पुत्र छैगू रविवार की सुबह करीब 5 बजे कानपुर देहात जनपद के मूसानगर कस्बे से बाइक से वापस गांव आ रहा था। तभी हरौलीपुर मनकी के बीच बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी हरौलीपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद मॉर्निंग वॉक पर मनकी गांव की तरफ जा रहे थे। जहां सड़क में बेहोशी हालत में समरपाल को देखकर एंबुलेंस को फोन से सूचना दी। एंबुलेंस ने घायल को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉ.शरद कुमार विश्वकर्मा ने घायल को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव का पंचनामा भर विधिक कार्रवाई शुरु कर दी। हरौलीपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतक मूसानगर की तरफ से वापस गांव आ रहा था। तभी बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से सड़क में गिरकर घायल हो गया। चालक हेलमेट नहीं लगाए था। मृतक अपने पीछे एक पुत्र मोहित (16) वर्ष पुत्री प्रिया (14) व पत्नी सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## ढाबे पर खड़े बाइक सवार को डीसीएम ने 100 मीटर घसीटा

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- नाजुक हालत में घायल को कानपुर रेफर किया गया

**अमृत विचार।** हमीरपुर राठ हाईवे पर ढाबे के पास खड़े बाइक सवार को डीसीएम वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। वाहन में फंसा बाइक सवार करीब 100 मीटर घसीटता चला गया। जिससे घायल होकर अचेत हो गया। घायल को सदर चिकित्सालय से कानपुर रेफर किया गया है। घायल युवक के बड़े भाई ने डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना ललपुरा के स्वासा खुर्द गांव निवासी बाइक सवार पिंटू पुत्र नाथूराम वर्मा छानी स्वासा गांव के बीच स्थित ढाबे में खड़ा घर जाने को तैयार था। तभी दोपहर में हमीरपुर की तरफ से तेज गति से आ रहे डीसीएम वाहन के चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सहित पिंटू डीसीएम के नीचे आ गया जिससे करीब 100 मीटर घसीटते चला गया। इसके बाद पिंटू सड़क में गिरा वहीं डीसीएम में बाइक फंसी रही। जिसके चलते चालक डीसीएम को भगाकर नहीं ले जा पाया। ढाबा संचालक ने यूपी 112 नंबर पर फोन किया। सूचना पर बिवांर थाना पुलिस घायल पिंटू को अचेत अवस्था में एंबुलेंस से छानी चिकित्सालय ले गई। वहां से सदर चिकित्सालय रेफर किया गया।हालत नाजुक होने पर सदर चिकित्सालय से कानपुर रेफर कर दिया है। उधर डीसीएम के नीचे फंसी बाइक को पुलिस ने मैकेनिक बुलाकर बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

## गायों को माला पहनाकर गुड़ और चना खिलाया

**राठ (हमीरपुर)।** भगत तालाब के समीप संचालित गौशाला में गौ सेवा आयोग राज्य सरकार के सदस्य ने गौ पूजन किया। गायों को माला पहनाकर गुड़ चना खिलाया। गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने गायों को माला पहनाकर टीका लगाने के साथ गुड़ चना खिलाया।

वहीं व्यवस्था देख रहे कर्मचारियों से जानकारी ले पशुओं के रखरखाव के निर्देश दिए। पशुधन प्रसार अधिकारी राहुल कुमार से संरक्षित मवेशियों की जानकारी ली। अस्थाई गौशाला में 190 व कान्हा गौशाला में 19 मवेशी बताए गए। उन्होंने पानी के लिए और चरही निर्माण कराए जाने को कहा। कहा अगर कोई पशुपालक गाय लेना चाहता है तो रजिस्टर में दर्ज करें। इस अवसर पर ईओ नगर पंचायत रामबरन, लिपिक नरेंद्र सिंह, प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा अमित कुमार जायसवाल, पशुधन प्रसार अधिकारी विक्रम सिंह सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


बैठक में मनोज कुमार के सदस्य बनने पर माला पहना स्वागत करते समिति के पदाधिकारी।

### शहीद मातादीन भंगी जयंती मनाने पर चर्चा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला स्थित समता बुद्ध बिहार में कुशवाहा कल्याण समिति की एक बैठक हुई। बैठक में समिति में मनोज कुमार मौर्य इटायल को सदस्य नियुक्त करते हुए स्वागत किया गया। बैठक में 1857 की क्रांति के प्रथम नायक अमर शहीद मातादीन भंगी की जयंती मनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान बहुजन समाज की शिवानी चौधरी बुंदेलखंण्ड निवासी राठ के आकस्मिक निधन पर दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में मुन्ना लाल बौद्ध पवई, प्रभुदयाल कुर्रा, गयाप्रसाद बसेला, लक्ष्मी प्रसाद औन्ता, रामगोपाल बौद्ध बहपुर, महेन्द्र सिंह रिंहुटा, मनीराम इटौंरा, गंगादीन टुंका, मुकेश खड़ाखर, राजा भईया राठ, मदन गोपाल शाक्य, नन्द किशोर, दीनदयाल, शीतल प्रसाद, महेन्द्र सिंह करौदी, रंजीत, रामजीवन आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के संगठन पर्व में हुई कार्यशाला

**हमीरपुर।** भाजपा जिला कार्यालय में संगठन पर्व 2024 जिला कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष सुनील पाठक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि विधायक (कुशीनगर) पीएन पाठक, विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी देवेश कुमार रहे। जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने आए हुए अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पीएन पाठक ने संगठन पर्व के बारे में उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। जिला प्रभारी देवेश कुमार ने संगठन पर्व के मानने का मतलब एवं कब-कब मनाया जाता है इसको मनाने का क्या अभिप्राय है के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, प्रीतम सिंह किसान, शिव प्रकाश सिंह सेंगर, विजय पांडेय राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जगदीश व्यास, रामदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

### सुख समृद्धि की कामना के साथ मनाया इच्छा नवमी का पर्व

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय सहित पूरे जनपद में अक्षय नवमी (इच्छा नवमी) का पर्व विधि विधान के साथ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने आंवले के वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करने के साथ परिवार के साथ प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इच्छा नवमी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाकर आंवले के वृक्ष का पूजन करके प्रसाद ग्रहण किया गया है। मुख्यालय में चौरा देवी मंदिर परिसर में लगे आंवले के वृक्ष का विधि विधान के साथ पूजन संपन्न किया। तमाम महिलाओं ने पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करने के साथ पूरे परिवार के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उधर सुमेरपुर कस्बे में इच्छा नवमी का पर्व गायत्री तपोभूमि में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मना कर आंवले के वृक्ष का पूजन करके प्रसाद ग्रहण किया गया है। संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्राचार्य बलदेव प्रसाद शास्त्री ने तपोभूमि राम-जानकी मंदिर के पीछे लगे आंवले के वृक्ष का विधि विधान के साथ पूजन सम्पन्न कराकर अक्षय नवमी की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर तपोभूमि के महंत स्वामी सुखानंद महाराज, पूर्व चेयरमैन नवल किशोर शुक्ला लोग मौजूद रहे।

### गणेश विद्यार्थी पत्रकार समिति के जिला संयोजक मनोनीत

**हमीरपुर।** उप्र मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने गणेश सिंह विद्यार्थी को जनपद का संयोजक मनोनीत किया है। उन्होंने विद्यार्थी को जनपद की कार्यकारिणी का गठन कर अविलंब प्रदेश इकाई को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह आशा व्यक्त की है कि समिति के उद्देश्यों के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करेंगे। विद्यार्थी को उप्र मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति का जिला संयोजक बनाए जाने पर पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### घर में घुसकर पीटने में 4 नामजद

**सुमेरपुर( हमीरपुर)।** कस्बे के ऊंछा थोक में घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कस्बा निवासी ज्ञान सिंह उर्फ पप्पी सिंह की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि वह दीपावली की रात दीपदान के उपरांत परिजनों के साथ घर के दरवाजे पर बैठा था तभी मोहल्ला निवासी अमन खान, बाबू उर्फ साजिद खान, सौरभ तिवारी, कन्हैया तिवारी आए और अकारण गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटा शोर सुनकर बचाने दौड़ी बेटी काजल सिंह, पत्नी रानी सिंह एवं पुत्र प्रीतम सिंह को भी गाली गलौज करके मारा पीटा और जान से मार देने के धमकी देकर चले गए।

### निर्माणाधीन उप केंद्र का बोर्ड उखाड़ा

**बिवांर( हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के करगांव गांव मौजे में प्रस्तावित बिजली उपकेंद्र पर लगाया गया बोर्ड अज्ञात युवकों ने उखाड़कर फेंक दिया। अवर अभियंता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्षेत्र के करगांव में 33 केवी पावर सब स्टेशन का निर्माण कार्य के लिए शासन से बजट आ चुका है। इसकी देखरेख जेई मान सिंह कर रहे हैं। जमीन को चिन्हित कर ली गई है। निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाया गया है, लेकिन यहां लगे बोर्ड को अज्ञात युवकों ने उखाड़कर फेंक दिया है। इस मामले में जेई ने अज्ञात युवकों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने की तहरीर दी है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात युवकों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।


नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष को माला पहनाते व्यापारी। अमृत विचार

### कन्हैया बने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष

**सुमेरपुर( हमीरपुर)।** कस्बे के स्टेशन मार्ग में संपन्न हुई भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर नए नगर अध्यक्ष का मनोनयन किया गया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन के तीन वर्ष पूर्ण होने पर नए अध्यक्ष के रूप में कन्हैया शर्मा को सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष चुना गया। इसके पूर्व इस पद पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू कार्यरत थे। इस मौके पर प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता रामू, युवा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू, अखिलेश साहू, शैलेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता, कल्लू चौरसिया, राहुल गुप्ता, आशु गुप्ता, आदिल खान, राजाबाबू गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। उधर आशीष गुप्ता एवं कल्लू चौरसिया ने बताया कि वह नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं। उन्हें भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें आवश्यक कार्य के नाम पर बुलाया गया था।

# गैस सिलेंडर के लीकेज से झुलसे एक और युवक ने तोड़ दिया दम

फॉलोअप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में नवरात्र की अष्टमी के दिन कन्या भोज बनाते समय गैस सिलेंडर के लीकेज होने से लगी आग से झुलसे एक और युवक की इलाज के दौरान केजीएमयू लखनऊ में मौत हो गई। इसका शव कस्बे में आते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब चार हो गई है। जबकि इतने ही लोग अभी भी जिंदगी मौत से जूझ रहे हैं। एक-एक करके चार मौतों से मोहल्ले में मातम का माहौल है।

बीते 10 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे कस्बे के वार्ड नंबर पांच में राजाराम प्रजापति के आंगन में नवरात्र की अष्टमी पर कन्या भोज के लिए खीर बनाई जा रही थी। तभी गैस सिलेंडर का पिन लॉक टूट जाने से तेजी से फैली गैस में लगी आग की चपेट में आकर गृहस्वामी राजाराम व उसकी पत्नी तिजिया सहित कुल 11 लोग झुलस गए थे। जिनमें छह लोगों को हमीरपुर से कानपुर और फिर कानपुर से केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया था। 15 अक्टूबर को गृहस्वामी राजाराम और 16 अक्टूबर की सुबह सुनील(24) की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जबकि 19 अक्टूबर को राजाराम के पौत्र दुर्गेश(22) ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। अभी तिजिया, संदीप और अमित कुमार का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।लेकिन रविवार को सुबह इलाज के दौरान अमित (20) पुत्र रामबाबू की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई।

- घटना में मरने वालों की संख्या हुई 4

एक-एक करके हुई चार मौतों से मोहल्ले में शोक की लहर है। अमित का शव लखनऊ से आ रहा है। सोमवार को सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। इलाज करा रहे लोगों के लिए सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने 20-20 हजार की मदद भेजी थी। इसके अलावा केपी इंटर कॉलेज के बच्चों व कुछ समाजसेवियों ने भी मदद दी थी।

### आग से झुलसे वृद्ध की चली गई जान

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के कैमोखर गांव में चाय बनाने के दौरान लीकेज हो रहे गैस सिलेंडर से लगी भीषण आग में झुलसे वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कैमोखर गांव निवासी राजू यादव (50) अपने पिता के साथ रहता था। बीती 30 अक्टूबर को सुबह गैस सिलेंडर में चाय बनाते समय लीकेज होने से आग लग गई थी। मौके पर मौजूद राजू आग से गंभीर रूप से झुलस गया था। इलाज के लिए परिजन ग्वालियर ले गए थे। लेकिन राजू की हालत में सुधार होता हुआ ना देख कर वह वापस उसे कैमोखर गाँव ले आये। रविवार सुबह करीब चार बजे राजू ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया राजू की शादी नहीं हुई थी।

## 2 बूथों पर अनुपस्थित बीएलओ से मांगा गया स्पष्टीकरण

**सरीला (हमीरपुर)।** निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची में पंजीकरण कराने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। रविवार को विशेष तिथि होने पर बूथ पर बीएलओ उपस्थित रहे। नायब तहसीलदार के द्वारा निरीक्षण में एक बूथ पर बीएलओ देरी से आने पर फटकार लगाई एवं दो बूथों पर बीएलओ अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण जारी किया गया है।


बूथ का निरीक्षण करते नायब तहसीलदार।

- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत चलाया गया विशेष अभियान

मतदाता सूची में पंजीकरण कराने के लिए विशेष अभियान 10 नवंबर 2024 रविवार को विशेष तिथि होने के कारण बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथ पर मतदाता सूची एवं फार्म के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा द्वारा दांदौ, अतरौली, धगवा, खेड़ा शिलाजीत, बन्धौली, गुटकवारा व बडेरा माफ सहित 11 बूथों पर जाकर बीएलओ की उपस्थिति देखी व निरीक्षण किया । जिसमें दांदौ गांव के बूथ सं.73 के बीएलओ प्रवेश पांचाल बूथ पर विलंब से आने पर कड़ी फटकार लगाई गई। बूथ संख्या 78 खेड़ा शिलाजीत के बीएलओ दीपक कुमार व बूथ संख्या 21 बंधौली के बीएलओ नकुल श्रीवास्तव के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी कर दिया गया है। नायब तहसीलदार राम मोहन कुशवाहा ने बताया कि 23 व 24 नवंबर से इसी प्रकार बीएलओ बूथ पर उपस्थित रहेंगे। जिससे नए मतदाता अपना पंजीकरण करवा सकें।

## अतिक्रमण के चलते कस्बे में पूरे दिन रेंगता रहा यातायात

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के मध्य से गुजरे नेशनल हाईवे 34 एवं बांदा मार्ग पर अतिक्रमण होने से पूरे दिन जाम के हालात रहते हैं। हाईवे पेट्रोल पंप से लेकर नेहा चौराहा तक अतिक्रमण से घिरा है। इसी तरह बांदा मार्ग बस स्टैंड से लेकर रानी लक्ष्मीबाई तिराहा तक अतिक्रमण की चपेट में है। इस मार्ग में सर्वाधिक अतिक्रमण बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायरों ने कर रखा है।

नेशनल हाईवे 34 कस्बे के मध्य से होकर गुजरा है। यह हाईवे पेट्रोल पंप से लेकर नेहा चौराहा तक अतिक्रमण का शिकार है। अतिक्रमण होने के कारण कस्बे के अंदर पूरे दिन जाम का झाम बना रहता है। हाईवे के जाम से कस्बे के मध्य से गुजर बांदा मार्ग, मैथिलीशरण गुप्त मार्ग, रामलीला मैदान मार्ग, दुग्ध डेयरी मार्ग सहित बांकी मार्ग भी तुरंत प्रभावित होते हैं। विडंबना यह है कि कस्बे के किसी भी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस नहीं है। सर्वाधिक झाम के लिए ई रिक्शा चालक नासूर हैं। उनके आड़ा तिरछा घुस जाने से यातायात प्रभावित होता है। कस्बे के निवासी राजेंद्र निगम, आशीष गुप्ता, कल्लू चौरसिया, रामनरेश गुप्ता, कल्याण सिंह, उमेश गुप्ता, बृजेश शर्मा, अरविंद श्रीवास्तव आदि बताते हैं कि जाम के कारण आवश्यक कार्य को जाने से घंटों लग जाते हैं।

## श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता की दूसरी मिशाल नहीं

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे की छोटी बाजार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता का वृतांत सुनाते हुए लोगों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा की मित्रता का ऐसी मिसाल दुनिया में आज तक दूसरी नहीं है। वहीं कैथी में कथा के पांचवे दिन प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया।

कस्बे की छोटी बाजार में कथा के अंतिम दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र के साथ परीक्षित मोक्ष का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उनकी मित्रता की मिसाल दुनिया में दूसरी नहीं है। इस मौके पर कथा की परीक्षित संतोष कुमारी वाजपेई,आलोक बाजपेई,गौरव मिश्रा, अंकित तिवारी, ओम वाजपेई, देवांश बाजपेई, श्रेयांश त्रिपाठी,उत्कर्ष बाजपेई, राघव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।


भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

वहीं कैथी गांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह प्रधान द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास मीनाक्षी तिवारी हरदोई ने प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर श्रोताओं को आनंद से भर दिया। इस मौके पर राजेश सिंह सेंगर,धीरेंद्र सिंह,उम्मेद सिंह,राजबहादुर सिंह,आशीष गुप्ता,शरद चंदेल, छेदीलाल अनुरागी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भागवत कथा में सुनाया भक्त ध्रुव का प्रसंग

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के कपसा मार्ग स्थित सुप्रसिद्ध मंदिर बजरंग धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पं.राधावल्लभ शरण शास्त्री ने कथा को आगे बढ़ाते हुए बालक ध्रुव व भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। कथावाचक ने कहा कि यदि आपकी भगवान के प्रति सच्ची आस्था है तो लाख कोशिशों के बावजूद कोई भी आपका बाल बांका नहीं कर सकता है। भक्त प्रहलाद को एक ताकतवर राक्षस हिरण्यकश्यप द्वारा कई बार मारने का प्रयास किया गया। बाद में प्रभु ने अपने भक्त को बचाने के लिए नरसिंह प्रभु का रूप धारण कर राक्षस का अंत कर दिया था। पैड वादक, ऑर्गन वादक, तबला वादक ने संगत दी।

कार्यक्रम — सूफी संत हजरत बाबा निजामी के चार दिवसीय उर्स के पहले दिन मुशायरे का आयोजन हुआ

# दिल में उतरने लगता है चेहरा हुजूर का...

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** महान सूफी संत हजरत बाबा निजामी के चार दिवसीय उर्स के पहले दिन शनिवार की रात उनके आस्ताने कम्हरिया में शानदार आल इंडिया नातिया व मनकबती मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत सज्जादानशीन हाफिज वली मोहम्मद व हाफिज़ लाल मोहम्मद और संचालन माजिद देवबंदी ने की। हजारों की संख्या में श्रोताओं ने हर शायर को उनके अच्छे शेरों को दाद से नवाज़ा।

राही बस्तवी के इस शेर पर जमकर दाद मिली 'ज़िक्रे नबी जो करते हैं जिक्रे खुदा के बाद - महशर के रोज़ होंगे मेरे मुस्तफा के साथ।


मुशायरे में अपनी कलाम पेश करते शायर। अमृत विचार

जमील खैराबादी ने अपने इस शेर पर खूब दाद बटोरी 'ज़रूर तुमको मदीने बुलाएंगे आका -हयात जैसे भी गुजरे गुज़ारते रहना। मसीह निज़ामी मौधवी का ये शेर बहुत पसंद किया गया 'जो जुबान करे जिक्रे सल्ले अला मुंह को ऐसी जबां की ज़रूरत नहीं -जिन नमाज़ों में इश्के शहे दीं न हो ऐसे सजदों की कोई फ़ज़ीलत नहीं। काविश रुदौली ने अपने इस शेर पर खूब दाद बटोरी लौटने अमानत मेरी बुलवाए वो दोबारा - मैं जान के भूल आऊं सामान मदीने में। संचालन कर रहे डॉक्टर माजिद देवबंदी का ये शेर बेहद पसंद किया गया जिस पर सरकारे दो आलम की नजर हो जाये -वो बशर मिस्ले अबू बकरो उमर हो जाय। वसीम रामपुरी के इस शेर पर श्रोताओं ने जम कर दाद दी 'दिल में उतरने लगता है चेहरा हुजूर का -जब देखता हूं गुम्बदे खज़रा हुजूर का। कलंदर निज़ामी ने पढ़ा ' वंहा की शामो सहर देखने को मिल जाय -मुझे हुजूर का दर देखने को मिल जाय ।मुशायरा देर रात तक बड़ी कामयाबी के साथ चलता रहा अंत में रज़ा खान ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## कम्हरिया बाबा के उर्स में अकीदतमंदों की रही भीड़

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड स्तरीय कम्हरिया बाबा का प्रसिद्ध मेला प्रारंभ हो चुका है। इस मेले की शांति व्यवस्था के लिए 100 से अधिक पुलिस बल तैनात हुआ है। लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तीन बैरियर लगाए गए हैं। गांव के स्कूल में अस्थाई पुलिस चौकी की स्थापना हो चुकी है। क्षेत्राधिकारी विनीत पहल के नेतृत्व में मेले की सुरक्षा व्यवस्था है।

प्रसिद्ध सूफी संत कम्हरिया के बाबा निजामी के उर्स के दूसरे दिन रविवार को उनकी मुख्य चादर निकल गई। चादर में दोनों सज्जादा नशीन थे। बाबा के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं कम्हरिया के तीन स्थानों पर भारी लंगर जारी है। इतना ही नहीं मौदहा के कम्हरिया बाबा मार्ग के मुख्य गेट पर यहां के बड़े चौराहा स्थित दुकानदारों ने मिलकर लंगर का इंतजाम किया है। तो स्टेशन से लेकर रास्ते में कई जगह बाबा के मेहमानों के लिए लंगर जारी है। बाबा के मुख्य अस्ताना और मस्तान शाह बाबा के आस्ताने पर सीसीटीवी कैमरों की भी व्यवस्था की गई है। कम्हरिया बिवांर मार्ग में वाहनों का निकलना वर्जित है। क्षेत्राधिकार विनीता ने बताया कि बिवांर से ही डायवर्जनन बना दिया गया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 1530 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 19/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती माला पत्नी स्व0 धन्धू | श्री धांधू पुत्र देवीदीन यादव | सिकन्दरपुरा -2 | 04 | 270 | वरासत |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

# निर्देश बेअसर, महिला पुल अभी तक पूरा चालू नहीं

## हाल : बसपा सरकार के समय पुल की हुई थी स्वीकृति, 1247.13 मीटर लम्बा व 7.5 मीटर चौड़ा है पुल

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सरकारी कामकाज की बानगी जांचनी हो तो यमुना नदी पर बनने वाले महिला पुल को देखिए। बसपा शासन काल में स्वीकृत हुए पुल पर आजतक पूरी तरह से आवागमन शुरू नहीं हो सका। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के निर्देश भी हवाहवाई साबित हो रहे हैं।

कुछ महीने पहले तत्कालीन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने महिला पुल का स्थलीय निरीक्षण कर जिम्मेदारों को निर्देशित किया था कि जून अंत तक यह बन जाए। तब जिलाधिकारी ने तत्कालीन एक्सईएन लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक कृष्ण कुमार को भी निर्देशित किया था कि हर हाल में पुल के दोनों ओर अप्रोच रोड का निर्माण 15 जून तक कर लिया जाए। जमीनी हकीकत है कि जिलाधिकारी का तबादला हो गया, तय समय सीमा निकल गई पर पुल पर आवागमन शुरू नहीं हुआ। जैसे तैसे पुल को सेतु निगम ने पूरा किया तो अब पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सुस्त गति से अप्रोच रोड का निर्माण लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है।


यमुना नदी पर बना महिला पुल। अमृत विचार


बड़े वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए रखे गए पत्थर। अमृत विचार


पुल से आवागमन करते हुए लोग। अमृत विचार

### 2 दिन में बन जाएगी अप्रोच रोड

लोक निर्माण विभाग के जेई राजधर विश्वकर्मा ने बताया कि अप्रोच रोड दो दिन में पूरी हो जाएगी। इसकी लंबाई 365 मीटर मऊ साइड में एवं 225 मीटर कौशांबी साइड में है। अतिक्रमणकारियों की नोटिस तैयार हो चुकी हैं। सोमवार तक इनको दे दिया जाएगा। बताया कि जितना पैसा मिला है, उतना काम चार दिन तक में पूरा हो रहा है। बताया कि अप्रोच रोड का शासन का इस्टीमेट दस करोड़ है। मेन अप्रोच रोड का काम चार दिन में पूरा कर दिया जाएगा। उनसे जब अप्रोच रोड के इस्टीमेट का बोर्ड अब तक नहीं लगाए जाने के संबंध में जानकारी मांगी गई तो उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। जानकारी के मुताबिक, 97 लोगों के नाम चिह्नित कर नोटिस काट दी गई है।

### 12 मीटर चौड़ा होगा रोड

सूत्र बताते हैं कि मऊ महिला पुल की इंट्री झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मऊ के मुख्य चौराहे से ब्लॉक मार्केट होते हुए यमुना रोड से होगी। एक्जिट प्वाइंट बाबूलाल चौराहे के पास से शिवपुर मोड़ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग होगा। रोड को बारह मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। एकाध दिन में इसे भेज कर पंद्रह दिन तक की मोहलत दी जाएगी। यमुना रोड के अंदर आने वाले बाबूलाल चौराहे को गोल चौराहे के रूप में विकसित किया जाएगा।

### 5 लाख की आबादी को पुल से फायदा

- इस पुल के बन जाने से चित्रकूट में मऊ के साथ सीमावर्ती कौशांबी जिले के महिला व सराय अकिल सहित की लगभग साढ़े पांच लाख की आबादी को सीधा लाभ होगा। इसके साथ ही प्रतापगढ़, फतेहपुर और प्रयागराज आने-जाने के लिए लोगों को सहूलियत भी होगी।

### साढ़े 12 सौ मीटर लंबा है पुल

- जानकारी के मुताबिक, पुल की कुल लागत अब 11685 .05 लाख रुपये है। कुल बतो 7 .5 मीटर कुल चौड़ाई है। पुल में 42 पिलर हैं। पुल के कामों की निगरानी सेतु निगम कर रहा है जिसे बनाने का काम प्राइवेट कंपनी मित्तल ग्रुप को मिला है। मित्तल ग्रुप पुल को 26 मार्च 2021 से बना रही है। पुल की औसत आयु 50 साल है।

### छोटे वाहनों की आवाजाही जारी

- पुल का काम पूरा होने से इसको छोटे वाहनों के आवागमन के लिए आधा खोला गया। इससे लोग आवागमन करते हैं। अप्रोच रोड के अधूरा होने से पुल को ट्रांसपोर्ट/बड़े वाहनों के लिए अभी तक नहीं खोला जा सका है।

### जल्द ही किया जाएगा हैंडओवर

- सेतु निगम के अधिकारियों का कहना है कि उनका काम पूरा हो चुका है। जल्द ही पीडब्ल्यूडी विभाग को पुल हैंडओवर कर दिया जाएगा।

### बसपा सरकार ने दिया था तोहफा

बसपा सरकार में पुल की घोषणा हुई लेकिन तीन सरकारें आईं और गईं, पुल अधूरा रहा। वर्ष 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने पुल की स्वीकृति दी थी वर्ष 2012 में सूबे में सपा सरकार बनने पर पुल राजनीति में फंस गया। स्वीकृति के समय जो पुल करीब 40 करोड़ रुपये में बनना था। अब उसकी लागत 116 करोड़ हो गई है। वर्ष 2020 में योगी सरकार ने पुनरीक्षित बजट को स्वीकृति किया।

# धूमधाम से मनाई गई मोदन सेन महाराज की जयंती

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** कस्बे में मोदनवाल समाज के तत्वाधान में मोदनसेन महाराज की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पूजा अर्चना के बाद एक शोभायात्रा निकाली गई। एक गेस्ट हाउस में सभा का आयोजन किया गया। इसमें समाज की प्रगति और विकास पर चर्चा हुई।

इसकी अध्यक्षता मोदनवाल सभा के पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश प्रसाद मोदनवाल ने की। संचालन सभासद रमन मोदनवाल ने किया। जिलाध्यक्ष कमलेश मोदनवाल, नगर अध्यक्ष विकास मोदनवाल उर्फ रिशु व राजाराम उर्फ पिंकू मोदनवाल ने सबका स्वागत किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता ने मोदनसेन महाराज को नमन करते हुए कहा कि समाज की दशा और दिशा पर चिंतन करने के लिए राष्ट्रीय संगठन का निर्माण किया गया है। समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। गरीब, असहाय लोगों के बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। गरीब लोगों की कन्याओं की शादी के लिए सामूहिक विवाह योजना की भी रूपरेखा तैयार की जा रही है। बच्चों को व्यापार के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी रुचि लाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सीख दी। कहा कि यह ऐसा अभिशाप है, जो समाज को गरीबी व पारिवारिक विघटन की ओर ले जाता है। समाज के लोग कृत संकल्पित हों कि नशामुक्ति करेंगे।

मोदनवाल सभा के प्रदेश मंत्री जयप्रकाश उर्फ लल्लू भाई मोदनवाल ने नारी उत्थान की सीख दी। इस मौके पर जिले के अलावा प्रतापगढ़, कौशांबी, फतेहपुर, वाराणसी, बांदा, भदोही, मिर्जापुर आदि से समाज के लोग पहुंचे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, रामनरेश मोदनवाल, अशोक मोदनवाल, मोनू मोदनवाल, भोला मोदनवाल, संतोष मोदनवाल, देवकी नंदन मोदनवाल, छोटेलाल मोदनवाल, सविता मोदनवाल, मुन्नी देवी, शारदा देवी, संगीता देवी, सुधा आदि मौजूद रहीं।


शोभायात्रा में शामिल समाज के लोग। अमृत विचार

# फसल का वाजिब दाम नहीं मिल रहा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● 18 नवंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रदर्शन

**अमृत विचार।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अमित यादव ने आरोप लगाया है कि मंडियों में किसानों से खुलेआम लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से किसानों के हित मारे जा रहे हैं। किसान को अपनी फसल का वाजिब दाम ही न मिलेगा तो वह कैसे जिएगा। बताया कि सरकारी नीतियों के खिलाफ पार्टी 18 नवंबर को जोरदार आंदोलन करेगी।

अमित ने कहा कि रबी की बुआई के लिए डीएपी खाद की मारामारी है। खुले बाजार में दुकानदार भारी कीमत पर खाद बेच रहे हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि किसान की मेहनत की कीमत तो छोड़िए, उसकी लागत तक नहीं निकल पा रही। भीषण महंगाई के दौर में किसान को परिवार पालने में दिक्कत आ रही है। पढ़ाई, कपड़े, रोजमर्रा की आवश्यकताओं को ही धन नहीं हो पाता। ऐसे में कैसे बैंक के कर्ज की अदायगी करे। उन्होंने बताया कि 2004 में पार्टी के समर्थन से चल रही कांग्रेस सरकार के समय बासमती धान 4000 रुपये प्रति क्विंटल बिका था। डीजल की कीमत 35 रुपये प्रति लीटर थी। डीएपी 300 रुपये प्रति बोरी और बोरी का बजन 50 किलो का था। यूरिया की बोरी 100 रुपये की थी। अब इन चीजों के दाम बीस गुना तक बढ़ चुके हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 18 नवंबर को जिले में सभी किसान संगठनों, विपक्षी दलों को जोड़कर आंदोलन करेगी।

# अतरसुई मार्ग पर बर्बाद हो रहा जल, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार।** एक ओर तो पानी के बचाने की बातें होती हैं, दूसरी ओर कई बार जिम्मेदारों की जिम्मेदारी पर शक होने लगता है। पियरियामाफी अतरसुई मार्ग पर स्थित गोशाला के पास पाइप लाइन से हफ्तों से पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। बताया जाता है कि यह पाइप लाइन लीकेज की वजह से है। ग्रामीणों के अनुसार एल एंड टी संस्था सहित जल जीवन मिशन के कर्मचारियों को कई बार बताया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।


इस तरह बर्बाद हो रहा पानी।

# अयांश ने बनाया चौराहे का मॉडल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** होनहार बिरवान के होत चीकने पात कहावत चरितार्थ की है पांच वर्षीय अयांश ने। उसने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का बढ़िया उदाहरण प्रस्तुत किया है और मुख्यालय के ट्रैफिक चौराहा का हूबहू मॉडल बनाया है। उसके मॉडल को विज्ञान और क्राफ्ट प्रदर्शनी में जमकर सराहा गया।

पत्रकार अखिलेश सोनकर का बेटा अयांश किंग्सन इंग्लिश स्कूल के बचपन प्ले ग्रुप का छात्र है। उसके स्कूल में 11 नवंबर से हुई दो दिवसीय प्रदर्शनी में बच्चों के मॉडल प्रदर्शित किए जाने थे। इसमें अयांश ने ट्रैफिक चौराहा, जिसे धनुष चौराहे के नाम से भी जाना जाता है, का मॉडल बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा की ओर सबका ध्यान खींचा। इसमें अयांश ने चौराहे की खूबसूरती दिखाते हुए चित्रकूट धाम के मंदिर और अस्पताल को भी दिखाया है। यातायात के नियमों के बारे में भी जागरूक किया है। इतनी कम उम्र में ऐसी कलात्मकता को सबने जमकर सराहा। सोशल मीडिया में भी बच्चे की हुनर की जमकर तारीफ की जा रही है । स्कूल के प्रबंधक मिनहाज आलम और अध्यापकों के साथ परिचितों ने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


अपने मॉडल के साथ अयांश सोनकर।

# पेट्रोल डालकर वाहन जलाने में तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

संवाददाता,बरगढ़ (चित्रकूट)

● 9 नवंबर 2024 को दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** पेट्रोल डालकर वाहन जलाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि इस संबंध में 9 नवंबर को रिपोर्ट दी थी। इसकी जांच के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी।

दी रिपोर्ट में टेकलाल उर्फ संखराज पुत्र लोकनाथ, छोटू पुत्र टेकलाल निवासीगण ग्राम सेमरा, अंकित केशरवानी, अनुज केशरवानी पुत्रगण अनिल केशरवानी, नितिन पुत्र फूलचंद्र और बददू पुत्र ब्रह्मानंद निवासीगण बरगढ़ के खिलाफ विजय गुप्ता निवासी बरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अंकित, कपिल और नितिन को अशोक चौराहा से गोइया रोड जाने वाली पुलिया पंचवटी गेस्ट हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई राधेश्याम सिंह, कांस्टेबिल रंजीत यादव, उमेश कुमार शामिल रहे। गिरफ्तारी में एसआई पवन प्रधान की भी अहम भूमिका रही।

# पालीथिन का प्रयोग न करें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने जल उत्सव अभियान हाफ मिनी मैराथन को जीवन बीमा तिराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीडीओ ने लोगों से पालीथिन का प्रयोग न करने की अपील की।

अधिकारियों के साथ खिलाड़ियों, विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से इसमें शिरकत की। इसका समापन गणेश बाग में हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने अपील की कि पालीथिन का उपयोग न करें। आसपास कचरा न फेंकें। गंदगी न करें। जल को बर्बाद न करें। दूसरे लोगों को भी इन कार्यों के लिए प्रेरित करें। सीडीओ ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को कैप एवं टी-शर्ट दी। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार, अवधेश सिंह, रमेश सिंह, अंगद सिंह, फिरोज अंसारी, श्यामसुंदर, अख्तर हुसैन उदय प्रताप आदि मौजूद रहे।


मिनी मैराथन में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ातीं सीडीओ अमृत पाल कौर।

# प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में दिक्कतों पर चर्चा

**चित्रकूट।** श्रीजयदेव वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत मानदेय शिक्षकों का प्रदेशस्तरीय सम्मेलन हुआ।

इसमें लगभग 34 जनपदों से आए मानदेय शिक्षकों ने अपनी समस्याएं साझा कीं। जालौन के रविंद्र मिश्रा, वाराणसी के पुष्कर पांडेय, चित्रकूट के अजय कुमार शुक्ला, कौशांबी के दिवाकर मिश्र, बलिया के दया शंकर पाठक को शामिल किया गया। संरक्षक मंडल में वाराणसी के नीरज पांडेय, बांदा के वरुण मिश्रा कौशांबी के मधुसूदन मिश्रा, आजमगढ़ के अमित कुमार पांडेय, फतेहपुर के श्याम द्विवेदी और जालौन के आदित्य नारायण द्विवेदी मनोनीत किए।

## सार-संक्षेप

### राजकीय संप्रेक्षण गृह में बाल कार्निवाल

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में रविवार से बाल कार्निवाल की शुरुआत की गई। यह 14 नवंबर तक चलेगा। इसका उद्घाटन सदस्य किशोर न्याय बोर्ड शिवशंकर त्रिपाठी व सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। योगाचार्य संजय कुमार ने आवासित संवासियों को योगाभ्यास व ध्यान मुद्रा कराई। यम, नियम के सत्य मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अशोक कुमार पटेल, सुरेश चंद्र, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। इस मौके पर संवासियों द्वारा नाटक जैसी करनी वैसी भरनी का मंचन किया गया।

### शिव-पार्वती की कथा सुनाई

**चित्रकूट।** शहर के एक मैरिज हाल में श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचिका माधवी ने भगवान शिव-पार्वती विवाहोत्सव की कथा सुनाई। बताया कि भगवान शिव के विवाह की कथा सुनने से सभी प्रकार के मंगल होते हैं एवं शिव प्रसन्न होते हैं।


माधवी।

### गणेश बाग के तालाब में डूबने से मौत

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत मुहल्ले माफी कर्वी निवासी जल निगम के कर्मचारी देवीदयाल ( 57 ) की गणेश बाग में तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि वह सुबह घूमने गए हुए थे। शौचक्रिया के बाद तालाब में हाथ धोने लगे तभी पैर फिसल गया। परिजनों को वहां पर नहा रहे लोगों के माध्यम से सूचना मिली।

### पैमाइश के बाद भी किया कब्जा

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** परसौंजा निवासी शिवमोहन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी जमीन पर पैमाइश के बाद भी कब्जा कर लिया गया। उसने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने पैमाइश की थी। लवलेश, कमलेश और राजा ने पत्थर को उखाड़कर खेत में कब्जा कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पाइप लाइन चोरी होने की रिपोर्ट

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** नगर पंचायत की जलापूर्ति सरैंया पंप हाउस से पाइपों के माध्यम से की जाती है। बीते दिन घाटी पार्क के पास से कुछ लोगों ने पाइप उखाड़ लिए और इसको ई रिक्शा से ले जाने लगे। कर्मचारी उमेश कुमार और रवि गर्ग ने इनको मौके पकड़ा। इसका वीडियो भी बनाया गया है।

विडंबना | उम्र के आखिरी पड़ाव में दंपति की रुकी पेंशन

# वृद्ध दंपति को कागजों में दिखाया गया मृत

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सरकारी योजनाओं का तो बड़ा ही अलग मानक है पर जब गरीबों को सरकारी इमदाद की बेहद जरूरत होती है तब नियम क़ानून का पचड़ा इस कदर सामने आ जाता है कि सिवाय छटपटाने के कुछ भी हाथ नहीं आता। ऐसा ही एक मामला पियरियामाफी ग्राम पंचायत का सामने आया है। इससे सरकारी कामकाज पर सवाल उठ रहे हैं।

यहां के निवासी सोनरा और उसकी पत्नी बहरी यादव उम्र के उस पड़ाव पर हैं, जहां वे अशक्त हैं। दंपति ने बताया कि पहले दोनों को वृद्धावस्था पेंशन मिलती थी। इधर दो तीन साल से पेंशन बंद हो गई। जब गांव के कुछ लोगों को बताया तो उन्होंने पता किया तो जानकारी मिली कि मृतक घोषित कर दिया गया है इसलिए पेंशन रुक गई है।


लाचार सोनरा और उसकी पत्नी बहरी।

### सम्मान निधि भी बंद की गई

पति-पत्नी ने बताया कि जमीन एकाध बीघे है। सम्मान निधि मिलती थी अब बीते साल से वह भी बंद हो गई। वृद्ध दंपति ने बताया कि कागज में हम मर गए लेकिन भगवान की ओर से अभी जिंदा हैं।

### मेरे बाद क्या होगा

कृशकाय वृद्ध सोनरा यादव ने चिंता जताई कि यदि वह पहले मर गया तो उसकी बुढ़िया पत्नी का क्या होगा। बताया कि इसका तो पैर भी टूट चुका है। लाठी के सहारे थोड़ा बहुत घिसट रही है।

### अलग रह रहे बच्चे

दंपति ने बताया कि जमीन न होने से दोनों बच्चे अलग रहकर मजदूरी करके किसी तरह परिवार चला रहे हैं। खाना दे रहे हैं लेकिन जब सरकार की ओर से पेंशन दी जाती है तो हमें क्यों नहीं दी जा रही है।

### हर स्तर पर की लिखापढ़ी- प्रधान

प्रधान योगेंद्र शुक्ला ने कहा कि वृद्ध दंपति की पेंशन रुक जाना दुखद है। पता नहीं किसकी हरकत, बदमाशी से यह पेंशन बंद हुई। बताया कि वह डीपीआरओ तक इस मामले को ले जा चुके हैं और चाहते हैं कि इनकी पेंशन फिर से चालू हो जाए। वह लगातार प्रयासरत हैं। भगवान चाहेगा तो जल्द फिर पेंशन चालू हो जाएगी।

# अब महंत से मिले शानू, बदला नजर आया रुख

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने रविवार को महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर पहुंचकर महंत भरत दास और पटरी व्यापारियों के बीच विवाद को निपटाने का प्रयास किया।

शानू ने बताया कि आश्रम के विकास तथा व्यापार दोनों बिंदुओं पर चर्चा की गई। महर्षि वाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास ने उनसे अपना पक्ष रखा। बताया कि जब वह आश्रम आए थे तो यहां पर लालापुर के कुछ गुंडों द्वारा छोटे व्यापारियों से गुंडा टैक्स वसूली को बंद कराया था। गुंडों ने मेरे ऊपर भी हमले का प्रयास भी किया। वसूली करने वाले गांव के लोगों ने छोटे व्यापारियों को भड़काकर आपसी संघर्ष की रणनीति बनाई थी उनकी यह रणनीति ध्वस्त हो चुकी है। बताया कि लालापुर में लगभग ढाई सौ दुकानें बनवाने का प्रस्ताव रखा है। कुछ एक विपक्षी जो रंजिश मानते हैं, संघर्ष करवाने के प्रयास में रहते हैं। ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। यहां यह भी गौरतलब है कि एक दुकानदार ने महंत पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। तब जिला अस्पताल में उससे मिलने गए शानू ने महंत पर भी गंभीर बातें कही थीं। अब शानू का यह रुख पूरे मामले पर पटाक्षेप का प्रयास माना जा रहा है।


**चित्रकूट।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की आंवला नवमी ( अक्षय नवमी ) पर पूरे जिले में महिलाओं ने आंवला के वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पहाड़ी, रामनगर, मानिकपुर, भरतकूप, सीतापुर, सरैंया, मऊ आदि जगहों में भी पूरी श्रद्धा से पर्व मनाया गया। अमृत विचार

# रोटी बैंक ने 151 महिलाओं को बांटी साड़ी व मिठाई

## साड़ी व मिठाई पाकर गरीब महिलाओं के खिल उठे चेहरे, आयोजकों को आशीर्वाद देते हुए गईं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता महोबा



महिला को साड़ी व मिठाई देते मनोज तिवारी व उपस्थित महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोटी बैंक के तत्वावधान में रोटी बैंक कार्यालय में रविवार को आयोजित आशीर्वाद कार्यक्रम के तहत 151 गरीब महिलाओं को साड़ी और मिठाई वितरित की गई। साड़ी व मिठाई पाकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। आशीर्वाद कार्यक्रम की जानकारी मिलते ही महिलाओं का कार्यालय में सुबह से पहुंचना शुरू हो गया। तीन घंटे तक चले कार्यक्रम में एक एक महिला को मंच पर बुलाकर साड़ी और मिठाई दी गई।

रोटी बैंक के संयोजक पावेज अहमद उर्फ मुट्टन चच्चा ने कहा कि रोटी बैंक समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन करके गरीबों की मदद करता है। उन्होंने

- **संयोजक ने कहा कि रोटी बैंक सबकी मदद करता है**

कहा कि सर्दी के मौसम में रोटी बैंक द्वारा कंबल वितरित किए जाते हैं। इसके अलावा गरीबों और भूखों को भोजन की भी व्यवस्था कराई जाती है, जिससे कोई भी गरीब भूखा न सो सके। उन्होंने बताया कि रोटी बैंक के माध्यम से तमाम लोगों को भोजन मिल रहा है। भूखों को भोजन कराना और गरीबों की मदद करना पुण्य का काम है, इस कार्य में अन्य लोगों को भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

इस मौके पर मनोज तिवारी ने कहा कि जिले में रोटी बैंक की शुरूआत मुट्टन चच्चा द्वारा कराई गई थी। शुरुआत में रोटी बैंक के सदस्य घर घर जाकर एक से दो रोटी लेकर रोटी बैक में एकत्र करते थे, जहां से सब्जी और रोटी गरीबों को पहुंचाई जाती थी। अब रोटी बैंक कार्यालय में ही रोटी मेकर मशीन के जरिए रोटी तैयार की जा रही है, जिससे अब घंटों का काम मिनटों में होने लगा है। आशीर्वाद कार्यक्रम के मौके पर डॉ. केडी गुप्ता, अफजाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# धारदार हथियार से अधेड़ को किया लहूलुहान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा श्रीनगर के मोहल्ला भैरोगंज में मकान में बने चबूतरे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद में एक पक्ष के व्यक्ति ने दूसरे पक्ष के एक अधेड़ को धारदार हथियार से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया और परिजनों को जान से मारने की धमकी देते हुआ फरार हो गया। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर तैनात डॉक्टर द्वारा इलाज में देरी करने पर ग्रामीणों ने हंगामा काटा। सीएमएस के आने के बाद उपचार शुरू किया गया।

कस्बे के मोहल्ले भैरोगंज निवासी हीरा सिंह यादव के घर के बाहर दस फिट का चबूतरा बना है, जिसको लेकर मोहल्ले के ही देवीदीन कुशवाहा ने एक सप्ताह के अंदर चबूतरा हटाए जाने को कहा, लेकिन चबूतरा न हटाए जाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था,


घटना के बाद जिला अस्पताल में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- **घायल के उपचार में देरी होने पर परिजनों और भीड़ ने जिला अस्पताल में काटा हंगामा**

जिस पर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। इसके बाद बीती देर शाम इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए, जिससे एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के हीरा सिंह यादव पर धारदार हथियार से प्रहार कर बुरी तरह घायल कर दिया गया। घायल को बचाने पहुंचे परिजनों की भी दबंगों से झपड़ हुई और वह जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद घायल हीरा यादव को परिजन और मोहल्ले वासी जिला अस्पताल ले गए, जहां पर उपचार में देरी होने पर आक्रोशित परिजनों और मौजूद भीड़ ने जमकर हंगामा काटा। हंगामा किए जाने की सूचना मिलते ही सीएमएस डॉ. पवन अग्रवाल मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर घायल का उपचार शुरू कराया। सीओ चरखारी रविकांत गौड़ ने बताया कि घायल पक्ष से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# सांप के डसने से गई किसान की जान

**महोबा।** थाना श्रीनगर के ग्राम पिपरामाफ में खेत पर काम करते समय एक किसान को सांप ने डस लिया, जिससे किसान खेत पर ही बेहोश होकर गिर गया। खेत पर काम रहे अन्य किसान व परिजन उसे जनपद छतरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना श्रीनगर के ग्राम पिपरामाफ निवासी चंद्रभान (42) ब्रजगोपाल खेत मे मूंगफली उखाड़ने का काम कर रहा था, तभी उसे सांप ने डस लिया।

देखते ही देखते किसान खेत पर ही गिरकर अचेत हो गया। आसपास के लोगों द्वारा चीखने चिल्लाने पर अन्य किसान दौड़ पड़े और उसे सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्रीनगर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने मे जुट गई है।

## ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महोबा।** चरखारी कोतवाली के अन्तर्गत ग्राम कनेरा में अज्ञात कारण के चलते मुन्ना 45 पुत्र मूलचन्द अहिरवार ने जानवर बाड़ा में लगे पेड़ से फासी लगाकर सुबह आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता ने उसे फंदे पर लटकता देखा तो कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए। शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया।

# कानूनी अधिकारों के प्रति लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** संत जोसफ्स इंटर कालेज (हिन्दी मीडियम) महोबा के प्रधानाचार्य फादर अंटोनी लजार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने जन जागरूकता रैली निकाली। रैली कालेज के आसपास इलाकों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में छात्र-छात्राएं कानूनी अधिकार से संबन्धित नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली के बाद हुई गोष्ठी में शिक्षकों को छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों से संबन्धित जानकारी उपलब्ध कराई गई।

संत जोसफ्स इंटर कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली द्वारा छात्र छात्राओं की भारी भीड़ नजर आई साथ में शिक्षक भी मौजूद रहे। रैली बजरिया, जकरिया पीर सहित आसपास के मोहल्लों से होते हुए विद्यालय में समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र



रैली में शामिल छात्र-छात्राएं व कार्यक्रम में जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

### पीएससी भटीपुरा में विधिक सेवा कार्यक्रम हुआ संपंन

शहर के मोहल्ला भटीपुरा क्षेत्र में स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विधिक सेवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भटीपुरा और बजरिया की समस्त एएनएम, आशाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता ज्योति चतुर्वेदी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मिलने वाली सहयता से उपस्थित लोगों को रूबरू कराया। जिला स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी शिव कुमार ने घरेलू हिंसा, वैवाहिक व पारिवारिक विवादों के नि:शुल्क निस्तारण कराए जाने की जानकारी दी। इस मौके पर लवली आर्य, सैयद अब्दुल अहद, जितेंद्र कुमार सिंह, अंकिता रैकवार, सीमा चौरसिया, शांति देवी, द्रोपदी यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

छात्राएं जब होगी मानव अधिकार की रक्षा, तब समाज में सबका विकास होगा अच्छा। सबको मिले समान अधिकार, मानव अधिकार आयोग करे सबके सपने साकार जैसे तमाम नारे लगाकर आम जन को जागरूक कर रहे थे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए कालेज के प्रधानाचार्य ने कहा कि भारत में राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के

- **संत जोसफ्स स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली**
- **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्र छात्राओं को दी जानकारी**

तहत किया गया था और इसका काम कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करना और उसका मूल्यांकन एवं निगरानी करने के साथ इस अधिनियम के अन्तर्गत कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छात्र छात्राओं को भी सहायता प्रदान करने के भी नियम हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और स्टाफ मौजूद रहा।

# गोवर्धन्नाथ जू मेला : हॉकी टूर्नामेंट का होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** मेला सहस्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू महाराज में आयोजित होने वाला अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन के लिए इस बार फिर नगर पालिका बोर्ड ने आयोजन की हरी झंडी दिए जाने के बाद टूर्नामेंट की तिथि घोषित कर दी है। इस दफा 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। टूर्नामेंट में देश भर की 13 टीमों की इंट्री टूर्नामेंट के लिए हो गयी है ।

बुंदेलखण्ड में हॉकी खेल के लोग अधिक प्रेमी हैं । कोरोना काल से ही नगर पालिका परिषद द्वारा गोवर्धन्नाथ जू मेले के मौके पर हॉकी टूर्नामेंट के लिए बजट की व्यवस्था न किए जाने के कारण हॉकी प्रेमियों में निराशा का माहौल रहा। अब पालिका द्वारा मेला बजट

- **25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक नामी गिरामी हॉकी टीमों का मुकाबला देखने को मिलेगा**

में बढ़ोतरी करते हुए एक बार फिर हॉकी प्रेमियों में उत्साह का संचार किया है।

टूर्नामेंट समिति के महासचिव सादिक इस्लाम ने बताया कि नगर पालिका परिषद ने जो जिम्मेदारी समिति को सौंपी है उस पर समिति पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रही । समिति के सदस्यों ने भोपाल, लखनऊ, सागर, झांसी सहित तमाम महानगरों की टीमों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। उन्होंने ने बताया कि समिति द्वारा टूर्नामेंट में कुछ स्थानीय टीमों के साथ ही प्रमुख टीमों को इंट्री दी जाएगी जिसमें केनरा बैंक बैंगलौर की महत्वपूर्ण टीम की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है।

# समस्या : नहरों में पानी न आने से जुताई-बुआई का कार्य प्रभावित

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले में रबी फसल की जुताई बुआई की तैयारियों में किसान दिन रात जुटा हुआ है, लेकिन अभी तक नहरों में पानी न छोड़े जाने से किसान खेतों में पलेवा नहीं कर पा रहा है, जिससे किसानों की बुआई पिछड़ती जा रही है। उधर डीएपी खाद न मिलने से किसानों के लिए एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। जिन किसानों ने कुओं और बोर के पानी से खेतों को तैयार कर लिया है। वह भी डीएपी न मिलने के कारण समय से बुआई नहीं कर पा रहे है।

रबी फसल की बुआई में पलेवा के लिए जमीन पूरी तरह से तैयार है लेकिन सिंचाई के लिए नहरों मे पानी न छोड़े जाने से किसान पूरी तरह से परेशान हैं। जिले सहित चरखारी, कबरई व हमीरपुर जनपद तक के हजारों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई अर्जुन बांध और सिलारपुर बांद से की जाती है। इन बांधों से निकली नहरों में अभी तक सिंचाई विभाग द्वारा पानी नहीं छोड़ा गया, जिससे नहरे सूखी पड़ी हुई है। नवम्बर माह में ही सिंचाई का पूरा रोस्टर विभाग


पानी न छोड़े जाने से सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार

द्वारा जारी करते हुए किसानों को आगाह कर दिया जाता है लेकिन इस बार सिंचाई का रोस्टर की जानकारी भी किसानों को नहीं हो पा रही है। विभाग द्वारा चन्द जनप्रतिनिधियों को रोस्टर लिस्ट भेज दी गयी है लेकिन जब किसान अधिकारियों से रोस्टर व नहर खुलने की जानकारी चाहते हैं तो विभाग कोई जानकारी नहीं दे रहा है ओर कई जिम्मेदार अधिकारियां के मोबाईल ही स्विच आफ चल रहे हैं ।

किसान फूलचंद यादव, मिलन श्रीवास, रामेश्वर साहूख् बजीर मंसूरी, शिवशंकर तिवारी अशोक पाठक सुरेन्द्र कुमार राजेन्द्र सिंह अधैत रामवरन सिंह आदि ने बताया कि गेहूं की बुवाई का समय आ गया है लेकिनअभी तक विभाग द्वारा नहरों का संचालन शुरू नहीं किया गया है। किसानों ने कहा कि अभी तक किसान खाद के लिए मारा मारी करता रहा और आज भी किसान लाइन में खाद के इंतजार में खड़ा है लेकिन किसान को खाद नहीं मिल पा रही है और अब जबकि खेतों को पानी की जरूरत है तो किसान अधिकारियों से सम्पर्क करने के प्रयास में लेकिन अधिकारी किसानों को कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं।

# राजा बुंदेला सहित 5 विभूतियों को सम्मानित करेगा बुंदेली समाज

म्हारो बुंदेलखंड

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **सत्येंद्र पाल, दिनेश भार्गव आश्रय सिंह और रमेश दुबे को भी मिलेगा सम्मान**

**अमृत विचार।** अभिनेता राजा बुंदेला समेत 5 विभूतियों को 2024 के शंकर लाल मेहरोत्रा स्मृति सम्मान से नवाजा जाएगा। बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक शंकर लाल मेहरोत्रा की स्मृति में यह प्रतिष्ठित सम्मान बुंदेली समाज हर वर्ष 22 नवंबर को उन बुंदेलों को देता है जो बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने यह घोषणा की।

बुंदेली समाज के संयोजक ने बताया कि ओरछा निवासी राजा बुंदेला स्व. शंकरलाल मेहरोत्रा के पुराने साथी हैं और 2001 में निधन से पूर्व के उनके मुख्य सिपहसालारों में से एक रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछली योगी सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे एवं उनको बुंदेलखंड विकास बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया।

फिलहाल वे बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के संयोजक हैं और गांव गांव, पांव पांव यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। बताया कि राजा बुंदेला के अलावा झांसी से बुंदेलखंड क्रांति दल के अध्यक्ष सत्येन्द्र पाल सिंह व बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महामंत्री दिनेश भार्गव, उरई से बुंदेली सेना के संयोजक आश्रय सिंह और बांदा से बुंदेलखंड राज्य निर्माण समिति के अध्यक्ष रमेश दुबे को शंकर लाल मेहरोत्रा सम्मान के लिए चुना गया है। उन्होंने ने बताया कि पिछले वर्ष प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह के साथ झांसी के उन तीन आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया गया था, जिन्होंने स्व. मेहरोत्रा के साथ 1995 में लोकसभा में बुंदेलखंड राज्य निर्माण के समर्थन में पर्चे फेंके थे और आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया था।

# ठेकेदार और जेई की खींचतान में जैतपुर में 5 दिन से ठप है जलापूर्ति

संवाददाता जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना के तहत नगर में बिछाई गई पाइप लाइन के बाद भी ठेकेदार और जल निगम के अवर अभियंता की खींचातान के चलते पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है और ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। पानी की सप्लाई ठप होने से पांच दिनों से ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं।

ग्राम पंचायत जैतपुर में नमामि गंगे योजना के तहत जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन पेयजल आपूर्ति करने में विभाग उदासीनता बरत रहा है। ग्राम पंचायत के मोहल्ला खंदियापुरा, खुशियाना, जुगियाना सहित आधे गांव में 5 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। संविदा कर्मी लखनलाल, ख्वाज उद्दीन, रंजीत श्रीवास, खंदियापुरा के पप्पू सोनी, बाबलूलाल कुशवाहा, मोहनलाल रैकवार, बिंद्रावन का कहना है कि 5 दिन से नलों में पानी नहीं आ रहा है।


जलापूर्ति न होने से हैंडपंप से पानी भरते ग्रामीण। अमृत विचार

- **पानी की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश**

मीठे पानी के लिए दूसरे मोहल्लों के हैंडपंपों से भरने के लिए महिलाओं और पुरुषों को एक किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जल निगम के जेई वकील प्रसाद का कहना है कि क्षेत्र पंचायत से नालियों की खुदाई करा रहे ठेकेदार ने जेसीबी से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी है और पाइप लाइन को ठीक कराने की भी जहमत नहीं उठा रहा है। ठेकेदार जेई को पैसे देने की बात कहकर मरम्मत की जिम्मेदारी जेई पर सौंप रहा है।

जेई और ठेकेदारों के बीच चल रहे खींचतान के चलते पांच दिन बाद भी ग्राम पंचायत जैतपुर की पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर दो दिन के अंदर जलापूर्ति बहाल नहीं की जाती तो नमामि गंगे योजना के जेई कार्यालय का घेराव करेंगे। उधर जेई ने लापरवाही के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया है।

भक्ति-भावना

यात्रा के दौरान सजाई गई झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र, यात्राा पर जगह-जगह फूलों की बारिश कर किया गया स्वागत

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई श्रीराम धुन संकीर्तन यात्रा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वावधान में रविवार को दोपहर एक बजे से बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर से गाजेबाजे के साथ श्रीराम धुन संकीर्तन यात्रा भव्य तरीके से निकाली गई। यात्रा के दौरान सैकड़ों राम भक्तों की भीड़ हाथों में भगवा ध्वज लहराते और जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए चल रहे थे। यात्रा दौरान वाहनों पर कई दर्जन धार्मिक झांकियां सजाई गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा के दौरान डीजे पर राम के गीत व भजनों को सुन भक्त राम भक्ति में डूबे नजर आए।

शहर के मोहल्ला सुभाषनगर के बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर में विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वावधान में प्रति वर्ष राम धुन यात्रा निकाली जाती है। इसी क्रम में रविवार को गाजे बाजे और धूमधाम के साथ राम धुन संकीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा दोपहर एक बजे मंदिर से प्रारम्भ हुई जो पीडब्ल्यूडी तिराहा, पुराना प्राइवेट स्टाफ, तहसील चौराहा, मेन बाजार, ऊदल चौक, आल्हा चौक, रोडवेज बस स्टैंड से होती हुई डीएम बंगला से हनुमान मंदिर में जाकर समाप्त हुई। राम भक्त हाथों में भगवा ध्वज लिए लहराते हुए जय श्रीराम के उद्घोष लगाते हुए चल रहा है। भक्तों में सबसे ज्यादा महिला भक्त राम भक्ति में डूबी नजर आई। महिला भक्त रब्बी ढोल और डीजे की धुन पर थिरकती नजर आईं। राम धुन यात्रा का जगह जगह फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया।


यात्रा के दौरान उमड़ी भक्तों की भारी भीड़।


रथों में सजाई गईं झांकियां। अमृत विचार

यात्रा दौरान ट्रैक्टरों पर राधा कृष्ण, भारत माता सहित अन्य धार्मिक झांकियां सजाई गई, जिसे देखने के लिए लोग छतों और सड़क किनारे लोगों की भीड़ नजर आई। दर्जनों झांकियां यात्रा में डमरू नाथ टीम उज्जैन और महाराष्ट्र के ढोल आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा समाप्त होने के बाद हनुमान मंदिर में महाआरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस व्यवस्था की गई साथ ही जिन मार्गों से यात्रा निकाली वहां के चौराहों, तिराहों पर पुलिस द्वारा बैरीकेडिंग कर वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई और यात्रा निकलने के बाद ही मार्ग की यातायात व्यवस्था को बहाल किया गया।


रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# धनुष टूटते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम आरी में चल रही रामलीला में शनिवार की रात को धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया। रामलीला के कलाकारों द्वारा परशुराम लक्ष्मण संवाद मंचन देखकर दर्शक रोमांचित हो गए।

सुनील ने राम और रणजीत ने लक्ष्मण, भगवत ने जनक, कृपाशंकर ने रावण, दीपक ने वाणाश्वर की भूमिका निभाई। रामलीला देखने के लिए लोगों की देर रात तक भीड़ जमा रही। वही ढोलक पर भोलाराम, ब्यास गद्दी पर मुन्नालाल ने संगत दी।

इस मौके पर रामलीला मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र चतुर्वेदी,गजराज बुन्देला,कल्लू पाठक,राजेश, करन सिह ,दीपक कृपाशंकर शर्मा मौजूद रहे।

## एक नजर

### दुकान में आग लगने से सामान हुआ खाक

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के विरौरा गांव मंर संदिग्ध परिस्थितियों में एक परचून की दुकान में आग लग जाने से उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार ने गांव के ही कुछ लोगों द्वारा रंजिशन दुकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। विरौरा निवासी कृष्ण कुमार ने भेंड़ चौकी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह घर के पास ही एक दुकान चलाता है। शनिवार रात गांव के रहने वाले पिता पुत्र ने उसकी दुकान में आग लगा दी और भाग गए। आग से दुकान का कुछ सामान जल गया और कुछ बाहर बिखरा पड़ा है। इससे पहले भी उक्त पिता पुत्र उसकी दुकान में आग लगा चुके हैं जिसकी शिकायत उसने कोतवाली में की थी। उक्त पिता पुत्र दबंग किस्म के हैं और आए दिन उसके साथ गाली गलौज करते रहते हैं। कृष्ण कुमार ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### 14 वर्षीय किशोर लापता

**उरई।** 14 वर्षीय एक किशोर अचानक लापता हो गया। पिता ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मोहल्ला गांधीनगर में सिंह वाहिनी मंदिर के समीप रहने वाले बल्लू याज्ञिक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कक्षा 10 में पढ़ने वाला उसका 14 वर्षीय पुत्र जिगर उर्फ राजा शनिवार की शाम 6 बजे अचानक लापता हो गया। परेशान पिता ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मामले की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### महिला की गुमशुदगी दर्ज

**जालौन।** चार दिन से पत्नी के लापता होने की सूचना पति ने कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी मानसिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 6नवंबर को उनकी पत्नी छाया देवी शौच के लिए जाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। पूरे गांव में तलाश के करने के बाद नाते रिश्तेदारों और अन्य संभावित जगहों पर पूछताछ करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित पति ने पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

### भाभी ने देवर के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**जालौन।** देवर ने भाभी के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। भाभी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी शशि देवी ने पुलिस को बताया कि उनके देवर संजीव अक्सर उसके साथ विवाद करते रहते हैं। जिसके चलते घर में हमेशा तनाव का माहौल बना रहता है। आरोप लगाया कि रविवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी देवर वहां आए और उसके साथ अकारण ही गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ कार्रवाई की है।

### भूमि विवाद में हुई मारपीट

**जालौन।** जमीन के विवाद को लेकर दो लोगों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं, बेटी के साथ मारपीट करने वाले पिता के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर में गोविंद सिंह व बड़े लला के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया। जमीन को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हो रही थी। मारपीट की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और दोनों के खिलाफ कार्रवाई की। उधर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी पप्पू ने अपनी बेटी के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# अब 23 व 24 नवंबर को बनेंगे वोटर

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता उरई


निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान बीते 29 अक्टूबर से चलाया जा रहा है। समस्त तहसीलों के बूथों पर इस विशेष दिवस का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन, ठाकुर महेंद्र सिंह पब्लिक स्कूल, नलकूप, राजकीय इंटर कॉलेज, टाउन हॉल के बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। बीएलओ से अब तक भरे गए फार्म एवं डोर टू डोर सर्वे की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि 1 जनवरी 2025 को जो भी युवक- युवतियां 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए, जो लोग मृतक हो गए हैं या बाहर रह रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। बीएलओ को कहा कि मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ खुले रहने चाहिए और मतदाता पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष एवं सुचारू ढंग से संपन्न कराया जाए। 18 वर्ष या उससे ऊपर के कोई भी मतदाता का नाम सूची में छूटने न पाए। मतदाता सूची में पंजीयन कराने हेतु 23 नवंबर, 24 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई है, इस विशेष तिथि में बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथ पर मतदाता सूची एवं फार्म के साथ रहकर कार्य करेंगे।

## नाम बढ़ाने के लिए 6 व हटाने के लिए भरें फार्म 7

- एसडीएम ने दर्जन भर पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण किया
- बीएलओ को पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के दिये दिशा-निर्देश

**कालपी उरई।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुरूप निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। रविवार को कालपी 220 विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथों में बीएलओ ड्यूटी पर तैनात रहे। रविवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने दर्जन भर बूथों का निरीक्षण किया।

रविवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के द्वारा कालपी नगरीय क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मनीगंज, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज रावगंज, कृषि प्रसार कार्यालय आलमपुर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज राम चबूतरा कालपी, एम सी इंटर कॉलेज, नगर पालिका कार्यालय के बूथ के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी भ्रमण करते हुए पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी में मौजूद बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने वाले पात्र युवक-युवतियों के नाम हर हाल में मतदाता सूचियों में अंकित कराये जाएं। सभी बीएलओ अपने-अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से करें। जिलाधिकारी ने हिदायत देते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए फार्म 6 तथा नाम हटाने के लिए फार्म 7 तथा नाम संशोधन करने के लिए फार्म 8 को भरने की कार्यवाही अमल में लाई जाए।

## हाईवे के किनारे खड़े वाहनों को हटाने का चलाया अभियान

संवाददाता, कालपी उरई


खड़े वाहनों को हटवाते अधिकारी।

**अमृत विचार।** झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में अनाधिकृत तरीके से हल्के भारी वाहनों को खड़ा करने वालों पर विभाग सख्त हो गया है। रविवार को जोल्हूपुर मोड़ चौराहे में अभियान चलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारियों के द्वारा हाईवे में खड़े वाहनों को हटाने का अभियान चलाया गया।

झांसी कानपुर फोरलेन हाईवे सड़क के किनारे सर्विस रोड में वाहन चालक अपनी-अपनी गाड़ियों को आड़ा तिरछा खड़ा करके चले जाते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण झांसी इकाई के परियोजना निदेशक सुनील कुमार जैन के निर्देशन पर हाईवे से वाहन हटाने का अभियान प्राधिकरण के कर्मचारियों के द्वारा चलाया गया। कार्यदाई संस्था ओबीआईएल के शीर्ष अधिकारी इंजीनियर गणेशन, साइड इंचार्ज इंजीनियर प्रभाकरण, पीयूष तिवारी, सुवेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में अभियान चलाया गया। एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम लीडर शेख मोहम्मद सिद्दीकी, उमेश कुमार आदि कर्मचारियों ने जोल्हूपुर मोड़ में होटल, ढाबों, पंप, दुकानों के सामने हाईवे रोड में खड़े वाहनों को शक्ति से हटाया गया। कार्यदाई संस्था के पीएम ने बताया कि हाईवे में खड़े छोटे बड़े वाहनों को खड़ा करने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। जिस कारण यातायात अभियान के तहत हाईवे में खड़े वाहनों को हटाया गया है।

# लोगों को बताया गो पालन का महत्व

कार्यालय संवाददाता जालौन


गोपाष्टमी पर्व पर श्रीगोवर्धन गौशाला में संबोधित करते अनिल शिवहरे।

**अमृतविचर।** ऐतिहासिक मुरलीमनोहर तालाब स्थित श्रीगोवर्धन गौशाला में गोपाष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गोसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से गाय व बछड़ों की पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा कार्यक्रम में गाय के सामाजिक, आर्थिक एवं आध्यात्मिक लाभ के बारे में भी लोगों को बताया गया।

गोपाष्टमी के महापर्व पर गोरक्षा अभियान, गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान एवं सुरभि संदेश के संयुक्त तत्वावधान में नगर के ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब स्थित श्रीगोवर्धन गौशाला में उत्साहपूर्वक गोपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत गो-गोपाल दर्शन व गो-ग्रास वितरण भी हुआ। पंडित पीयूष महंत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप ब्लॉक प्रमुख रामाराजा निरंजन, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, रामलीला समिति के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, आरएसएस नगर कार्यवाह कार्ति सतीश सिंह सेंगर आदि के साथ गोसेवकों व उपस्थित महिलाओं ने गाय व बछड़ों की पूजा-अर्चना की। गो संपदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे ने गाय के सामाजिक,आध्यात्मिक एवं आर्थिक लाभ के बारे में बताते हुए आज के समय में गो-पालन की आवश्यकता पर बल दिया। गोपाष्टमी पर्व की महत्ता बताते हुए उससे प्राप्त होने वाले दुग्ध, दही व घी को अमृत समान बताया। कवि महेंद्र पाटकार ने गोपाष्टमी पर्व की महत्वता के बारे में बताया। महेश चौधरी ने गीत के माध्यम से गोपालन और सेवा की महिमा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन जावेद अख्तर ने किया। अंत में राजा सिंह सेंगर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मनोज गुप्ता, लालन ताम्रकार, नैना साहनी, नीतू गुप्ता, रीता साहनी, रामकुमार गुप्ता, थोपन यादव, सुरेशराव डेंगरे, सुरेश राव डेंगरे, यखिल पटेल, भूपेंद्र सिंह सेंगर, गोपालजी पुरवार, रामजी ताम्रकार, प्रथम गुप्ता, आशुतोष शिवहरे, आदि मौजूद रहे।

## हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**उरई।** एक युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। युवक खेत में धान की फसल कटवा रहा था तभी वहां झूल रहे एचटी लाइन की चपेट में आ गया और नीचे आ गिरा। उसे सीएचसी ले गये। यहां से उसे उरई रेफर किया गया, उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी संतोष पटेल चचेड़ा गांव के पास खेत बंटाई पर लिए थे। रविवार की सुबह संतोष का बेटा अवनीश (28) खेत पर हार्वेस्टर से धान की फसल कटवा रहा था। युवक हार्वेस्टर पर चढ़ कर टंकी देख रहा था तभी ऊपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया और झटका खाकर नीचे जमीन पर गिर गया। वहां मौजूद उसके चाचा शिवकुमार ने उसे तत्काल कोंच सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से से उरई मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहां पर उसकी मौत हो गई।

# प्यार में मिला धोखा, जिम ट्रेनर युवती ने फांसी लगा की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता उरई

- युवती ने आत्महत्या करने से पहले अपना वीडियो बनाकर मां को भेजा


स्नेहा कुमारी।

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला गणेशगंज में जिम ट्रेनर युवती ने शनिवार की शाम को घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती ने आत्महत्या करने से पहले अपना वीडियो बनाकर अपनी मां को भेज दिया। युवती ने वीडियो में एक युवक पर प्रेम में धोखा देने का आरोप लगाया है हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कोतवाली के मोहल्ला गणेशगंज निवासी स्नेहा कुमारी उर्फ जिया 19 वर्ष ने शनिवार शाम को घर के अन्दर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती ने आत्महत्या करने से पहले अपना एक वीडियो बनाया, साथ ही उस वीडियो को अपनी मां को भेज दिया। उस वीडियो के साथ एक मैसेज भी भेजा। जिसमें जिम में साथ काम करने वाले हिमांशु यादव पर प्यार में धोखा देने का आरोप लगाया है। इसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में सीओ उमेश कुमार पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही वीडियो और चैट को भी देखा जा रहा है। युवती के मोबाइल को ले लिया गया है और उसकी डिटेल निकाली जा रही है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मृतका की मां ने जिम मालिक व ट्रेनर सहित 4 पर लगाये गंभीर आरोप

**उरई।** युवती की मां रानी ने इस आत्महत्या के बारे में कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। प्रार्थना पत्र में उसने बताया कि उसकी बेटी न्यू बेयरलेस जिम, जो शहर की इलाहाबाद बैंक के पास पीली कोठी पर है, उसमें वह काम करती थी। जिसके मालिक आकाश गुप्ता व सानू जिम ट्रेनर, विशाल पुरवार, हिमांशु यादव ने मेरी बेटी स्नेहा उर्फ जिया को प्यार में फंसा लिया। साथ ही उसका मानसिक उत्पीड़न कर ब्लैकमेल करते रहे, जिस कारण उसकी बेटी ने शनिवार शाम को हिमांशु यादव से फोन पर बात करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी, साथ ही युवती का मोबाइल लेकर साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिए। वहीं पुलिस अधिकारी का कहना है कि जांच पड़ताल करने के बाद कार्रवाई होगी।

# किला गेट के सामने मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** रामपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा जगम्मनपुर में स्थित किला गेट के सामने संदिग्धावस्था में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं मृतक के परिजनों द्वारा उसकी हत्या कर शव फेंक कर भाग जाने की आशंका जताई जा रही है।

रामपुरा के कस्बा जगम्मनपुर निवासी आशू यादव 26 वर्ष पुत्र पप्पू यादव का शव शनिवार की देर रात किला गेट के सामने पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान कर उसके परिजनों को घटना की खबर दी। पुत्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। बताया गया है कि मृतक शराब पीने का आदी था और अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में किसी से विवाद हो गया होगा और मारपीट के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के घर व मोहल्ले के लोग इस घटना को हत्या बता रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस घटना को लेकर पुलिस पूरे मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल करने में जुटी है।

# हाईवे किनारे कूड़े वाली भूमि को कराया साफ

संवाददाता, कालपी उरई


साफ किया गया मैदान।

**अमृत विचार।** यमुना नदी के दोनों पुलों के बीच में कूड़ा करकट पड़ा रहता था, जिसमें लोग आग लगा देते थे। उक्त समस्या का निराकरण नगर पालिका परिषद ने कर दिया है। अब जल्द ही समतल हुई भूमि में वेदव्यास पार्क या बस स्टॉप के निर्माण होने की उम्मीद जताई जा रही हैं।

हाईवे किनारे स्थित रानी लक्ष्मीबाई पार्क के निकट कूड़े करकट का ढेर लगा रहता था, जिसमें लोग अक्सर आग लगा देते थे। इससे लोगों को समस्या होती थी। क्षेत्रीय लोगों इस समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के निर्देशन पर अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला व अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सफाई कर्मचारियों तथा सफाई मित्रों की टीम ने कूड़ा करकट साफ करके कूड़े वाले भूमि को एक दम साफ सुथरा करा दिया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### खाली जमीन का होगा बेहतर उपयोग

झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे के किनारे महारानी लक्ष्मीबाई पार्क तथा यमुना पुल के निकट खाली हुई भूमि का नगर पालिका परिषद बेहतर उपयोग कर सकती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि भविष्य में उक्त जमीन का बेहतर सदुपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर में विकास कराना पालिका की प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां की गंदगी साफ होने से लोगों को राहत मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### बबूल का पेड़ काटते समय हादसे में किसान की मौत

**उरई।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम हिड़ोखरा में बबूल का पेड़ काटते समय कटी हुई टहनी विद्युत पोल पर गिर गई। जिससे पोल धराशाई हो गया और इस दौरान वहां से निकल रहे वृद्ध किसान की पोल से दबकर मौत हो गई। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम हिड़ोखरा में एक बबूल का पेड़ काटा जा रहा था। इसी दौरान बबूल के पेड़ की टहनी कटकर सीमेंट के विद्युत पोल पर जा गिरी। टहनी टूटकर पोल पर जा गिरी जिससे पोल टूटकर वहां से गुजर रहे 60 वर्षीय किसान राजा भइया के ऊपर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने घटना की खबर उसके परिजनों को देने के साथ साथ उसे सीएचसी ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक के पुत्र रामअनुग्रह सिंह सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।


शिविर में उपचार करते डॉक्टर। अमृत विचार

### आरोग्य मेले में 66 रोगियों का हुआ उपचार

**कालपी।** रविवार को नगरीय स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉ. सोनू गौतम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकीय टीम के द्वारा 66 मरीजों का उपचार किया गया। कर्मचारियों ने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई। चिकित्सालय परिसर में आयोजित साप्ताहिक मेले में पुरुष मरीजों की संख्या 27, महिलाएं 21 तथा 18 बीमार बच्चों का उपचार किया गया। अस्पताल में मरीजों को जागरूक करते हुए चीफ़ फार्मासिस्ट राकेश बघेल ने कहा कि बदलते मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। मेले में मरीजों के हीमोग्लोबिन, बीपी आदि का परीक्षण किया गया। मेले में नीरज पाल, शालिनी बाजपेई, लैब टेक्नीशियन हिमांशु, ममता वर्मा आदि कर्मचारी शामिल रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता,चिकित्सा अधिकारी विशाल सचान तथा डॉक्टर गोपाल जी के द्वारा शिविर का निरीक्षण करके जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### चार दिवसीय मेला 12 से शुरू

**बिवांर (हमीरपुर)।** देवोत्थान एकादशी पर कस्बे के कैथानी मोहाल में चार दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला 12 से 15 नवंबर तक योजित होगा। बाजार मैदान में दो दिवसीय 13 व 14 नवंबर को रात में रामलीला का आयोजन होगा। जिसमें 14 नवंबर को विशाल धनुष यज्ञ लीला का रामलीला की कलाकारों से मंचन होगा। उसी दिन कैथानी मेला परिसर में दोपहर से दंगल का आयोजन होगा। मेला मैदान में लट्ठमार दिवारी के साथ दिवारी नृत्य का आयोजन होगा। रामलीला कमेटी अध्यक्ष सनी मिश्रा ने बताया कि रामलीला में उत्तर भारत के श्रेष्ठ कलाकारों द्वारा मंचन किया जाएगा। जिसके लिए कमेटी की सभी सदस्य तैयारी में लगे हुए हैं।

## भक्ति-भावना

कलश यात्रा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, यमुना का पवित्र जल लेकर कथा स्थल पर वापस लौटी कलश यात्रा

# श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

संवाददाता, कालपी उरई


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के टरननगंज स्थित राम जानकी मन्दिर में 10 नवंबर रविवार से आयोजित होने वाली श्रीमद भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा बड़े, ही धूमधाम के साथ निकाली गई, जो कि यमुना नदी के पीला घाट पहुंची वहां से जल लेकर वापस मन्दिर आयी। लोगों ने कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा करके कलश यात्रा का स्वागत किया।

नगर के इन्दिरा नगर निवासी शिव कुमार तिवारी द्वारा टरननगंज स्थित राम जानकी मन्दिर में 10 नवंबर रविवार से 16 नवम्बर तक आयोजित श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा कथा व्यास राम श्याम महाराज की अगुवाई व परीक्षित राम कुमार तिवारी और रेखा तिवारी की मौजूदगी में दोपहर दो बजे मन्दिर से बैण्ड बाजों के साथ निकली। इसमें भारी संख्या भक्तजन शामिल रहे, जो पवित्र यमुना नदी के पीलाघाट पहुंचे और वहां से जल लेकर पुनः राम जानकी मन्दिर वापस आ गये। इसके बाद कथा व्यास राम श्याम महाराज ने कृष्णकी लीलाओं की कथा सुनायी। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से राजू पाठक, सज्जन त्रिपाठी, आर एन शुक्ला, राजेंद्र द्विवेदी पुजारी, गुड्डू द्विवेदी, चन्द्र भान निषाद, राकेश यादव सभासद व अम्वरीष अग्रवाल सभासद, मुन्ना लाल शुक्ला, राम मोहन, भगवानदास खटिक, पवन तिवारी सहित भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का किया वर्णन

**उरई :** शहर के स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आखरी दिन की कथा व्यास ओमप्रकाश शास्त्री ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह श्री कृष्ण व सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने द्वारपालों से कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। सुदामा का नाम सुन प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। वह सुदामा को अपने महल में ले गए और उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान कमला अग्रवाल व पारीक्षत श्रीमती शिप्रा दीपेश अग्रवाल के साथ उनके परिवार के सदस्य प्रकाशचंद्र अग्रवाल, रिचा राजीव अग्रवाल, पूजा रामेंद्र कुमार, यसी, खुशी, आश्वत, आशवी, अश्विनी निरंजन, कल्लू यादव, नरेंद्र ढाकुर, हरिओम शिवहरे, पप्पन सिंह, आदर्श मिश्रा, अनुराग दुबे सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### कनाडा में एसबीआई के बैंकिंग परिचालन पर कोई असर नहीं: चेयरमैन

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव की स्थिति पैदा होने के बावजूद कनाडा में अपनी गतिविधियों के संचालन में किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। बैंक के एक शीर्ष बैंक अधिकारी ने यह बात कही है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि वर्ष 1982 से ही कनाडा में बैंकिंग सेवाएं देने वाले एसबीआई को उत्तरी अमेरिकी देश में सभी हितधारक स्थानीय बैंक के रूप में देखते हैं। शेट्टी ने पीटीआई–भाषा से कहा, हमने नियामकों या ग्राहकों के बीच दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं देखा है, यह सामान्य रूप से कारोबार है। एसबीआई कनाडा में टोरंटो, ब्रैम्पटन और वैंकूवर जैसे शहरों में अपने पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के माध्यम से आठ शाखाओं का संचालन करता है।

### कोयला आयात अप्रैल-सितंबर में आठ प्रतिशत बढ़कर 14.06 करोड़ टन पर

**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल–सितंबर अवधि में 7 .8 प्रतिशत बढ़कर 14 .06 करोड़ टन हो गया। ई–कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी अवधि में देश का कोयला आयात 13 .03 करोड़ टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और सीईओ विनय वर्मा ने कहा कि स्टॉक की अच्छी स्थिति और घरेलू बाजार में हाजिर ई–नीलामी के जरिये अधिक मात्रा की पेशकश से कोयला आयात की मांग सामान्य रहने की संभावना है।

# ईंधन का सबसे बड़ा निर्यातक बना भारत

## भारत के रास्ते यूरोप पहुंच रहा रूसी तेल, डीजल जैसे ईंधन का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूक्रेन युद्ध के बाद भारत की रूस से तेल खरीद बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई
- दिसंबर 2022 में यूरोपीय संघ और जी7 देशों ने रूस पर लगा दिया था प्रतिबंध



वर्ष 2024 की पहली तीन तिमाहियों में भारत से यूरोपीय संघ को डीजल जैसे ईंधन का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़ गया। एक मासिक निगरानी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ऐसे में माना जा रहा है कि इसमें रूस से आने वाले कच्चे तेल की बड़ी हिस्सेदारी है, जिसे परिष्कृत करके यूरोप भेजा जा रहा है।

दिसंबर 2022 में यूरोपीय संघ और जी7 देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाते हुए उसके कच्चे तेल के आयात पर मूल्य सीमा और प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, रूस के कच्चे तेल से बने परिष्कृत ईंधन पर नीति में स्पष्टता की कमी का मतलब था कि प्रतिबंध नहीं लगाने वाले देश बड़ी मात्रा में रूसी कच्चे तेल का आयात कर सकते हैं और उन्हें परिष्कृत उत्पादों में बदलकर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को कानूनी रूप से निर्यात कर सकते हैं। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है।

देश का रूस से आयात यूक्रेन युद्ध से पहले कुल आयातित तेल के एक प्रतिशत से भी कम था और युद्ध के बाद खरीद बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु पर शोध केंद्र (सीआरईए) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि शोधन नियमों में खामियों का लाभ उठाते हुए, भारत अब यूरोपीय संघ को तेल उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तीन तिमाहियों में जामनगर, वडिनार (गुजरात) और मैंगलोर रिफाइनरी से यूरोपीय संघ को निर्यात सालाना आधार पर 58 प्रतिशत बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जामनगर में तेल रिफाइनरियां हैं, जबकि रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की वडिनार में एक इकाई है। मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) सरकारी स्वामित्व वाली ओएनजीसी की सहायक कंपनी है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार में भारी कमी होने से 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर आ गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर गिरकर 684.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.9 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 589.8 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं स्वर्ण भंडार 1.2 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 69.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 10 लाख डॉलर की गिरावट आई और यह 18.2 अरब डॉलर पर आ गया।

# सिंगापुर एयरलाइंस एयर इंडिया में करेगी 3,195 करोड़ निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- सिंगापुर एयरलाइंस के पास विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी

सिंगापुर एयरलाइंस नवंबर में विस्तारा के विलय के बाद टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में 3,194.5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी। इस विलय समझौते की घोषणा 29 नवंबर, 2022 को की गई थी और यह 11 नवंबर, 2024 को पूरा होने जा रहा है। इस विलय की वजह से सिंगापुर एयरलाइंस के पास विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी।

विस्तारा ने नौ जनवरी, 2015 को उड़ानों का परिचालन शुरू किया था। टाटा समूह के साथ स्थापित इस संयुक्त उद्यम में सिंगापुर एयरलाइंस की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) समूह ने शुक्रवार को कहा कि विलय के लिए उसके विचार में विस्तारा में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी और विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के बदले में 2,058 करोड़ रुपये नकद शामिल हैं। विलय पूरा होने के बाद एसआईए को लगभग 1.1 अरब सिंगापुर डॉलर के गैर-नकद लेखांकन लाभ को मान्यता देने और एयर इंडिया के वित्तीय परिणामों में अपने हिस्से के लिए इक्विटी लेखांकन शुरू करने की उम्मीद है। शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, विलय में एसआईए के लिए एक समझौता शामिल है, जो विलय के पूरा होने से पहले टाटा द्वारा पहले प्रदान की गई किसी भी फंडिंग में अपना हिस्सा देने के लिए है। साथ ही 5,020 करोड़ रुपये तक की फंडिंग लागत भी है।

# धोखाधड़ी कॉल रोकने की प्रणाली ने 2,500 करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति बचाई : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय संचार मंत्री ने बताया कि रोजाना 1.35 करोड़ कॉल रोक रही

सरकार ने धोखाधड़ी वाली कॉल रोकने के लिए तकनीकी प्रणाली तैनात की है, जो रोजाना ऐसी 1.35 करोड़ कॉल को रोक रही है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसने अब तक लोगों की 2,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाने में मदद की है।

मंत्री ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि ज्यादातर फर्जी कॉल देश के बाहर के सर्वर से आते हैं, और प्रणाली ऐसी ज्यादातर धोखाधड़ी वाली कॉल को रोकने में सक्षम हैं। सिंधिया ने कहा, आपके फोन पर आने वाली मार्केटिंग कॉल और धोखाधड़ी वाली कॉल से निपटने के लिए हमने एक पूर्ण प्रणाली लागू की है। हमारे दूरसंचार विभाग के धोखाधड़ी का पता लगाने वाले नेटवर्क ने आज संचार साथी और चक्षु के की मदद से लोगों की लगभग 2,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाई है। उन्होंने कहा कि इन प्रणालियों के कारण करीब 2.9 लाख फोन नंबर बंद हो गए हैं और करीब 18 लाख हेडर ब्लॉक हो गए हैं, जिनका इस्तेमाल संदेश भेजने के लिए किया जाता था।

मंत्री ने कहा कि इसके अलावा ऐसे धोखेबाज जो भारत के बाहर के सर्वर का इस्तेमाल करते थे, लेकिन खुद को 91 नंबर (भारतीय नंबर) के रूप में पेश करते थे, उनकी पहचान भी की जा रही है। उन्होंने बताया, हमने ऐसे सॉफ्टवेयर लगाए हैं जो इन कॉल को रोकते हैं। जो औसतन प्रतिदिन 1.35 करोड़ ऐसे कॉल को ब्लॉक कर रहे हैं।

## वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज 4.7 अरब डॉलर घटा: अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली।** सूचीबद्ध खनन समूह वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज दो वर्षों में 4.7 अरब डॉलर घटा है। चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन से समूह को ऋणमुक्त बनाने में मदद मिली। उन्होंने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कहा कि वेदांता लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 20,639 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक एबिटडा दर्ज किया। ऐसा उच्च उत्पादन, परिचालन उत्कृष्टता और गतिशील वैश्विक वातावरण से लाभ उठाने के कारण हुआ।

# मोदी सरकार में निजी निवेश और व्यापक उपभोग पटरी से उतरे : जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- दावा- लगातार आय में स्थिरता के कारण मांग संकट का सामना कर रहा देश

कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि भारत लगातार आय में स्थिरता के कारण मांग संकट का सामना कर रहा है। मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि संप्रग सरकार के दौरान लगातार जीडीपी वृद्धि को गति देने वाला निजी निवेश और व्यापक उपभोग का दोहरा इंजन मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों में पटरी से उतर गया है।

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार से कहा कि वह कांग्रेस के प्रस्तावों को स्वीकार करे, जिसमें ग्रामीण भारत में आय वृद्धि को गति देने के लिए मनरेगा मजदूरी को न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन तक बढ़ाना, किसानों के लिए एमएसपी और ऋण माफी की गारंटी देना तथा महिलाओं के लिए मासिक आय सहायता योजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समय बीतने के साथ ही भारत के घटते उपभोग की त्रासदी अधिक स्पष्ट होती जा रही है। उन्होंने एक बयान में कहा कि पिछले सप्ताह, भारतीय उद्योग जगत के कई सीईओ ने सिकुड़ते मध्य वर्ग पर चिंता जताई थी और अब, नाबार्ड के अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण (एनएएफआईएस) 2021-22 के नए आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत के मांग संकट की वजह लगातार आय में स्थिरता है। रमेश ने सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि औसत मासिक घरेलू आय कृषि परिवारों के लिए 12,698 रुपये से 13,661 रुपये और गैर-कृषि परिवारों के लिए 11,438 रुपये है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### प्रसिद्ध लेखिका इंदिरा सौंदरराजन का निधन

**चेन्नई।** प्रसिद्ध तमिल उपन्यासकार एवं लेखिका इंदिरा सौंदरराजन का रविवार को मदुरै में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 65 वर्ष की थी। सौंदरराजन अपनी असाधारण कहानी कहने की कला के लिए जानी जाती थीं। उनकी कहानियां रहस्यवाद, रहस्य और हिंदू परंपरा के तत्वों को सहजता से जोड़ती हैं। उनकी रचनाओं में शिवम मय्यम, मरगधा वीनाई, मर्म देशम, विदथु करुप्पु, कात्रई वरुवेन और स्वर्ण रेखा जैसे प्रतिष्ठित उपन्यास शामिल हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, सूचना मंत्री एमपी समिनाथन और विभिन्न दलों के नेताओं और तमिल साहित्य जगत ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### प्रख्यात तमिल अभिनेता दिल्ली गणेश का निधन

**चेन्नई।** प्रख्यात तमिल अभिनेता दिल्ली गणेश का बीमारी के कारण यहां उनके आवास पर शनिवार देर रात निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। दिल्ली गणेश के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा और दो बेटियां हैं। उन्हें उनकी विभिन्न सहायक भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, जिनमें हास्यपूर्ण और नकारात्मक भूमिकाएं भी शामिल हैं। फिल्म जगत ने उनके निधन पर शोक जताया और अभिनेताओं और फिल्म निर्देशकों ने गणेश के आवास पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। तमिलनाडु सरकार की ओर से स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमण्यम ने पुष्पांजलि अर्पित की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गणेश के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि यह तमिल सिनेमा उद्योग के लिए बड़ी क्षति है।

### असम : उपचुनाव से पहले हुई हिंसा से हिला सामागुरी

**नगांव (असम)।** असम में सामागुरी विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले हिंसा की घटनाओं के बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल कांग्रेस ने पिछले 24 घंटे में एक–दूसरे के समर्थकों को निशाना बनाते हुए गोलियां चलाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह भी आरोप लगाया गया कि हिंसा पर रिपोर्टिंग करने गए तीन पत्रकारों से कांग्रेस समर्थकों ने मारपीट की।

# समाज की ताकत को तोड़ना चाहती है कांग्रेस

## झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी की हुंकार, एकजुट रहने का संदेश देते हुए एक हैं तो सेफ हैं का नारा बुलंद किया

बोकारो, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को तोड़कर उन्हें छोटी-छोटी जातियों में बांटना चाहती है। उन्होंने झारखंड की जनता को एकजुट रहने का संदेश देते हुए एक हैं तो सेफ (सुरक्षित) हैं का नारा भी बुलंद किया। झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद समाज के इस बिखराव का चुनावी फायदा उठाया और केंद्र में सरकारें बनाती रही।



गुमला जिले में एक रैली के दौरान झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

उन्होंने कहा, कांग्रेस हमेशा से एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी की एकजुटता की घोर विरोधी रही है। आजादी के बाद जब तक एससी, एसटी और ओबीसी समाज बिखरा रहा, कांग्रेस बांटो और राज करो के सिद्धांत के जरिये केंद्र में सरकारें बनाती रही। लेकिन जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए...कांग्रेस फिर पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में अपनी सरकार नहीं बना पाई। मोदी ने लोगों से इस गणित को समझने का अनुरोध किया और कहा कि 1990 में ओबीसी समुदाय को जब आरक्षण मिला तब इस समाज की अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुड़ गया।

### जब मनमोहन पीएम थे, सोनिया सरकार चलाती थीं : मोदी

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 दिन में रविवार को दूसरी बार झारखंड पहुंचे। उन्होंने बोकारो के चंदनकियारी और गुमला में सभा की। उन्होंने एक बार फिर रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा का नारा दिया। कहा– भाजपा का यहां एक ही मंत्र है हमने झारखंड बनाया है हम ही संवारेंगे। उन्होंने 2004 से 2014 तक केंद्र में रही कांग्रेस नीत यूपीए सरकार का भी जिक्र किया। मोदी बोले– जब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं। उन्होंने झारखंड को कुछ नहीं दिया। राज्य बनने का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा– कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू–कश्मीर में आर्टिकल 370 वापस लाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। उनका ये सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमनें 370 को जमीन में गाड़ दिया है। अब ये इसे कभी नहीं लागू कर पाएंगे।

# कर्नाटक में दलितों के पहली बार मंदिर में प्रवेश से तनाव

मांड्या, एजेंसी

- मौजूदा तनाव को देखते हुए हनाकेरे में भारी पुलिस बल तैनात

कर्नाटक के मांड्या जिले के एक गांव में रविवार को उस समय तनाव फैल गया जब जिला प्रशासन ने दलितों को पहली बार कालभैरवेश्वर मंदिर में प्रवेश और पूजा करने की मंजूरी दे दी। हनाकेरे गांव में रहने वाले ऊंची जाति के लोग दलितों के मंदिर में प्रवेश से नाराज होकर मंदिर में स्थापित धातु वाली उत्सव मूर्ति को कथित तौर पर अपने साथ ले गये। गांव में उच्च जाति के ज्यादातर लोग वोक्कालिगा जाति से ताल्लुक रखते हैं। मौजूदा तनाव को देखते हुए हनाकेरे में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, गांव में एक पुराना कालभैरवेश्वर स्वामी मंदिर है और दलितों को कभी भी उसमें प्रवेश की अनुमति नहीं थी। लगभग तीन साल पहले मंदिर के पुराने ढांचे को ध्वस्त कर एक नया मंदिर बनाया गया। हाल ही में, यह मंदिर राज्य सरकार के धार्मिक बंदोबस्ती विभाग के नियंत्रण में आ गया।

इसके तुरंत बाद दलितों ने मंदिर में प्रवेश करने का फैसला किया लेकिन उच्च जाति के समुदाय के लोग इस बात पर सहमत नहीं हुए। दलितों ने अपने साथ हुए भेदभाव की शिकायत जिला प्रशासन से की, जिसके बाद दो शांति बैठकें आयोजित की गईं लेकिन वे विफल रहीं। रविवार को दलितों ने पुलिस सुरक्षा के बीच मंदिर में प्रवेश किया।

# तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी हद तक गिर सकता है एमवीए : अमित शाह

जलगांव/बुलढाणा, एजेंसी



- कहा- कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले मुस्लिम आरक्षण की मांग से सहमत

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले उलेमा काउंसिल की मुस्लिम आरक्षण की मांग से सहमत हैं।

शाह ने जलगांव जिले के रावेर विधानसभा क्षेत्र और बुलढाणा के मल्कापुर विधानसभा क्षेत्र में रैलियों को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने उलेमा संघ द्वारा विपक्षी कांग्रेस को हाल ही में सौंपे गए एक ज्ञापन की ओर इंगित किया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई है। शाह ने बुलढाणा में कहा, पटोले अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण खत्म करने और उलेमा काउंसिल की मांग के अनुसार इसे मुसलमानों को देने पर सहमत हो गए हैं।

## नोएडा में बिजली के खंभे पर चढ़ा शख्स दो घंटे के बाद उतरा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के सेक्टर 76 में एक शख्स रविवार को बिजली के खंभे पर चढ़ गया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद अधिकारी उसे खंभे से नीचे उतरने के लिए राज़ी कर सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय भगवान दास के तौर पर हुई है और वह टाइल पत्थर लगाने का काम करता है तथा महोबा जिले का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खंभे से नीचे उतारने के बाद व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# देश को आरएसएस, मोदी और शाह से खतरा

मुंबई, एजेंसी



- कांग्रेस प्रमुख खरगे ने संविधान बचाओ सम्मेलन में प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और आरोप लगाया

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि भारत को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से खतरा है। खरगे ने मुंबई में संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि संसद में चर्चा और बहस की अनुमति नहीं है।

खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं एक हैं तो सेफ हैं जबकि (भाजपा के) अन्य नेता बंटेंगे तो कटेंगे की बात करते हैं। किसे खतरा है? क्या कोई समस्या है? वास्तव में, देश को आरएसएस, भाजपा, मोदी और शाह से खतरा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा बंटेंगे तो कटेंगे भी काफी चर्चा में है जिसे हिंदुओं से एकजुट रहने के आह्वान के तौर पर देखा जा रहा है। खरगे ने मोदी के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए सवाल किया कि क्या उन्हें लोकतांत्रिक प्रधानमंत्री कहा जा सकता है? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, मुद्दों का समाधान चर्चा के जरिए किया जा सकता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा लेकिन वे (भाजपा) लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। खरगे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों के कार्यकालों के विपरीत मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक शिष्टाचार नहीं है।

# कुकी उग्रवादियों ने महिला किसानों पर हमला किया

इम्फाल, एजेंसी

- हमले में महार रेजिमेंट का एक जवान घायल हो गया

मणिपुर के इम्फाल ईस्ट के सानासाबी लंपाक में रविवार को कुकी उग्रवादियों ने महिला किसानों पर हमला किया जिसमें महार रेजिमेंट का एक जवान घायल हो गया। उग्रवादियों ने महिला किसानों पर शक्तिशाली बमों से हमला किया। महिलाएं वहां से हट गईं और मणिपुर पुलिस और महार रेजिमेंट की संयुक्त टीम ने वहां पहुंचकर उग्रवादियों का सामना किया। इस दौरान के एक जवान को बाएं हाथ में गोली लगी। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच करीब 17 महीनों से चल रहे साम्प्रदायिक हिंसा के बाद, जिसमें 230 से अधिक लोगों की मौत हुई है, एक और हमला हुआ है। शनिवार को बिष्णुपुर के सैतोन इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों ने किसानों पर गोली चलाई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

लखनऊ/मुंबई, एजेंसी

- बहराइच के नानपारा से पकड़ा गया, चार अन्य भी धरे गए

उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और मुंबई अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में कथित मुख्य शूटर और चार अन्य को बहराइच जिले के नानपारा से गिरफ्तार कर लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उप्र पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था व एसटीएफ) अमिताभ यश ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शूटर शिवकुमार को एसटीएफ उत्तर प्रदेश व मुंबई अपराध शाखा की संयुक्त कार्यवाही में आज बहराइच जिले के नानपारा से गिरफ्तार किया गया है। यश ने बताया कि अभियुक्त शिवकुमार नेपाल भागने की फिराक में था। एडीजी यश ने बताया कि शिवकुमार को शरण देने व नेपाल भागने में मदद करने के आरोप में अनुराग कश्यप, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव व अखिलेंद्र प्रताप सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि उन्होंने सिद्दीकी की हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश से शूटर और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया है तथा तीनों को मुंबई लाया जा रहा है। कैसरगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनिल कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया था कि शिवकुमार उर्फ शिवा कुछ साल पहले मजदूरी करने महाराष्ट्र गया था।

# आईपीएस अधिकारियों को धमका रहे जगन : पवन

गुंटूर, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने रविवार को आरोप लगाया कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी आईपीएस अधिकारियों को धमका रहे हैं। उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि अगर पुलिस अधिकारियों को कोई नुकसान पहुंचता है तो राज्य सरकार कार्रवाई करेगी।

उपमुख्यमंत्री की यह टिप्पणी जगन रेड्डी के हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि भविष्य की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार विपक्षी पार्टी के सदस्यों को कथित रूप से परेशान करने वाले पुलिस अधिकारियों को नहीं बख्शेगी। कल्याण ने संवाददाताओं से कहा, पूर्व मुख्यमंत्री पुलिस अधिकारियों को धमका रहे हैं... मैं कह रहा हूं, अगर कोई भी अधिकारियों को ऐसी धमकियां देता है और अगर उन्हें खरोंच भी आती है, तो इसके लिए आप (जगन) जिम्मेदार होंगे।

# घर पर खिताब बरकरार रखने उतरेगी भारतीय टीम

राजगीर (बिहार), एजेंसी

पूरे साल खराब फॉर्म से जूझती रही भारतीय महिला हॉकी टीम नये ओलंपिक सत्र की शुरूआत अपनी धरती पर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) खिताब जीतकर करना चाहेगी और सोमवार को उसका पहला मुकाबला निचली रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम से होगा।

भारत ने अब तक सात बार हुए टूर्नामेंट में से सिंगापुर (2016) और रांची (2023) में खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम ने इस साल एफआईएच प्रो लीग में 16 में से 13 मैच गंवाए और सिर्फ दो जीते जबकि एक ड्रॉ रहा। भारत ने सलीमा टेटे की कप्तानी में मिली जुली टीम उतारी है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं। स्ट्राइकर नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। भारत को मौजूदा ओलंपिक रजत विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड से चुनौती मिलेगी।

भारतीय डिफेंस की कमान उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के हाथ में होगी। मिडफील्ड में कप्तान टेटे के अलावा नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिटा टोप्पो और लालरेम्सियामी जिम्मा संभालेंगी। फॉरवर्ड पंक्ति में नवनीत, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग पर जिम्मेदारी होगी। गोलकीपिंग में पूर्व कप्तान सविता और युवा बिछू देवी खारीबम पर नजरें रहेंगी। सोमवार को बाकी मैचों में जापान का सामना दक्षिण कोरिया से और चीन की टक्कर थाईलैंड से होगी। अब दिन का पहला मैच 12.15 पर, दूसरा 2.30 और आखिरी 4.45 पर खेला जाएगा।



• महिला एसीटी हॉकी का पहला मुकाबला मलेशिया के खिलाफ शाम को खेलेगा भारत

### बिहार में हॉकी होने का बरसों पुराना सपना सच : हरेंद्र

**राजगीर (बिहार)।** अपनी जन्मभूमि बिहार में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी के आयोजन से भावुक हुए भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि उनका बरसों पुराना सपना सच हो गया है। बिहार के छपरा में जन्में हरेंद्र भारतीय पुरूष टीम, महिला टीम, विश्व कप 2016 विजेता जूनियर टीम के कोच भी रहे। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र तीन साल तक अमेरिकी पुरूष टीम के कोच रहने के बाद इस साल अप्रैल में फिर भारतीय महिला टीम के कोच बने। राजगीर में शुरू हो रही एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पूर्व उन्होंने कहा बहुत कम कोचों को अपनी जन्मभूमि पर इस तरह के टूर्नामेंट में भाग लेने का मौका मिलता है। जहां तक मुझे याद है स्वर्गीय एम के कौशिक सर (हरियाणा) और भास्करन वासुदेवन सर (तमिलनाडु) को यह मौका मिला।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर वनडे श्रृंखला जीती

पर्थ, एजेंसी

पाकिस्तान ने रविवार को यहां निर्णायक तीसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में आठ विकेट की जीत से 2002 के बाद ऑस्ट्रेलिया पर 50 ओवर की श्रृंखला में पहली जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया का कमजोर बल्लेबाजी लाइन अप पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के आगे 31.5 ओवर में 140 रन पर सिमट गया।

घरेलू टीम कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और मार्नस लाबुशेन के बिना खेल रही थी। इन सभी को भारत के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले मैच की तैयारियों के लिए आराम दिया गया था। सईम अयूब (42 रन) और अब्दुल्ला शफीक (37 रन) ने फिर पहले विकेट के लिए 84 रन की शानदार साझेदारी निभाकर मजबूत नींव रखी। पर दोनों एक ही ओवर में लांस मौरिस का शिकार हुए। फिर बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान को यह महत्वपूर्ण जीत दिलायी। इस जोड़ी ने 58 रन की नाबाद साझेदारी निभायी और बाबर ने 27वें ओवर में एडम जम्पा पर चौका जड़कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने 139 गेंद रहते दो विकेट पर 143 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पहले मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की थी जिसके बाद पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने श्रृंखला में दबदबा बनाया। पाकिस्तान ने एडिलेड में दूसरे वनडे में नौ विकेट की जीत से श्रृंखला बराबर की जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम हारिस रऊफ के पांच विकेट से 163 रन पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट झटके। शाहीन ने 32 रन देकर तीन, नसीम ने 34 रन देकर तीन विकेट और रऊफ ने सात ओवर में 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए।



वनडे श्रृंखला जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती पाकिस्तान टीम। • एजेंसी

• 2002 के बाद पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में जीती वनडे श्रृंखला, आठ विकेट से जीता मुकाबला

## खेल डायरी

### पूर्व दिग्गज पोलो खिलाड़ी एचएस सोढ़ी का निधन

**नइ दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज पोलो खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता हरिंदर सिंह सोढ़ी का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण शनिवार देर रात को निधन हो गया है। वह 86 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। अपने शानदार करियर में उन्होंने पांच से अधिक गोल का हैंडीकैप हासिल किया था। पोलो जगत में वह बिली सोढ़ी के नाम से लोकप्रिय थे। सोढ़ी को दिग्गज हनुत सिंह, सवाई मान सिंह (जयपुर के महाराजा) और बाद में उनके बेटे भवानी सिंह के साथ पोलो खेलने का अनुभव था। उनके छोटे भाई प्रसिद्ध पोलो खिलाड़ी रविंदर सिंह सोढ़ी भी अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। वह 1980 के मॉस्को ओलंपिक के दौरान भारतीय घुड़सवारी टीम के मैनेजर थे।

### अनाहत ने जीता एनएसडब्ल्यू ओपन एकल स्क्वैश खिताब

**सिडनी।** भारत की अनाहत सिंह ने रविवार को एनएसडब्ल्यू ओपन 2024 स्क्वैश टूर्नामेंट में महिला एकल स्पर्धा जीतकर वर्ष का अपना सातवां पीएसए चैलेंजर खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में खेले गये टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने फाइनल में हांगकांग चीन की गैर-वरीयता प्राप्त 15 वर्षीय हेलेन टैंग को 3-1 (8-11, 11-6, 11-3, 11-4) से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में अनाहत ने हांगकांग चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त वोंग पो यूई क्रिस्टी को 3-1 (11-7, 8-11, 11-9, 11-8) से हराया था। भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को 3-1 (9-11, 11-4, 11-7, 11-7) से शिकस्त दी थी। अनाहत सिंह को स्क्वैश टूर्नामेंट में उनकी उच्च वरीयता के कारण पहले राउंड में बाई मिली थी और दूसरे राउंड में उन्होंने जापान की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी कुरुमी ताकाहाशी को शिकस्त दी थी।

### हरियाणा के यशवर्धन ने बनाया रिकॉर्ड चौहरा शतक

**गुरुग्राम।** हरियाणा के सलामी बल्लेबाज यशवर्धन दलाल ने अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई के खिलाफ रिकॉर्ड (नाबाद 426) रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। इसी के साथ वह टूर्नामेंट के इतिहास में चौहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज हैं। मुंबई ने टॉस जीतकर सुल्तानपुर हरियाणा के गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। यशवर्धन की शानदार पारी के दम पर हरियाणा ने तीसरे दिन रविवार सुबह आठ विकेट पर 742 रनों पर पारी घोषित कर दी। यशवर्धन 426 रन नाबाद बनाकर पवेलियन लौटे। यशवर्धन ने इस पारी के साथ उत्तर प्रदेश के समीर रिजवी का पिछले सत्र में 312 रनों की बेहतरीन पारी का रिकार्ड भी तोड़ दिया। पिछले दो मैचों में मध्य प्रदेश के खिलाफ चार और झारखंड के खिलाफ 23 और 67 रन बनाने वाले यशवर्धन को इस मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजा गया था और उन्होंने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए अर्श रांगा के साथ पहले विकेट के लिए 410 रन की साझेदारी की। रांगा ने भी 151 रनों की पारी खेली। यशवर्धन ने अपनी इस मैराथन पारी में 463 गेंद में 46 चौके और 12 छक्के लगाए हैं। यशवर्धन ने दिसंबर 2021 में अंडर-16 लीग मैच में 237 रन की पारी खेली थी। उस मैच में हरियाणा ने 40 ओवर के मैच में 452 रन बनाए थे।

### हरिद्वार को मिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का तोहफा

**हरिद्वार।** उत्तराखंड की तीर्थ नगरी हरिद्वार को अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात मिलने जा रही है। दरअसल हरिद्वार में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। इस स्टेडियम में जहां राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकेंगी वहीं यहां पर डे एंड नाइट क्रिकेट मैच की भी सुविधा उपलब्ध होगी। जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के मानकों के अनुसार फ्लड लाइटें लगाई गई हैं। हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल कुमार सिंह का कहना है कि इस क्रिकेट स्टेडियम को बनाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उसके बावजूद हरिद्वार के युवाओं के भविष्य को देखते हुए इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया है जिसमें वह सभी सुविधाएं उपलब्ध है जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होती हैं। भविष्य में इसमें और सुधार करके इसका उच्चीकरण भी किया जाएगा।

# दूसरे टी-20 में लड़खड़ाया भारत

## दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने बिखरे बल्लेबाज, हार्दिक ने पहुंचाया 124 तक

गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



दूसरे टी-20 में भी नहीं चला अभिषेक शर्मा का बल्ला 4 रन बनाकर लौटे पवेलियन। >>

हार्दिक पंड्या (नाबाद 39), अक्षर पटेल (27) और तिलक वर्मा (20) रनों की पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दूसरे टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 125 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां सेंट जॉर्ज्स पार्क कबेखा में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। संजू सैमसन (शून्य), अभिषेक शर्मा (चार) और सूर्यकुमार यादव (चार) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आखिरी तक रन बनाने के लिए तिलक और अक्षर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। तिलक ने 20 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए (20) रन बनाये। अक्षर पटेल ने 21 गेंदों में 27 रनों की पारी खेली। रिंकू सिंह (9) रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक ने नाबाद 39 रन बनाए। अर्शदीप सिंह सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 124 रन का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से यानसन, कोएत्जी, सिमेलाने, मारक्रम और पीटर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




<< पारी के दौरान शॉट लगाते हार्दिक पांड्या।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | 124/6 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| संजू सैमसन बो यानसेन | 0 | 3 | 0/0 |
| अभिषेक कैच यानसेन बो कोएत्जी | 4 | 5 | 1/0 |
| सर्यकुमार पगबाधा बो सिमेलाने | 4 | 9 | 0/0 |
| तिलक वर्मा कैच मिलर बो मारक्रम | 20 | 20 | 1/1 |
| अक्षर पटेल रन आउट (पीटर) | 27 | 21 | 4/0 |
| हार्दिक पांड्या नाबाद | 39 | 45 | 3/1 |
| रिंकू सिंह कैच कोएत्जी बो पीटर | 9 | 11 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 7 | 6 | 0/1 |

अतिरिक्त : 14, गेंदबाजी : यानसेन 4-1-25-1, कोएत्जी 4-0-25-1, सिमेलाने 3-0-20-1, केशव 4-0-24-0, मारक्रम 1-0-4-1, पीटर 4-0-20-1

# बुमराह के लिए शायद सबसे मुश्किल काम होगा कप्तानी : पोंटिंग

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का कहना है कि अगर रोहित शर्मा पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती टेस्ट में नहीं खेल पाते हैं तो जसप्रीत बुमराह को भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने के साथ टीम की अगुआई की दोहरी जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।



• पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बोले- शुरूआती टेस्ट में रोहित के न होने से जसप्रीत पर होगी दोहरी जिम्मेदारी

पोंटिंग ने हालांकि कहा कि इस तेज गेंदबाज के लिए कप्तानी करना मुश्किल काम होगा। रोहित के पहले टेस्ट में खेलने को लेकर संदेह बना हुआ है जो 22 नवंबर से ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा। हाल में कप्तान ने खुद स्वीकार किया था कि वह अपनी भागीदारी को लेकर निश्चित नहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के रिव्यू पॉडकास्ट के दौरान बुमराह के बारे में पोंटिंग ने कहा हां, कप्तानी शायद उनके लिए सबसे मुश्किल काम है। मुझे लगता है कि पैट कमिंस के लिए भी यह हमेशा सवाल रहा था जब वह ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान बने थे। वह खुद कितनी गेंदबाजी करता है? वह खुद बहुत ज्यादा गेंदबाजी करेगा? क्या वह ज्यादा गेंदबाजी नहीं करेगा? पोंटिंग ने कहा लेकिन जसप्रीत जैसा अनुभवी खिलाड़ी उस समय को समझेगा जब उसे गेंदबाजी करने की जरूरत है। अगर रोहित मैच में नहीं खेलते हैं तो टीम की अगुआई की जिम्मेदारी उप-कप्तान बुमराह पर होगी।

# टेस्ट टीम में शामिल हुए इंग्लिस और मैकस्वीनी

**सिडनी।** भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में नाथन मैकस्वीनी पहली बार उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे जबकि जोश इंग्लिस को भी पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में इन दो नए चेहरों को जगह दी है। मैकस्वीनी के चयन की पैरवी डेविड वॉर्नर और रिकी पोंटिंग ने की थी। उन्हें मार्कस हैरिस, कैमरन बेनक्राफ्ट और सैम कोंस्टास पर तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा हम नाथन के खेल से काफी उत्साहित हैं। पिछले डेढ़ साल में उसके खेल में काफी परिपक्वता आई है। टेस्ट उसे रास आएगा क्योंकि वह बहुत स्थिर भाव से खेलता है। मैकस्वीनी ने पिछले कुछ साल में शेफील्ड में लगातार प्रदर्शन किया है और भारत के खिलाफ ए टीम के मुकाबले में कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर भी प्रभावित किया।

# अटलांटा युनाइटेड से हराकर इंटर मियामी प्लेआफ से बाहर

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी

एमएलएस कप

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की इंटर मियामी टीम को शुरूआती चरण में ही एमएलएस कप से बाहर करके अटलांटा युनाइटेड ने बड़ा उलटफेर कर दिया।

जमाल थियरे के दो गोल और बर्टोज स्लाइज के 76वें मिनट में लगाए गए हेडर के दम पर अटलांटा ने बीती रात इंटर मियामी को 3-2 से हराकर एमएलएस कप प्लेआफ पहले दौर का बेस्ट आफ थ्री मुकाबला जीता। आखिरी मिनटों में मेस्सी की दो फ्री किक बेकार गई। उन्होंने 65वें मिनट में हेडर पर बराबरी का गोल दागकर स्कोर 2-2 जरूर किया था लेकिन मेजबान टीम कभी बढ़त नहीं बना सकी। कागजों पर इससे बड़ा उलटफेर नहीं हो सकता। इंटर मियामी ने मेस्सी के लिये इस सत्र में 20, 446,667 डॉलर मुआवजा दिया जो अटलांटा की टीम के वेतन से 50 लाख डॉलर ज्यादा है।



अटलांटा युनाइटेड के खिलाफ गेंद को गोल में दागते इंटर मियामी के मेस्सी >>

### भारत में सुधर रहा है फुटबॉल रेफरियों का स्तर : ट्रेवर केटल

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में खराब रेफरिंग लंबे समय से कई कोचों के लिए निराशा भरी रही है लेकिन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारी ट्रेवर केटल ने रविवार को दावा किया कि देश में रेफरियों के स्तर में सुधार हो रहा है। आईएसएल क्लबों के कई कोच, विशेषकर विदेशी कोच बीते वर्षों में शीर्ष टीयर लीग में रेफरिंग के खराब मानक के बारे में बात कर चुके हैं और यहां तक कि एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने भी कुछ महीने पहले इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की थी। हाल में केरला ब्लास्टर्स और हैदराबाद एफसी के बीच कुछ दिन पहले कोच्चि में रेफरिंग की दो विवादास्पद घटनाएं हुईं, लेकिन एआईएफएफ के मुख्य रेफरिंग अधिकारी (सीआरओ) से जब आईएसएल में रेफरियों के स्तर पर निराशा व्यक्त करने वाले कोच के संदर्भ में उनके विचार पूछे गये तो उन्होंने भारतीय रेफरियों द्वारा किए गए सुधार का जिक्र किया।

## बॉलीवुड हलचल

# रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को दिया खास तोहफा



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने फिल्म पुष्पा के अपने को-स्टार अल्लू अर्जुन को खास तोहफा दिया है। अल्लू अर्जुन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा सा पल साझा किया है, जिसमें उनकी फिल्म पुष्पा को-स्टार रश्मिका मंदाना का दिल छू लेने वाला जेस्टर देखने मिल रहा है। पुष्पा : द राइज में श्रीवल्ली के किरदार से मशहूर हुई रश्मिका ने अपने इस इमोशन से भरे अंदाज से फैंस का दिल जीत लिया है। अल्लू अर्जुन ने एक खूबसूरत नोट और प्यारे गिफ्ट की झलक शेयर की है, जो उन्हें रश्मिका से मिला है। अपने पोस्ट में उन्होंने रश्मिका को धन्यवाद देते हुए उनके इस जेस्टर की सराहना की है। उन्होंने इस तरह से यह भी बताया है कि उनके बीच ऑफ-स्क्रीन भी एक गहरी दोस्ती है। नोट में लिखा गया है, मेरी माँ ने कहा था कि किसी को चांदी का तोहफा देने से उसे सौभाग्य प्राप्त होता है। मुझे उम्मीद है कि यह छोटी सी चांदी और मिठाई आपके लिए और ज्यादा सौभाग्य, सकारात्मकता और प्यार लेकर आएगी। आपको और आपके खूबसूरत परिवार को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं लव, रश्मिका मंदाना। इसके जवाब में, अल्लू ने लिखा, थैंक यू डियर।

### द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री की आने वाली फिल्म द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू हो गई है। द दिल्ली फाइल्स के साथ, फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री अपना अगला प्रोजेक्ट लाने के लिए तैयार हैं, जिसे अभिषेक अग्रवाल निर्मित कर रहे हैं। जब से मेकर्स ने इस फिल्म की घोषणा की है, तब से दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है, और अब सभी को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्ममेकर ने जानकारी दी है कि उन्होंने द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर द दिल्ली फाइल्स के सेट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जो फिल्म की शूटिंग की शुरुआत को दिखाता है। इसमें टीम पूजा करती नजर आ रही है, साथ ही कोलकाता में विभाजन के समय को दर्शाने के लिए बनाए गए बड़े सेट की एक झलक भी देखने को मिलती है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा गया है शुभारम्भ आपके आशीर्वाद से आज #द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू हो गई। क्रू की सभी देवियों द्वारा पूजा की गई। हे मां कृपया हमें इस मुश्किल कहानी को पूरी ईमानदारी और निडरता से कहने का साहस दें। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने फिल्म के लिए गहरी रिसर्च की है। उन्होंने केरल से लेकर कोलकाता और दिल्ली तक यात्रा की और लोगों से मिलकर सारी जानकारी इकट्ठा की। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने इस फिल्म के लिए 100 से ज्यादा किताबें और 200 से ज्यादा लेख पढ़े, जो उनकी फिल्म की पटकथा को मजबूत बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने और उनकी टीम ने 20 राज्यों में यात्रा की और 7000 से ज्यादा रिसर्च पेजेज और 1000 से ज्यादा आर्काइव आर्टिकल्स की स्टडी की है, जो उनकी फिल्म को और भी प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। द कश्मीर फाइल्स के बाद, निर्माता अभिषेक ने एक बार फिर विवेक रंजन के साथ अभिषेक आर्ट्स और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन बैनर के तहत हाथ मिलाया है।




### आलिया को लेकर महिला प्रधान फिल्म बनाएंगे नाग

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक नाग अश्विन, बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को लेकर महिला प्रधान फिल्म बना सकते हैं। चर्चा है कि कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद नाग अश्विन अब महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रहे हैं। नाग अश्विन इस फिल्म के लिये आलिया भट्ट के संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म के लिये बिल्कुल फिट बैठती हैं। अश्विन और आलिया दोनों ही इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिलहाल इस फिल्म की कहानी को गुप्त रखा गया है। कहा जा रहा है कि नाग अश्विन ने एक शक्तिशाली महिला नेतृत्व पर केंद्रित एक स्क्रिप्ट तैयार की है। इस फिल्म को हैदराबाद स्थित प्रोडक्शन हाउस वैजयंती फिल्म्स द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।



# कोको गॉफ ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स एकल का खिताब



• ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को हराकर अमेरिकी खिलाड़ी ने जीता अपना पहला डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब

जीत के बाद ट्रॉफी के साथ कोको गॉफ ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न। >>

**रियाद।** विश्व की नंबर तीन अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने चीन की झेंग किनवेन को महिला एकल स्पर्धा में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता। सऊदी अरब के रियाद में खेले गये मुकाबले में कोको गॉफ ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को 3-6, 6-4, 7-6 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब अपने नाम किया। यह उनके करियर का पहला साल का आखिरी चैंपियनशिप खिताब है। गॉफ ने मैच की शुरुआत में झेंग थोड़ी घबराहट फायदा उठाते हुए शुरुआती गेम में चीन की स्टार खिलाड़ी की सर्विस तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन झेंग ने लय हासिल की और उसने आठवें गेम में गॉफ की सर्विस तोड़ी और फिर अगले गेम में सर्विस बचाकर पहला सेट 6-3 से जीता। दूसरे और तीसरे सेट में गॉफ संघर्षपूर्ण वापसी की और हार बाधा को पार करते हुए अपने करियर का नौवां डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब जीता। गॉफ ने दूसरा सेट 6-4 और तीसरा सेट करीबी संघर्ष में 7-6 से जीता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

